सूर्योदय 5:56 सूर्यास्त 6:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.6 न्यू | 23.2 अधि |
| धर्मशाला | 16.0 न्यू | 29.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75157.26 |
| निफ्टी | 22828.55 |
| सोना 93,000 | चांदी 97,100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 14 अप्रैल 2025 | 2 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 105, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




युवराज व सूर्यकुमार ने किया प्रोत्साहित: अभिषेक

पृष्ठ 14 पर

## आज का मैच




लखनऊ सुपर जायंट्स vs चेन्नई सुपर किंग्स

समयः रात 7:30 बजे (लखनऊ)

# सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवाद में गोद लेने का दस्तावेज किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के एक संपत्ति विवाद में एक पुराने गोदनामे को खारिज कर दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह बेटियों को उनके पिता की संपत्ति पाने के अधिकार से वंचित करने का एक सोचा-समझा कदम है।

**कहा- यह बेटियों को संपत्ति से वंचित करने की साजिश**



शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह गोदनामा जानबूझकर बनाया गया था, ताकि बेटियों को उनके पिता की संपत्ति में हिस्सेदारी से वंचित किया जा सके। यह मामला भुनेश्वर सिंह नाम के व्यक्ति की संपत्ति से जुड़ा है, जिनकी दो बेटियां शिव कुमारी देवी और हरमुनिया हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। एक व्यक्ति अशोक कुमार ने दावा किया कि उन्हें भुनेश्वर सिंह ने 1967 में गोद लिया था और इस आधार पर वह उनकी संपत्ति में अधिकार रखते हैं। उन्होंने गोदनामा और एक फोटो अदालत में पेश किया था। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी दावा खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हमने पूरी सुनवाई और दस्तावेजों को ध्यान से देखा और यह साफ है कि यह गोदनामा सिर्फ बेटियों को उनके हक से वंचित करने के लिए तैयार किया गया था। याचिकाकर्ता अशोक कुमार ने दावा किया था कि सिंह ने उन्हें उनके जैविक पिता सूबेदार सिंह से एक समारोह में गोद लिया था और अदालत के समक्ष इस दावे से संबंधित एक तस्वीर भी पेश की गई थी। अशोक ने भुनेश्वर सिंह की विरासत पर दावा किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता को विस्तार से सुनने और रिकॉर्ड में रखी गई सामग्री का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शिव कुमारी और उनकी बड़ी बहन हरमुनिया को उनके पिता की संपत्ति में कानूनी रूप से निहित अधिकार से वंचित करने के लिए एक सोची-समझी चाल के अलावा और कुछ नहीं था।

### 40 साल की देरी पर खेद

हाईकोर्ट ने यह भी माना था कि इस मामले में गोदनामे की वैधता तय करने में 40 साल से अधिक की देरी हुई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अदालत ने इसके लिए माफी मांगी।

### गोदनामे के लिए पत्नी की सहमति जरूरी

**गोद** लेने की प्रक्रिया में पत्नी की सहमति अनिवार्य होती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। गोद लेने की तारीख थी 9 अगस्त 1967, लेकिन गोदनामे में पत्नी की न तो सहमति थी, न ही हस्ताक्षर, और न ही वह गोद लेने की रस्म में शामिल थीं। हाईकोर्ट ने भी माना कि गोद लेने की प्रक्रिया में जरूरी कानूनी नियमों का पालन नहीं हुआ। अदालत ने यह भी कहा कि एक गवाह ने भी गोद लेने की रस्म की तस्वीरों में मां को पहचानने से इनकार किया। इससे साफ होता है कि गोदनामे में पत्नी की सहमति नहीं थी।

### क्या है कानून?

हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के तहत यदि कोई पुरुष बच्चा गोद लेता है, तो उसकी पत्नी की सहमति अनिवार्य है। गोद लेने की वास्तविक रस्म यानी 'देने और लेने' का प्रमाण होना चाहिए, सिर्फ फोटो या कथन से गोदनामा साबित नहीं होता। इस मामले में न तो सहमति थी, न रस्म का स्पष्ट प्रमाण। इसलिए गोदनामा अवैध माना गया।

### गोदनामा कानूनी रूप से अमान्य, खारिज करना सही फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कहा कि हम जानते हैं कि ग्रामीण इलाकों में बेटियों को संपत्ति से बाहर करने के लिए इस तरह की गोद लेने की चालें चलती हैं। यह एक आम तरीका है बेटियों को उनका हक न देने का। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गोदनामा कानूनी रूप से अमान्य है और इसे खारिज करना बिलकुल सही फैसला है। इलाहाबाद हाईकोर्ट और पहले राजस्व बोर्ड ने जो फैसला दिया था, वह पूरी तरह से विधिसंगत है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मंडी में लगे भूकंप के झटके, 3.4 रही तीव्रता

**मंडी।** मंडी जिले में रविवार सुबह 9.18 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र सुंदरनगर का जयदेवी क्षेत्र था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 7 किलोमीटर नीचे था। भूकंप से जनहानि या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। वहीं, मध्य म्यांमार के छोटे से शहर मीकटिला के निकट रविवार सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। यह भूकंप ऐसे समय में आया है, जब म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद राहत कार्य में जुटा है।

### पीएम मोदी आज हरियाणा में करेंगे करोड़ों के लोकार्पण

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा में करोड़ों रुपए के लोकार्पण करेंगे। पीएम रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन और हिसार एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। वहीं, पूरे क्षेत्र को रेड जोन घोषित किया है। मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। पाबंदी पीएम के आने से चार घंटे पहले व पीएम के जाने के दो घंटे बाद तक रहेगी। पीएम की रैली को लेकर 13 अप्रैल की शाम सात बजे से 14 अप्रैल की शाम सात बजे तक यमुनानगर व जगाधरी शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

### कांग्रेस नेता कन्हैया के खिलाफ शिकायत दर्ज

**पटना।** भाजपा ने रविवार को कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया कि कन्हैया ने हाल ही में एक टीवी साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। बिहार में भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाली थाने जाकर शिकायत दी। इकबाल ने पुलिस से टिप्पणी को लेकर कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया।

### जयपुर में भीषण सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर जिले में मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर रविवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाओं सहित 12 महीने का बच्चा भी शामिल है। लखनऊ का यह परिवार खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था। हादसा नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस समय हुआ, जब एक कार और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राज मार्ग पर बस हादसा, 31 घायल -पेज 3
हिमाचल में होगी 6297 प्री-प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती -पेज 6
रूस ने यूक्रेन के सुमी शहर पर दागीं मिसाइलें, 21 से अधिक की मौत -पेज 13
राहुल द्रविड़ को व्हील चेयर पर देख मिलने पहुंचे विराट -पेज 14

# आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, आठ की मौत

## सात लोग घायल, मुख्यमंत्री ने दिया जांच का आदेश

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

**आंध्र** प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में मरने वाले श्रमिकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। सात अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह दुर्घटना दोपहर करीब 12:45 बजे हुई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज जारी है।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने भी घटनास्थल पर पुलिस की मदद की। राज्य की गृह मंत्री वी. अनिता ने इस अग्निकांड में दो महिलाओं सहित कुल आठ लोगों की मौत पर दुख जताया है।

**चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर जताया दुख**

उन्होंने कहा कि घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई जाए। मुख्यमंत्री ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और राज्य की गृह मंत्री अनिता से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घटना की गहन जांच कर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि घायल श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है।

### आधा किलोमीटर दूर तक गिरा मलबा

**मलबा** हवा में उड़कर करीब आधा किलोमीटर दूर तक जा गिरा। वहीं अब तक करीब 20 श्रमिकों का रेस्क्यू कर लिया गया है। गौरतलब है कि हादसे के समय फैक्टरी में 30 से अधिक मजदूर काम कर रहे थे। फिलहाल मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने 70 अध्यापकों को सिंगापुर शैक्षणिक यात्रा पर किया रवाना, बोले-

# हिमाचल जल्द बनेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को प्रदेश के 70 शिक्षकों को सिंगापुर की शैक्षणिक यात्रा पर रवाना किया। सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।




उन्होंने शिक्षकों को वैश्विक अनुभव दिलवाने की पहल अग्रणी है। शिक्षकों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार ने सिंगापुर की प्रिंसिपल्स अकादमी के साथ ऐतिहासिक करार किया है। इससे शिक्षकों के ज्ञान, कौशल और शिक्षण विधियों में अभूतपूर्व सुधार होगा। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा और प्रदेश की शिक्षा प्रणाली अधिक समावेशी, प्रभावी और आधुनिक बनेगी।

हिमाचल प्रदेश वर्ष 2032 तक देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाला देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा। एनुअल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन की ओर से जनवरी, 2025 में जारी रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश के बच्चों के पढ़ने का स्तर पूरे देश में सबसे बेहतर आंका गया है। इस रिपोर्ट के अधिकांश मापदंडों में हिमाचल स्कूली शिक्षा में देशभर में श्रेष्ठ राज्य रहा है। राज्य स्तर पर किए गए सर्वे में भी बच्चों के शिक्षण स्तर में बेहतरी देखी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में बदलाव लाने की आवश्यकता है। पाठ्यक्रम में सामान्य ज्ञान विषय आरंभ किया जाना चाहिए।

### शिक्षा प्रणाली में आएंगे बदलाव: रोहित ठाकुर

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि अब तक प्रदेश सरकार की ओर से 267 शिक्षकों को सिंगापुर भेजा जा चुका है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। यह कोई साधारण यात्रा नहीं है, बल्कि हिमाचल सरकार की शिक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा देने की ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण देने से शिक्षा प्रणाली में मौलिक बदलाव आएंगे।

### स्टूडेंट्स के दाखिले में कमी पर होगा अध्ययन

**सुक्खू** ने कहा कि प्रदेश में ऐसी शिक्षा नीति बनाई जाएगी, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव की प्रक्रिया के साथ-साथ गुणात्मक शिक्षा के लिए भी अभिनव पहल और तबादला प्रक्रिया में सकारात्मक बदलाव किए जा रहे हैं। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में सबसे योग्य शिक्षक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है, इसका अध्ययन किया जाएगा।

# मनरेगा योजना में सुधार की जरूरत, संसदीय समिति ने की स्वतंत्र सर्वेक्षण कराने की सिफारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**महात्मा** गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में सुधार की जरूरत है।

संसदीय समिति ने योजना का स्वतंत्र सर्वेक्षण कराने की सिफारिश की है। ग्रामीण विकास और पंचायतीराज संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने योजना के तहत कार्य दिवस की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 करने और मजदूरी को बढ़ाकर कम से कम 400 रुपए प्रतिदिन करने के लिए भी कहा है। कांग्रेस सांसद सप्तगिरि शंकर उलाका की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा ने बजट आवंटन पर चिंता जताई और सोशल ऑडिट कराने पर भी जोर दिया।

### शेख हसीना और उनकी बहन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश की अदालत ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

# तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लेगी एनआईए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**तहव्वुर** राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल ले सकती है। एनआईए पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश (इंस्ट्रक्शन) दे रहा था।

वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर एनआईए कोर्ट जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को एनआईए की पूछताछ में एक 'कर्मचारी बी' का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईए राणा और 'कर्मचारी बी' को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। एजेंसी के मुताबिक 'कर्मचारी बी' को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट, ठहरने की जगह और ऑफिस की व्यवस्था करता था। डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। 10 अप्रैल को तहव्वुर को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था।

# अमेरिका में रह रहे अवैध विदेशी नागरिकों के लिए नया नियम लागू

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** में विदेशी नागरिकों के लिए ट्रंप सरकार ने नया नियम लागू किया है। नए नियम के मुताबिक, अमेरिका में 30 दिनों से अधिक समय से रह रहे विदेशी नागरिकों को खुद को रजिस्टर करवाना होगा, अगर वे ऐसा करने में नाकाम रहते हैं, तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है या फिर जेल की हवा खानी पड़ सकती है।

**ट्रंप का आदेश, 30 दिनों से ज्यादा समय से रह रहे नागरिकों को कराना होगा रजिस्ट्रेशन**

इसके साथ ही उन्हें देश से डिपोर्ट भी किया जा सकता है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने नया आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक 30 दिनों से अधिक समय से अमेरिका में रहने वाले विदेशी नागरिकों को फेडरल गवर्नमेंट के अंतर्गत खुद को रजिस्टर करवाना होगा। ऐसा न करने पर इसे एक अपराध माना जाएगा।

### अमेरिका नहीं छोड़ने पर लगेगा प्रतिदिन के हिसाब से 998 डॉलर का जुर्माना

**राष्ट्रपति** ट्रंप का साफ संदेश है कि जो भी अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं वे या तो खुद ही देश से निकल जाएं या खुद को डिपोर्ट कर लें। होमलैंड सिक्योरिटी ने 'एक्स' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम को टैग करते हुए पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि अगर आपको अंतिम निष्कासन का आदेश मिल गया है और उसके बाद भी आप अमेरिका नहीं छोड़ते हैं, तो आपको प्रतिदिन के हिसाब से 998 डॉलर का जुर्माना देना होगा। अमेरिका से खुद को डिपोर्ट करने में फेल होने पर 1000 से 5000 डॉलर के बीच जुर्माना चुकाना होगा या फिर जेल भी जाना पड़ सकता है।

## पंजाब में आईएसआई की बड़ी साजिश नाकाम

# फिरोजपुर में आईईडी के साथ आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, फिरोजपुर**

**पंजाब** में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया है। फिरोजपुर क्षेत्र में आरडीएक्स युक्त आईईडी बरामद होने के बाद आतंकी मॉडयूल के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

यह आतंकी मॉड्यूल विदेश से संचालित हो रहा था और इसका मकसद राज्य में शांति भंग करना था। गिरफ्तार दोनों आरोपी एक कुख्यात नेटवर्क से जुड़े हैं, जो देश के दुश्मनों के इशारों पर काम कर रहा थे। इस खुलासे के बाद राज्य की सुरक्षा एजेंसियां और सतर्क हो गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह के रूप में हुई है। इन पर आरोप है कि ये दोनों जर्मनी में बैठे एक व्यक्ति के निर्देशों पर काम कर रहे थे। दोनों आरोपियों के पास से 1.6 किलोग्राम आरडीएक्स और 2.8 किलोग्राम आईईडी बरामद हुआ है, जिसे रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जा सकता था। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि वे जर्मनी में रहने वाले गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों की ओर से संचालित आतंकी मॉड्यूल के प्रमुख सदस्य हैं।

**कवायद** | हिमाचल सरकार की पहल पर केंद्र ने शुरू की तैयारी, तलाशी जा रही संभावनाएं

# हिमाचल में हरित ऊर्जा से चलेंगी रेललाइनें

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

**हिमाचल** प्रदेश में केंद्र सरकार ऐतिहासिक रेललाइनों को हरित ऊर्जा से चलने वाले मार्ग में बदलाव की संभावनाएं तलाश रही है।

इन संभावनाओं में पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जा रहा है। प्रदूषण मुक्त सोच पर तेजी से काम करते हुए इसे विभिन्न तकनीकी पहलुओं के तहत धरातल पर उतारने की तैयारी चल रही है। 31 मार्च, 2026 तक प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

**31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य**

जानकारी के अनुसार, कालका-शिमला रेलवे हिमाचल में एक नैरो-गेज रेलवे है और कालका से शिमला तक ज्यादातर पहाड़ी मार्ग से होकर ट्रेनें गुजरती हैं। 8 जुलाई 2008 को यूनेस्को ने कालका-शिमला रेलवे को भारत के पर्वतीय रेलमार्गों की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया। सुक्खू सरकार राज्य को हरित ऊर्जा राज्य में बदलने के लिए छह आयामी रणनीति पर काम कर रही है। यह रणनीतिक बदलाव टिकाऊ ऊर्जा की ओर एक निष्पक्ष और न्यायसंगत बदलाव सुनिश्चित करेगा और साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।

वर्तमान में हिमाचल 1,500 मिलियन यूनिट (एमयू) की बिजली खपत को हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय स्रोतों से बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में राज्य 13,500 एमयू बिजली की खपत करता है, जिसका एक बड़ा हिस्सा पहले से ही नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त होता है। बिजली वितरण नेटवर्क में 90 फीसदी नवीकरणीय ऊर्जा खपत हासिल करने से हिमाचल को देश के पूर्ण रूप से हरित राज्य के रूप में प्रमाणित किया जा सकेगा। वहीं, इंडिया आयल लिमिटेड के सहयोग से पहली सुविधा पर काम चल रहा है। वहीं, निजी निवेशकों के साथ भी चर्चा चल रही है। (अनंत ज्ञान)

### एक साल के भीतर हो सकेगा बदलाव


**यह** बदलाव एक साल के भीतर पूरा होने की उम्मीद है और इससे राज्य के उद्योगों को 'ईको मार्क' के लिए आवेदन करने की अनुमति भी मिलेगी, जिससे उनके उत्पादों का मूल्य बढ़ेगा।

### सौर उत्पादन पर दिया जोर

राज्य सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन पर भी जोर दे रही है, जिसकी योजना अगले चार से पांच साल में 2,000 मेगावॉट की क्षमता स्थापित करने की है। राज्य हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

### हिमाचल में 16 अप्रैल से फिर बदलेगा मौसम

**शिमला।** हिमाचल में फिलहाल मौसम साफ बना हुआ है। रविवार को अधिकांश जगह धूप खिली रही, लेकिन दो दिन बाद प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 16 अप्रैल से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा और राज्य में 19 अप्रैल तक मौसम खराब रहेगा। इस दौरान कई हिस्सों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। खासतौर पर 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में अंधड़ चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इन दो दिनों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। वहीं, राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### दियोटसिद्ध मंदिर में 12 लाख ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध बाल योगी बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में हर वर्ष की तरह 14 मार्च से शुरू हुए चैत्र मास के मेले का बैसाखी के दिन अधिकारिक रूप में मंदिर में हवन और पूजा-पाठ विधिवत संपन्न हो गया। एक मास तक चले इस मेले में संपूर्ण भारत के साथ-साथ विश्व के करीब 15 अन्य देशों में रहने वाले भारतीय मूल के 12 लाख से अधिक बाबा के परम भक्तों ने बाबा की पवित्र गुफा के दर्शन कर लाखों रुपए की विदेशी मुद्रा और करोड़ों रुपए की भारतीय मुद्रा तथा सोना,चांदी बाबा की सेवा में अर्पित किए। चैत्र मेले के आखिरी दिन रविवार को 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओंयों ने किए बाबा की पवित्र गुफा के दर्शन किए। चैत्र मेले के समापन पर रविवार होने के चलते शनिवार रात, रविवार सुबह से लेकर देर रात तक लगातार श्रद्धालु लंबी-लंबी लाइनों में बाबा की गुफा के दर्शनों को लगे रहे और करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा जी की गुफा में शीश नवाया और अपनी मन्नत चढाई तथा बाबा जी का आशीर्वाद लिया। मंदिर न्यास अध्यक्ष एवं एस.डी.एम.राजेंद्र गौतम ने बताया कि यद्यपि चैत्र मास के मेले का अधिकारिक रूप से समापन हो गया है , लेकिन श्रद्धालूयों की भीड़ आगामी कुछ दिनों तक निरंतर जारी रह सकती है।

### स्काउटिंग कर रही मानव भलाई के लिए कार्य



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** स्काउट्स एवं गाइड इकाई के स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा निरंतर स्काउटिंग के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए प्रयासरत रहते हैं और रविवार को इसी कड़ी में अपने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई और सभी दानी सज्जनों और संस्था के सहयोगी सदस्यों बलबीर सिंह, राजेश शर्मा शास्त्री, कृष्ण चंद , मनोज चौहान, रवि दत्त तथा गाइड कैप्टन कविता ठाकुर ने पंचायत अम्मन के प्यार सिंह को घर की मरम्मत के लिए 13500 रुपए मदद के रूप में दिए। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा का कहना है कि मानवता के लिए सेवा करने से बढ़कर और कोई भी पुण्य कार्य नहीं है। इस तरह स्काउटिंग के माध्यम से मानव भलाई के लिए निरंतर प्रयास से इस अभियान को जरूरतमंद आदमी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कोट में 400 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, जाहू।** ठाई माता मंदिर कोट में 15वें स्वास्थ्य निशुल्क जांच शिविर में लगभग 400 मरीजों के स्वस्थ्य की जांच की गई। बताते चलें कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 20 डॉक्टर विशेषज्ञों की टीम उपस्थित रही। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वेली राम, मेडिसन विशेषज्ञ डॉ. विजय सहगल, डॉ. राजेश भवानी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविन्ज कंदोरिया, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. दिनेश भारद्वाज, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. वृज शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता मित्तल, डॉ. भारद्वाज, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज ठाकुर, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. रमेश चौहान, डॉ. विवेक वनियाल, डॉ. मुकंद लाल, समान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. तेज सिंह चंदेल, डॉ. मनोहर लाल, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा, डॉ. मोहिंद्र, एक्स-रे विशेषज्ञ डॉ. नीरज मित्तल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय, डॉ. सूचेता शर्मा आदि डॉक्टर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सेवा समिति ठाई माता मंदिर कोट के कमेटी सदस्य विपिन भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ खून जांच, बीपी, शुगर, ईसीजी आदि की जांच भी निशुल्क की गई। उन्होंने बताया कि सुबह 8 से सायं 2 बजे तक पर्ची एवं पंजीकरण किया गया व रोगियों की जांच प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक की गई। इस अवसर पर सभी लोगों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन के धौलासिद्ध वेल बीइंग यूथ क्लब भोऊ द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी बलदेव चंद के द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्यतिथि ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया और क्लब के सदस्यों द्वारा इस तरह से किए जा रहे आयोजनों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। क्लब के प्रधान सोनू ने बताया कि इस बार भी क्लब द्वारा आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में हमीरपुर, ऊना, नादौन, चोड़ू, भोऊ की टीमों ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा विजेता टीम को 11000 ओर उपविजेता टीम को 8000 की इनाम राशि प्रदान की जाएगी।

### ललियार गांव में दंगल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजोत ग्राम पंचायत के ललियार गांव में रविवार को दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में काफी संख्या में पहलवानों ने भाग लिया। दंगल कमेटी के प्रधान हरवंश लाल शर्मा ने बताया कि इस दंगल में माली के विजेता पहलवान को कार भेंट की जाएगी। जाने-माने जस्सा पट्टी और प्रीतपाल जैसे पहलवानों ने भी दंगल में जोहर दिखाए।

### 1.21 अरब का लाभांश कमाने के बाद केसीसी बैंक की कर्मचारी यूनियन का आभार कार्यक्रम आयोजित

# खूब गर्माया बर्खास्त किए कर्मचारियों का मुद्दा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



एनपीए पर काबू पाने और 1.21 अरब का लाभांश कमाने के बाद केसीसी बैंक की कर्मचारी यूनियन ने आभार कार्यक्रम आयोजित किया।

इसमें मुख्यातिथि और बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के अलावा कई बैंक निदेशकों ने भी हिस्सा लिया, लेकिन इस कार्यक्रम की खास बात यह रही की हालही में बैंक प्रबंधन द्वारा बर्खास्त किए गए कर्मचारियों का मुद्दा भी खूब गर्माया और डायरेक्टर्स ने तो प्रबंधन को इस पर खरी-खोटी सुनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उनका कहना था कि बगैर किसी सुनवाई के कर्मचारियों को जिस तरीके से बर्खास्त करने के आदेश हुए हैं, ऐसी धक्केशाही नहीं चलेगी। बोर्ड की बैठक में इस पर पुनर्विचार होगा और ऐसे बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतिम फैसला बोर्ड की बैठक में लिया जाएगा। बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में सदस्यों को बताया कि उन्हें जो कुछ दिया जाना है, उसकी चिंता भी न करें बैंक प्रबंधन को सब मालूम है समय आने पर इनका निपटारा हो जाएगा, लेकिन उन्होंने कहा कि बैंक में पूरी निष्ठा लगन के साथ यूं ही लग रहें, जो लाभ बैंक कर्मचारियों की मेहनत के साथ अर्जित किया गया है उसके भागीदार उन कर्मचारियों या फिर उन बैंक शाखों को नहीं बनाया जाएगा, जिनका योगदान कुछ भी नहीं रहा है, वे लगातार घाटे में चल रही हैं। इस पर भी फैसला लेने का समय आ गया है। अध्यक्ष जब बोलने के लिए उठे तो उन्होंने कहा कि हम यहां आए तो गेट टू गेदर के लिए थे, लेकिन यहां तो मांगों का पिटारा खोल दिया गया। यह मौका सही नहीं था, इसे तो बैंक प्रबंधन की बैठक में भी रखा जा सकता था, लेकिन कोई बात नहीं, उनकी जो समस्याएं हैं उनका हमें ज्ञान है। सही समय आने पर इनका हल हो जाएगा।

बैंक के डायरेक्टर देशराज ठाकुर का कहना था कि जिस तरीके से प्रबंधन ने बगैर सुनवाई किए कर्मचारियों की बर्खास्तगी की है, वह किसी भी सूरत में न्यायोचित नहीं है। कर्मचारियों को उनकी गलती के लिए मौका मिलना चाहिए, उन्हें नोटिस दिया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बीओडी की बैठक में इस पर चर्चा होगी। अंतिम फैसला बीओडी ही करेगी। ऊना जिले से ताल्लुक रखने वाले एक अन्य डायरेक्टर ने भी प्रबंधन को खरी-खोटी सुनाई। जीएमकेसी भारद्वाज ने कहा कि बैंक को इस स्थिति में लाने के लिए कर्मचारियों का जो सहयोग रहा है, वह बहुमूल्य है। (अनंत ज्ञान)

### कैशलेस हेल्थ स्कीम लागू की जानी चाहिए

**बैंक** कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष पंकज धीमान ने कहा कि इस पर प्रबंधन पुनर्विचार करें और जो बर्खास्त किए गए हैं, उन्हें बहाल किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों की वकालत करते हुए कहा कि जो मानी गई हैं, उनके लिए आभार, लेकिन अभी कई और जायज मांगें भी मानने को हैं, और प्रबंधन इन्हें 3 महीनों के भीतर अमलीजामा पहना दें। उन्होंने कहा कि कैशलेस हेल्थ स्कीम लागू की जानी चाहिए 11 कर्मचारियों की मौत हुई है। उन्होंने 2019 से पेंडिंग चल रहे एरियर को देने की भी वकालत की।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बस्तियों में जाकर की जाएगी साफ-सफाई : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा की जिला इकाई की वर्चुअल बैठक जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पूर्व प्रत्याशियों ने भी हिस्सा लिया।

बैठक में बताया गया कि सभी मंडलों के अध्यक्ष व मंडल में प्रभारी के साथ-साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर 13 से 25 अप्रैल तक मंडल स्तरीय कार्यक्रम किए जा रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर कार्यक्रमों पर एक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला शनिवार को शिमला में संपन्न हुई। इसमें जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ जिले से इस कार्यक्रम के लिए संयोजक बनाए गए आदर्श कांत, सह संयोजक विनोद ठाकुर एवं राजेश सहगल ने भी उस कार्यशाला में हिस्सा लिया। आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा के साथ पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक को लेकर रविवार को जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने वर्चुअल माध्यम से बैठक की उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों से पूर्व के कार्यक्रमों के वृत्त लिए एवं आगामी कार्यक्रम जो आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बस्तियों में जाकर साफ-सफाई व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर 51 दीप जलाने का कार्यक्रम हर मंडल स्तर पर होना तय हुआ है।



जिला अध्यक्ष ने कहा कि 14 अप्रैल को प्रत्येक मंडल में व विधानसभा में डॉ. भीमराव की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्या रोपण कर एवं पुष्पांजलि कर दीप जलाकर एक बड़ा कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रदेश स्तर से वक्ताओं को नियुक्त किया गया है। सोमवार को भोरंज विधानसभा के अनु में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के साथ-साथ जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर कार्यक्रम में पहुंचेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इसमें प्रत्येक मंडल से 50-50 अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को इस अभियान के द्वारा जोड़ा जाएगा व 25 अप्रैल को जिला स्तरीय संगोष्ठी का कार्यक्रम हमीरपुर के बसंत रिजॉर्ट में रखा गया है।

# सामान हुआ सस्ता, लोगों ने जमकर मेले में की खरीददारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सुजानपुर में मेले के दौरान लगी हुई दुकानों के दुकानदारों का यहां से जाना जारी है। इस दौरान लोग मेला ग्राउंड में आकर खरीददारी कर रहे हैं। शनिवार और रविवार छुट्टी के दिन लोगों ने जमकर खरीददारी की।

दुकानदारों द्वारा रेट सस्ता होने की दलील देते हुए अपने सामान के रेट काफी हद तक गिरा दिए हैं। इसके चलते लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। रविवार को भी मेला ग्राउंड में लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। दुकानदार यहां से जाने से पहले अपने सामान का स्टॉक खत्म करना चाहते हैं इसलिए वह कम दामों में अपने स्टॉक बेच रहे हैं। उधर, ग्राहक भी रेट सस्ता होने का फायदा उठाकर जमकर खरीददारी कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला समाप्त हुए लंबा समय बीत गया है। दुकानदारों द्वारा यहां से जाना जारी है, लेकिन जाते-जाते अपना सामान बेचकर जा रहे हैं, जिसका फायदा ग्राहकों को मिल रहा है। प्रशासन द्वारा दुकानदारों को मेला ग्राउंड खाली करने को कहा जा चुका है। मेला ग्राउंड से बिजली और पानी के कनेक्शन काटे जा चुके हैं। सरकारी छुट्टी होने के चलते मेला ग्राउंड में लोगों ने जमकर खरीददारी कर रही हैं।

# सीएम आज करेंगे अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर हमीरपुर आ रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के मीडिया प्रभारी अंशुल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे हमीरपुर पहुंचेंगे और डीसी कार्यालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डीसी कार्यालय परिसर में ही बचत भवन के हॉल में आयोजित होने वाले अंबेडकर जयंती समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री के दौरे एवं अंबेडकर जयंती समारोह के लिए जिले के सभी कांग्रेसी नेता जोर-शोर से तैयारियों में जुट गए हैं। इसके लिए सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।






# बैसाखी पर हैप्सियनों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में बैसाखी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस मौके पर कक्षा एक से कक्षा 8 तक के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इसमें 'मेरे देश की धरती तथा ओ जट्टा आई बैसाखी' प्रस्तुतियों को दर्शक दीर्घा में खूब सराहा गया। छात्रों को बैसाखी के महत्व की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्य शशि बाला ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्रों व अध्यापकों को बधाई दी।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए विधायक रणजीत का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** युवा कांग्रेस नेता उदय कुमार ने कहा कि सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह हमेशा क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के बारे में सोचते हैं, जब वे विधायक बने थे, तो उन्होंने क्षेत्र के सिविल अस्पताल सुजानपुर में विशेषज्ञ डॉक्टरों को लाने की बात कही थी। कई कठिनाइयां आईं, लेकिन विधायक कै. रणजीत ने प्रयास करना नहीं छोड़ा, जो आज तक नहीं वो अब हुआ है विधायक के प्रयास व मेहनत रंग लाई है। सुजानपुर अस्पताल में पांच विशेषज्ञों की नियुक्ति हुई है, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, आर्थो, नेत्र, सर्जन के विशेषज्ञ शामिल हैं। इन नियुक्तियों से सुजानपुर विधानसभा के साथ जयसिंहपुर विधानसभा के लोगों को भी सुविधा होगी।



# लोगों ने ब्यास नदी में रलियों का विसर्जन कर लगाई डुबकी



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन उपमंडल के प्राचीन शिव मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में बैसाखी पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया।

बैसाखी पर्व के दौरान इस प्राचीनत्तम मंदिर की वर्तमान समय में देख-रेख कर रही बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा बटाहली द्वारा विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें सभा के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के काफी लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान दूर-दूर से लोगों ने आकर मंदिर के पास बह रही ब्यास नदी में रलियों का विसर्जन किया एवं सैकड़ों लोगों ने ब्यास नदी में डुबकी लगाई एवं मंदिर में भगवान शिव की पूजा की। बैसाखी पर्व के अवसर पर पंचायत फस्टे के भरोबड़ में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

**बिल्लकलेश्वर सुधार सभा ने मंदिर में विश्व शांति के लिए किया महायज्ञ**

# डिपो संचालक समिति का अधिवेशन आज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में डिपो संचालक समिति हमीरपुर के टाउन हॉल में सोमवार को राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कर रही है, इसमें प्रदेश भर के डिपो सदस्य पहुंचेंगे। हालांकि, दावा तो यह किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू यहां पहुंचेंगे, लेकिन यदि वे नहीं आए तो विधायक सुरेश कुमार और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू भी पहुंच सकते हैं।

सत्ता के 2 साल के बाद डिपो संचालक समिति के सदस्य अपनी मांगों को लेकर इनदिनों गुस्से में हैं कारण यह है कि उनकी मांगें नहीं मानी जा रही हैं, जबकि कांग्रेस ने चुनावों के समय उनकी मांगों को माने जाने के लिए हामी भी भरी हुई है। यही वजह है कि डिपो संचालक समिति का यह प्रदेश स्तरीय सम्मेलन काफी अहम माना जा रहा है। इस सम्मेलन की मार्फत अपनी आगामी रणनीति भी तय करेंगे क्योंकि मौजूदा सरकार को सत्ता में आए हुए 2 साल से ज्यादा का समय हो चुका है।

डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि हमीरपुर से ताल्लुक रखते हैं। वे डिपो संचालकों की समस्याओं को भी बार-बार उठाते रहे हैं। उनकी बहुत सारी ऐसी समस्याएं हैं, जिनका निवारण नहीं हो रहा है। हमीरपुर के टाउन हॉल में सोमवार को होने वाले इस अधिवेशन में कोई निर्णायक फैसला भी होगा। वे मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन भी दे चुके हैं, उनकी मुख्य मांगों में डिपो धारकों और सहकारी सभाओं के मात्र चार फीसदी कमिश्नर को बढ़ाने की उनकी मांग पुरानी है, इसके अलावा 20000 पर मासिक वेतन देने और वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने का भी कांग्रेस ने भरोसा दिया था। इसके अलावा पोस मशीनों की सरवर समस्या, उनका इंटरनेट खर्चा ऐसी कई समस्याएं हैं, जिनका वह बार-बार जिक्र कर सरकार के ध्यान में ला चुके है। सरकार की भी इस पर नजरें हैं और डिपो धारक भी कुछ नया करने के मूड में दिख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### हर हाल में करना चाहिए समस्याओं का निपटारा



**उधर,** डिपो धारक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि का कहना है कि समस्याओं का निपटारा अब सरकार को हर हाल में कर देना चाहिए क्योंकि उनकी समस्याएं लगातार बड़ी हैं। सरकार ने वादा भी किया है और अब क्योंकि 2 साल सत्ता के हो गए हैं इनका निपटारा सरकार को हर हाल में करना चाहिए। इसी पर यह अधिवेशन हो रहा है।

**मांगों को लेकर सरकार को खड़ा कर सकते हैं कटघरे में**

**हमीरपुर के टाउन हॉल में होगा राज्य स्तरीय सम्मेलन**

# शिक्षा निदेशालय को शिमला से हमीरपुर करें तब्दील : महासंघ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल राजपत्रित कर्मचारी महासंघ की जिला इकाई के महासचिव सोमनाथ जगोता ने मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखकर शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर स्थानांतरित करने की चर्चाओं को बेहतर बताया है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा निदेशालयों का पुर्नगठन कर दो शिक्षा निदेशालय बनाने जा रही है इसलिए महासंघ के भी सुझाव में यह प्रयास प्रदेश के हित में रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा निदेशालय शिमला में स्थित है। शिमला हिमाचल की राजधानी होने के साथ-साथ एक भीड़-भाड़ वाली पर्यटन नगरी भी है यदि चार जिलों शिमला, सोलन, किन्नौर व सिरमौर को छोड़ दिया जाए, तो अन्य आठ जिलों के लिए शिमला दूरस्थ स्थान है, जबकि सबसे ज्यादा कर्मचारी (अध्यापक वर्ग व गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग) के इन चार जिलों को छोड़कर अन्य जिलों से हैं। हमीरपुर प्रदेश का मध्य स्थान है, जो कि सबके लिए उपयुक्त जगह है तथा आना-जाना भी समस्त कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक रहेगा यदि शिक्षा निदेशालय प्री प्राईमरी से 10+2 तक हमीरपुर में स्थापित किया जाता है, तो यह स्थान शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों के लिए उचित स्थान रहेगा।

प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से भी शिमला की अपेक्षा बहुत सुरक्षित स्थान है। इसमें सरकार यदि शीशे बाल जमा दो स्कूल हमीरपुर को कुछ समय के लिए रावमा पाठशाला (कन्या) हमीरपुर में शिफट कर दिया जाए, तो बाल स्कूल का उपयोग इसके लिए किया जा सकता है। बाल स्कूल में व्यवस्था भी बराबर है। हिमाचल कर्मचारी महासंघ के जिला महासचिव सोमनाथ जगोता का कहना है कि यदि इन तथ्यों के आधार पर शिक्षा निदेशालय को (प्री प्राईमरी से 10+2 तक) को जिला हमीरपुर के बाल हमीरपुर भवन में स्थानांतरित कर दिया जाया, तो बहुत फायदा होगा। (अनंत ज्ञान)

**हमीरपुर के दोनों स्कूल इकट्ठे हो सकते हैं, महासंघ ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी**

### कार्य | अमलैहड़ में आकार लेने लगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

# छात्रों को जल्द मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिले के अमलैहड़ इलाके में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के निर्माण का कार्य अब आधार लेने लगा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स को प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए इन स्कूलों का निर्माण करवा रहे हैं। अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन में इस स्कूल के निर्माण का कार्य अब रफ्तार पकड़ने लगा है। प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से एक 'राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल' के क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।



प्रदेश के लगभग एक दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण शुरू हो चुका है। यहां 25 करोड़ की लागत से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के प्रथम चरण का कार्य आरंभ कर दिया गया है। लगभग 125 कनाल भूमि पर बनने वाले इस संस्थान में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके परिसर में शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के लिए भी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस स्कूला के प्राइमरी विंग को एक साल के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए हैं, अब वह दिन दूर नहीं है, जब अमलैहड़ और इसके आसपास के गांवों के आम परिवारों के बच्चों को भी अपने स्कूल में वे सभी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जो कि आम तौर पर बड़े एवं महंगे पब्लिक स्कूलों में ही मिलती हैं।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्लासरूम हो या खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला ग्राउंड या फिर एनसीसी, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं, ये सभी प्रावधान राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल में किए जा रहे हैं। निश्चित रूप में आम परिवारों के बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ने का मौका मिलेगा।

### गति अवरोधक लगाने की लोगों ने उठाई मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन उपमंडल के स्थानीय विद्यालय के गेट के पास चौराहा होने के कारण इस स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि सड़क के बिलकुल किनारे पर स्कूल का गेट है, उस गेट से छुट्टी के समय स्कूल के बच्चों का आवगमन रहता है। स्कूल में छुट्टी के समय जिस तरह से बच्चे सड़क पर भागते हैं, इससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, जिसका मुख्य कारण बड़ा-सुजानपुर सड़क पर वाहनों की अधिक आवाजाही का होना है। स्कूल के गेट के पास वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए यहां किसी भी प्रकार के गति अवरोधक नहीं लगाए गए हैं, जबकि यहां तेज गति से आ रहे वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई गई, लेकिन आज तक किसी ने भी कोई तब्बजो नहीं दी। लोक निर्माण विभाग की इस नजरअंदाजगी के चलते रविवार सुबह एक बार फिर एक मोटर साइकल एवं कार की टक्कर से अप्रिय घटना घटित होने से बच गई। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से जल्द इस स्थान पर गति अवरोधक लगाने की मांग की। (अनंत ज्ञान)

# माता-पिता की सेवा, ईश्वर की सेवा के बराबर : पंडित



**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज उपमंडल के अंतर्गत कांगू घाटी में आयोजित 18वीं श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत समापन भावपूर्ण वातावरण में हुआ। यह धार्मिक आयोजन पूरे गांव की सहभागिता से संपन्न हुआ, जो सात दिन तक चला।

अंतिम दिन कथा वाचक पंडित रजीव शर्मा ने 'माता-पिता की सेवा' विषय पर गहराई से प्रकाश डाला। इस बार कमेटी द्वारा भागवत कथा सरिता देवी के घर में करवाई गई। उन्होंने श्रोताओं को बताया कि जैसे श्रीराम ने वनवास के समय पिता दशरथ की आज्ञा का पालन किया और जैसे श्रवण कुमार ने अपने अंधे माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर ले जाकर सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया, उसी तरह आज के युग में भी यदि हम अपने माता-पिता की सेवा करते हैं, तो वह ईश्वर की सेवा के बराबर मानी जाती है। पंडित ने कथा में उदाहरण देते हुए बताया, एक बार एक युवक ने अपने वृद्ध पिता को वृद्धाश्रम छोड़ दिया।

कुछ वर्षों बाद जब वह खुद असहाय हुआ, तो उसका पुत्र भी उसे वहीं पहुंचा आया इसलिए जीवन में जो हम करते हैं, वही लौटकर आता है। माता-पिता हमारे पहले गुरु होते हैं और उनका आशीर्वाद ही सच्ची सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रधान मनोहर लाल ने बताया कि यह भागवत कथा प्रत्येक वर्ष गांव के किसी न किसी सदस्य के घर पर आयोजित की जाती है। इस परंपरा की शुरुआत करीब 18 साल पहले हुई थी, तब से हर साल एक नई प्रेरणा और सामाजिक एकता के संदेश के साथ यह आयोजन होता आ रहा है।

# कांग्रेस ने रची थी अंबेडकर को हराने की साजिश : जयराम ठाकुर

## कम्युनिस्ट पार्टी के श्रीपाद डी डांगे के साथ मिलकर बनाई थी योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत शिमला विधानसभा क्षेत्र के चौड़ा मैदान में अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव एवं पुष्पांजलि के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जयराम ने कहा कि प्रतीकवाद से हाशिए पर जाने तक कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर की उपेक्षा की। अंबेडकर को हराने की साजिश कांग्रेस द्वारा रची गई थी। साल 1937 के बॉम्बे प्रेसीडेंसी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को हराने के प्रयास में प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी बालू पालवंकर को उनके खिलाफ मैदान में उतारा। हालांकि, बालू पालवंकर चुनाव हार गए, लेकिन इस प्रयास ने कांग्रेस की डॉ. अंबेडकर के प्रति विरोध की भावना को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। इसी प्रकार कांग्रेस के बंबई प्रीमियर, बीजी खरे ने यह सुनिश्चित किया कि डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा में चुना न जाए। यह नामसुद्र नेता, योगेंद्रनाथ मंडल थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि डॉ. अंबेडकर बंगाल से संविधान सभा के चुनाव में चुने जाएं। डॉ. अंबेडकर को जिन क्षेत्रों ने वोट दिया था वे मुस्लिम बहुल क्षेत्र न होने के बावजूद, कांग्रेस ने इन्हें पाकिस्तान जाने की अनुमति दे दी, जिससे बाबा साहेब एक बार फिर संविधान सभा से बाहर हो गए। हिंदू महासभा के नेता और नेहरू के मुखर आलोचक, एमआर जयकर ने पुणे से अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया, ताकि डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा के लिए चुना जा सके।

जयराम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने यह आरोप लगाते हुए एक याचिका दायर की कि कुल 74,333 मतपत्रों को अस्वीकार कर गिनती से बाहर कर दिया गया, जिससे कांग्रेस द्वारा उनके विरुद्ध रची गई रणनीति उजागर हुई।

भंडारा लोकसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर डॉ. भीमराव को संसद से बाहर रखने का प्रयास दोहराया और नारायण एस काजरोलकर को दोबारा उनके खिलाफ प्रत्याशी बनाया। स्वयं प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. आंबेडकर के विरुद्ध चुनाव प्रचार किया, जिससे उनकी पराजय को सुनिश्चित किया जा सके।

# हिमाचल में मरीजों को दी जा रही दवाओं पर उठे सवाल

- सिविल अस्पताल सुंदरनगर में पेश आया मामला
- दुकान मालिक से कथित दवाई का रिकॉर्ड किया तलब

**अनंत ज्ञान, मंडी**



जिला मंडी के सिविल अस्पताल सुंदरनगर में राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित की दवाई की दुकान पर मिस ब्रांडेड दवा बेचने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार गत शनिवार रात ड्रग इंस्पेक्टर ने स्थानीय पुलिस टीम के साथ सिविल अस्पताल स्थित इस दवाई दुकान पर अचानक छापा मार कर कथित तौर पर एक मिस ब्रांडेड दवा की स्ट्रिप बरामद की है। दुकान के काउंटर से बरामद की गई दवा की स्ट्रिप दर्द निवारक बताई जा रही है।
ड्रग इंस्पेक्टर ने मौके पर ही दवा की स्ट्रिप को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह दवा कहां से आई, कब से दुकान पर बेची जा रही थी और क्या अस्पताल के अन्य मरीजों को भी यह दवा दी गई है।
बता दें कि अस्पताल परिसर में ही सरकारी विभाग की दुकान में मिस ब्रांडेड दवा का मिलना चिंताजनक है और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न पैदा करता है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। फिलहाल, मामले में कड़ी जांच जारी है और उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले से जुड़े सभी तथ्यों का खुलासा हो सकेगा। ब्रिस्टोमेड लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विवेक कुमार ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।
वहीं, मामले में हैडक्वार्टर सुंदरनगर की ड्रग इंस्पेक्टर रीना चौहान ने कहा कि फार्मा कंपनी और पुलिस की ओर से शिकायत प्राप्त हुई थी। कंपनी की ओर से शिकायत में फार्मा कंपनी की दवाई को फेक तौर पर बनाकर सिविल अस्पताल सुंदरनगर में सिविल सप्लाई की दुकान में बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच की गई है और शिकायत में बताई गई कथित दवाई दुकान के काउंटर से बरामद हुई है। दुकान के मालिक से इस दवाई की स्ट्रिप को लेकर रिकॉर्ड मांगा गया है। मामले में आगामी जांच जारी है।

# सुक्खू पांगी में करेंगे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिला चंबा के पांगी में अपने प्रवास के दौरान क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपए लागत की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री किलाड़ में 3.75 करोड़ रुपए लागत के कृषि विभाग के आवासीय कमरों, लुज स्कूल में 1.5 करोड़ से बनने वाले अतिरिक्त कमरों, मिंधल स्कूल में 1.5 करोड़ के अतिरिक्त कमरों, किलाड़ में 2.13 करोड़ के मार्केट यार्ड, किलाड़ में 49.42 लाख के राज्य विद्युत बोर्ड के नए कार्यालय, 1.99 करोड़ से निर्मित होने वाले स्वास्थ्य उप-केंद्र रेई, 1.99 करोड़ के स्वास्थ्य उप-केंद्र हुडान तथा धनवास में 10.51 करोड़ रुपए की लागत से राज्य विद्युत बोर्ड की एक मेगावाट सोलर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 20.88 करोड़ से निर्मित मिनी सचिवालय भवन किलाड़, 5.62 करोड़ से निर्मित आईटीआई भवन किलाड़, किलाड़ में 5.29 करोड़ से निर्मित बस स्टेंड, किलाड़ में 2.98 करोड़ से बस स्टेंड के लिए वैकल्पिक मार्ग, 19.83 करोड़ की लागत से निर्मित नागरिक अस्पताल किलाड़ का लोकार्पण करेंगे।

# चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राज मार्ग पर बस हादसा, 31 घायल

**बालक राम, पंडोह**




किरतपुर मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी के चार मिल के पास एक लग्जरी वोल्वो बस बस सड़क में पलट गई। बस में 38 सवारियां सफर कर रही थी, जिनमें से 31 सवारियां घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए जोनल अस्पताल मंडी पहुंचाया गया। दो गंभीर सवारियों को मेडिकल कॉलेज नेर चौक रैफर किया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। बाकी सभी 29 घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

बता दें कि यह रामदयाल वोल्वो बस दिल्ली से कसौल-मणिकर्ण जा रही थी। मंडी के चार मील के पास अचानक बस पलट गई और सड़क में रगड़ती चली गई। सड़क में चल रहे वाहनों से निकल कर लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल तक पहुंचा। गनीमत यह रही कि बस ब्यास नदी की ओर नहीं गीरी। अन्यथा यह एक बड़ा हादसा हो सकता था।

सवारियों से मिली जानकारी के अनुसार चालक पीछे से ही रफ ड्राइविंग कर रहा था। यह हादसा ड्राइवर की लापरवाही का कारण है। बरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने बताया कि फिलहाल घटना चालक की लापरवाही का कारण लग रही है। फिर भी जांच की जाएगी। मामला दर्ज कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में बढ़ती जा रही है पर्यटकों की तादाद : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री शांता कुमार ने कहा कि बढ़ती गर्मी के साथ हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इस बार गर्मी अधिक पड़ेगी, इसलिए पर्यटक भी अधिक आएंगे। सरकार कुछ स्थानों में पर्यटकों की भीड़ अधिक होने की बजाए हिमाचल के अन्य स्थानों पर भी पर्यटकों को जाने की प्रेरणा दें।

उन्होंने कहा धर्मशाला और मैकलोडगंज में पर्यटकों की बहुत अधिक संख्या होने के कारण कई बार अव्यवस्था हो जाती है। धर्मशाला के बिलकुल निकट पालमपुर भी एक अति सुंदर पर्यटन नगर है। अटल बिहारी वाजपेयी जब विदेश मंत्री थे, तो वह पालमपुर आए थे और बर्फ से ढके हुए धौलाधार को देखकर बहुत अधिक प्रभावित हुए थे। उन्होंने मुझे कहा था कि बर्फ से ढके हुए पहाड़ का इतने निकट से इतना सुंदर नजारा दुनिया में बहुत कम जगह है। विवेकानंद ट्रस्ट के कायाकल्प में पूरे भारत से लोग आते हैं। बहुत से लोगों ने मुझे कहा था कि वह स्वस्थ्य लाभ के लिए तो आते ही हैं, परंतु पालमपुर में बर्फ से ढके हुए धौलाधार को देखने के लिए भी आते हैं।

शांता ने कहा कि कारगिल के प्रथम शहीद कै. सौरभ कालिया की याद में बना हुआ सौरभ वन बिहार एक अति सुंदर पर्यटन बिहार है। यहां पर न्यूगल नदी के किनारे सुंदर बिहार और वोटिंग का आनंद लेने के लिए पर्यटक आते हैं। मई महीने से कई करोड़ रुपए से बन रही उत्तर भारत की पहली टॉय ट्रेन यहां शुरू होनी वाली है। उत्तर भारत में यह अपनी किस्म की पहली टॉय ट्रेन पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पालमपुर जैसे अति सुंदर स्थानों को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का प्रयत्न करना चाहिए।

**श्रद्धांजलि** ‘कुलदीप चंद अमर रहे’ के नारों से गूंज उठी गांव की गलियां

# शहीद सूबेदार कुलदीप का सैन्य सम्मान से किया अंतिम संस्कार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



घर पर लाई गई शहीद सूबेदार कुलदीप सिंह की पार्थिव देह।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बहादुरी से लड़ते हुए शहीद हुए जिला के कोहलवीं गांव के सूबेदार कुलदीप चंद का रविवार को उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। शहीद की पार्थिव देह को उनके बेटे ने मुखाग्नि दी।

इससे पहले, रविवार सुबह शहीद कुलदीप चंद की पार्थिव देह जब सैन्य टुकड़ी के साथ सेना के वाहन से गांव कोहलवीं पहुंची तो शहीद के परिजनों के विलाप से सभी की आंखें नम हो गईं तथा पूरा गांव ‘कुलदीप चंद अमर रहे’ के नारों से गूंज उठा। शहीद की अंतिम यात्रा के दौरान क्षेत्र के युवाओं ने दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों की रैली निकालते हुए ‘कुलदीप चंद अमर रहे’ और ‘हिंदुस्तान जिंदाबाद’ के नारों के साथ वीर सपूत को अंतिम विदाई दी।

थल सेना और हिमाचल प्रदेश पुलिस की टुकड़ी ने भी हवा में फायर करके तथा शस्त्र उलटे करके शहीद को अंतिम विदाई दी। प्रदेश सरकार और प्रशासन की ओर से डीसी अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर और एसडीएम राकेश शर्मा ने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। (अनंत ज्ञान)

### बेटी ने ‘जय हिंद’ बोलकर पिता को दी अंतिम विदाई

**शहीद** की बेटी उसके पार्थिव शरीर के घर पर पहुंचने के बाद फूट-फूट कर रोने लगी, लेकिन उसने जय हिंद बोलकर अपने पिता को अंतिम विदाई दी। उसका कहना था कि दो दिन पहले ही उनके साथ बात हुई थी, लेकिन बात थोड़ी देर ही हुई थी और जिन परिस्थितियों में वह वहां ड्यूटी कर रहे थे, उसका उन्होंने जरा भर भी जिक्र नहीं किया था।

कहानी-43

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए ‘अनंत ज्ञान’ ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर ‘हर गांव कुछ कहता है’ नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# तरक्की की राह पर आगे बढ़ता चमियाणा गांव

## सांस्कृतिक विरासत को संजोए हैं शिमला से सटे मशोबरा ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत के बाशिंदे



“गांव की टेढ़ी-मेढ़ी डगर पर कभी चलकर तो देखो, सुनहरे सपनों की उड़ान का सहज ही आभास हो जाएगा।”



सत्यदेव भारद्वाज
शिमला

‘हर गांव कुछ कहता है’ सीरीज में आज बात एक ऐसे गांव की, जहां के मेहनकश लोग कृषि व्यवसाय, पशु पालन एवं दूध उत्पादन के जरिए खुशहाल और साधन संपन्न हैं और तरक्की की राह पर निरंतर अग्रसर हैं। हालांकि, गांव के लोग सरकारी और निजी क्षेत्र में भी नौकरी कर रहे हैं। प्रकृति की ओट में बसे इस खूबसूरत गांव का नाम है चमियाणा, जो धार्मिक महत्व से भी बेहद खास है। राजधानी शिमला से सटे मशोबरा ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत चमियाणा में कुल 11 वार्ड हैं। पांच वार्ड शहरी, जबकि छह वार्ड ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। गांव की जनसंख्या करीब 350 है। यहां के ग्रामीण अपनी सांस्कृतिक विरासत को आज भी संजोए हुए हैं। चमियणा की परिक्रमा के दौरान पता चला कि गांव को जाने वाली सड़क अभी भी कच्ची है। लोगों को पानी की समस्या से भी दो-चार होना पड़ता है। निर्माणाधीन चमियाणा-शुराला फोरलेन जहां गांव के विकास के लिए वरदान बन रहा है तो वहीं, इसके दुष्प्रभाव भी साफ देखने को मिले। गांव के आसपास जंगल का दायरा सिमट चुका है। हरियाली भी ज्यादा नजर नहीं आई। हालांकि, महिला मंडल पहले की भांति दोबारा पौधरोपण के लिए सजग हो उठा है। स्वयं सहायता समूह भी कंधा से कंधा मिलाकर पौधरोपण कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है।



गांव की परिक्रमा के दौरान मौजूद महिलाएं एवं पंचायत प्रतिनिधि।

### वक्त के साथ परेशानियां भी बढ़ीं : जीतराम ठाकुर



87 वर्षीय बुजुर्ग जीतराम ठाकुर अपने अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि हमारा गांव कृषि पर आधारित फसलें उगता है और पशुपालन मुख्य व्यवसाय है। पहले वह खुद तैयार किए उत्पादों से गुजर-बसर करते थे, मगर अब वो प्योर चीजें नहीं मिलतीं। भले ही आज का दौर बेहतर जरूर हुआ है, लेकिन उसी रफ्तार में परेशानियां भी बढ़ी हैं। फोरलेन विकास की दृष्टि से ठीक जरूर है, मगर भविष्य में इसके प्रतिकूल असर अवश्य दिखेंगे।

### पंचायत करवा रही विकास के बड़े काम : यशपाल वर्मा



**चमियाणा** पंचायत के उपप्रधान यशपाल वर्मा ने बताया कि हमारा गांव खूबसूरत होने के साथ साधन संपन्न भी है। शहर का प्रभाव यहां पर साफ दिखता है। उनकी तरफ से गांव में विकास के बड़े-बड़े काम किए गए हैं। वर्तमान में भी कई कार्य प्रगति पर हैं। फोरलेन की वजह से लोगों के हक-हूकक प्रभावित हुए हैं। पशुओं के लिए चारे की समस्या आई है। प्राकृतिक जल स्रोतों पर भी फर्क पड़ा है। गांव के रास्तों में भी अवरोध आया है। पीने के पानी की भी समस्या है। गांव में देवता शुराली महाराज का मंदिर है, जो भव्य तरीके से बनाया जा रहा है। उन्होंने कई चुनौतियों को लेकर भी चिंता जाहिर की और भरोसा दिलाया कि इन चुनौतियों से पार पाने के लिए उनकी पंचायत गंभीरता से विचार कर रही है।

### पानी की किल्लत से हो रही परेशानी : मधु ठाकुर



**महिला** मंडल चमियाणा की कोषाध्यक्ष मधु ठाकुर बताती हैं कि फोरलेन की वजह से उन्हें पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इसके निर्माण कार्य से बार-बार पाइपें टूट जाती हैं और उन्हें रबड़ की पाइपों का सहारा लेकर पीने के पानी का जुगाड़ करना पड़ रहा है।

### 15वें वित्त आयोग से हो रहे विकास कार्य : राजन मोख्टा



**चमियाणा** पंचायत के सचिव राजन मोख्टा ने बताया कि 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन और पंचायत निधि के तहत विभिन्न विकासात्मक कार्यों को बढ़ावा देने के प्रयास हो रहे हैं, जिसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

### महिला मंडल से मिल रहा है सहयोग : आशा चौहान



**वार्ड** पंच आशा चौहान बताती हैं कि वह महिला मंडल चमियाणा का सहयोग लेकर ही यहां पर विकास के कार्य को आगे बढ़ा रही हैं, जिसके लिए उन्हें पंचायत से भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### लिंक रोड किया जाए पक्का : अमर सिंह ठाकुर



**चमियाणा** पंचायत के निवासी अमर सिंह ठाकुर ने बताया कि गांव में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जो यहां पर एक लिंक रोड है, वह कच्चा है। उसे पक्का करने की कोशिश की जाए और जल्द इस पर काम शुरू हो।

### ब्लॉक से मिलते हैं घटिया बीज : किरण ठाकुर



**महिला** मंडल चमियाणा की सचिव किरण ठाकुर ने बताया कि ब्लॉक से उन्हें जो बीज वगैरह मिलते हैं, वह घटिया स्तर का होता है। परेशान होकर अब उन्होंने वहां से बीज लाना ही छोड़ दिया है। सरकार को इस मसले पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

### फोरलेन की वजह से धंस रही भूमि : योगेंद्र सिंह



**वार्ड** पंच योगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें फोरलेन को लेकर बड़ी परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। कभी भूमि धंस रही है, तो कभी भूमि कटाव हो रहा है, तो कभी धूल मिट्टी के कणों से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। उनकी जो जमीन फोरलेन निर्माण में गई है, उसमें भी उन्हें ठगा गया। चौगुना मुआवजा देने की बात की गई थी, लेकिन डबल मुआवजा देकर निपटा दिया गया है।

### खाद, दवाइयां और बीज में मिले सब्सिडी : अंजू वर्मा



**कृषि** महिला समूह की प्रधान अंजू वर्मा ने बताया कि पहले कृषि कार्यों से संबंधित ब्लॉक से उन्हें भरपूर सहयोग मिलता था, मगर अब ऐसा नहीं है। उन्हें आलू, गोभी, टमाटर आदि के जो बीज वितरित किए जाते हैं उनकी गुणवत्ता काफी घटिया स्तर की रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बागवानों के लिए तो हर तरह की सुविधा मिलती है, मगर उन्हें कोई रियायत नहीं मिल रही, इस पर सरकार को तुरंत ध्यान देना चाहिए और खाद, दवाइयां एवं बीज आदि में सब्सिडी दी जानी जानी चाहिए।

### टनल की वजह से हो रही वाइब्रेशन : रीटा चौहान



**ग्राम** पंचायत चमियाणा की प्रधान रीटा चौहान ने बताया कि उन्होंने पंचायत व गांव की बेहतरी के लिए जनहित से जुड़े कई काम किए हैं, जिसमें सिंचाई की एक बड़ी योजना को धरातल पर उतारा गया है। फोरलेन को लेकर उनकी दिक्कत बढ़ी जरूर है, लेकिन अब इसमें सुधार हो रहा है। फोरलेन वाले एक टनल बना रहे हैं, जिससे पूरी पंचायत में वाइब्रेशन हो रही है। लोग दहशत में रहते हैं। उम्मीद करते हैं कि कंपनी वाले इसमें पूरी एहतियात बरतेंगे।

### मजबूत किया जा रहा महिला मंडल : उषा शांडिल



**महिला** मंडल चमियाणा की प्रधान उषा शांडिल ने बताया कि उनका गांव बेहद सुंदर है। गांव की तरक्की के लिए हर मुमकिन प्रयास किए जा रहे हैं। वह अपने महिला मंडल को मजबूत बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास कर रही हैं, जिसमें सभी महिलाएं अपनी निरंतर भागीदारी सुनिश्चित करवा रही हैं। पंचायत का भरपूर सहयोग मिल रहा है। फोरलेन निर्माण से थोड़ी समस्या आ रही है, लेकिन बड़े अफसरों से बात होने के बाद निदान भी हो रहा है।

### शुराली महाराज की कृपा से सुख समृद्धि और शांति : रामकृष्ण




**कुसुम्पटी** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व स्थानीय निवासी रामकृष्ण शांडिल ने बताया कि गांव में देवता शुराली महाराज का प्राचीन मंदिर है, जो कई परगना के देवता हैं। वह उनकी आराधना करते हैं, जिनकी कृपा से उनके गांव व आसपास के क्षेत्रों में सुख, समृद्धि और शांति रहती है। फोरलेन की वजह से वह इतनी समस्या नहीं देखते हैं, मगर प्रभावितों को जो मुआवजा दिया गया है उसमें उन्हें बेवकूफ बनाया गया है। चार गुना की जगह दो गुना मुआवजा ही दिया गया है यानी तय मापदंडों की घोर अनदेखी की गई। सरकार को इस संदर्भ में उचित कदम उठाने चाहिए। किसानों को उनकी जमीन की उचित कीमत मिलनी चाहिए।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाइयां कैंसर के इलाज में कारगर

## इस पद्धति में बिना सर्जिकल ट्रीटमेंट के कैंसर का निदान

इलेक्ट्रो होम्योपैथी की दवाइयां कैंसर को ठीक करने में बेहद ही कारगर साबित हो रही हैं। इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जानकार डॉक्टरों का दावा है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी से कैंसर का इलाज संभव है। इस पद्धति में बिना सर्जिकल ट्रीटमेंट के कैंसर को ठीक किया जा सकता है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक हर्बल व साइड इफेक्ट रहित चिकित्सा प्रणाली है। इससे गंभीर रोग जैसे काला पीलिया, कैंसर, अधरंग, फाईबराइड, रसौली, डेंगू, दमा, चमड़ी रोग आदि का सफल इलाज किया जाता है। इस कारण ही बहुत सारे इलेक्ट्रो होम्योपैथी डाक्टर जो दूसरे सिस्टम में चले गए थे वह अपनी पैथी में वापस आ रहे हैं। इलेक्ट्रो होम्योपैथी की दवाइयों का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होता है, साथ ही इस चिकित्सा पद्धति में रोगों की जानकारी करने के लिए केवल आयरिश एनालिसिस टेस्ट यानी आंख का रेटिना देखकर ही मालूम हो जाता है कि शरीर के किस अंग में क्या समस्या है।


डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, निदेशक सर्वोदय संस्थान एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी विशेषज्ञ

*इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विशेषज्ञ व सर्वोदय संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर का दावा है कि एलोपैथी चिकित्सा जहां हार मान जाती है, वहां इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जटिल रोगों को ठीक किया जाता है। उनका यह भी कहना है कि कैंसर के जिन मरीजों को बड़े-बड़े अस्पतालों और हायर सेंटरों में जवाब दे दिया जाता है, वह भी इस चिकित्सा पद्धति से ठीक हो रहे हैं। यदि मरीज कैंसर की पहली स्टेज में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की दवाइयां लेनी शुरू कर देते हैं, तो उनकी कैंसर की बीमारी जड़ से खत्म हो जाती है।*

### सभी जटिल रोगों का इलाज संभव

डॉ. सुरेंद्र ठाकुर आगे बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी में सभी जटिल रोगों का इलाज दवाइयों से किया जाता है, लेकिन अन्य चिकित्सा पद्धतियों में मैकेनिकल और सर्जिकल ढंग से कैंसर जैसी बीमारियों का इलाज किया जाता है। उनका कहना है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की दवाइयों का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होता है। यदि कैंसर का मरीज पहली स्टेज में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की दवाइयां लेना शुरू कर दे, तो 100 प्रतिशत उसकी बीमारी को खत्म किया जाता है। वह बताते हैं कि कैंसर की पहली अवस्था में उनके द्वारा बहुत से मरीजों को स्वस्थ किया गया है। डॉ. सुरेंद्र ठाकुर बताते हैं कि जिन मरीजों को बड़े-बड़े हॉस्पिटलों द्वारा रेफर कर घर के लिए भेजा जाता है। उनका इलाज इलेक्ट्रो होम्योपैथी से होने के बाद उनके जीवन का समय बढ़ा है।

**प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



# बहुपयोगी वनस्पति काथी है स्वाद और सेहत का खजाना



## पोषण, औषधीय गुण और पारिस्थितिकी संतुलन का अनमोल उपहार

*बसंत ऋतु फूलों के खिलने का समय होता है, जब प्रकृति अपने सबसे सुंदर रूप में होती है। कई फूल खाने योग्य होते हैं और पारंपरिक व्यंजनों, औषधीय उपचारों और सौंदर्य प्रसाधनों में इनका उपयोग किया जाता है। हिमाचल में उगने वाले कयी फूल जैसे कि कचनार , बुरांस , काथी, गुलाब, बसंती, धातकी जैसे कई खाद्य फूल पारंपरिक भोजन, औषधीय उपचार और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। हालांकि, आधुनिक जीवनशैली के चलते इनका उपयोग कम हो गया है। सौभाग्य से कुछ स्थानीय विक्रेता अभी भी मौसमी सब्जियों और खाद्य फूलों को जंगलों या अपने खेतों से एकत्र कर बाजारों में बेचते हैं, जिससे न केवल उनकी आजीविका चलती है, बल्कि हमारी समृद्ध पारंपरिक खाद्य संस्कृति को भी संजोया जाता है।*


तारा देवी सेन, वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष वल्लभ महाविद्यालय, मंडी

### पर्यावरणीय महत्व

काथी दलहन परिवार का पौधा है, जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण में सहायक होता है और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखता है। यह बंजर और क्षरित भूमि में भी तेजी से बढ़ सकता है, जिससे भूमि पुनर्जीवन और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है।

### कैसी दिखती है काथी

**काथी, जिसे वैज्ञानिक रूप से इंडिगोफेरा आर्टोकार्पा कहा जाता है, एक अत्यंत महत्वपूर्ण वनस्पति है जो औषधीय, पोषण संबंधी और पारिस्थितिकीय लाभों के कारण विशेष स्थान रखती है। यह बसंत ऋतु में हिमाचल के निचले इलाकों से लेकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक प्रचुर मात्रा में एक झाड़ी के रूप में मिलती है।**



**स्वाद और पोषणः** काथी के फूल और पत्तियां कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो इसे अत्यधिक स्वास्थ्यवर्धक बनाते हैं। यह प्रोटीन, खनिज और विटामिन्स से भरपूर होता है, जिससे यह संतुलित आहार के लिए आदर्श बनता है। इसमें आवश्यक खनिज (आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम), विटामिन्स फाइबर तथा एंटीऑक्सीडेंट (फ्लेवोनॉइड्स और पॉलीफेनोल्स) प्रचुर मात्रा में मिलते हैं ।

**इसके** फूलों का उपयोग पारंपरिक व्यंजनों जैसे कचरू (चिल्ला), पकौड़े और परांठे बनाने में किया जाता है, जिससे भोजन की पौष्टिकता और स्वाद दोनों बढ़ते हैं।

**इसकी** सूखी पत्तियों का चूर्ण चाय में मिलाकर सेवन किया जाता है, जो ऊर्जा और स्फूर्ति प्रदान करता है।



**औषधीय गुणः** इसकी जड़ें और पत्तियां त्वचा रोग, बुखार और सूजन के उपचार में प्रभावी मानी जाती हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है, जिससे यह पारंपरिक चिकित्सा और आयुर्वेद में अत्यधिक उपयोगी बनती है। इसमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। कैल्शियम और फॉस्फोरस की अधिकता इसे हड्डियों की मजबूती के लिए आदर्श बनाती है। फाइबर से भरपूर होने के कारण यह पाचन को सुगम बनाता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन श्व की उपस्थिति से त्वचा में निखार आता है और बाल स्वस्थ बनते हैं।

***सतत् उपयोग और संरक्षण की आवश्यकताः*** *काथी एक सुपरफूड की तरह कार्य करता है, जो स्वास्थ्य, स्वाद और पर्यावरण संतुलन तीनों के लिए फायदेमंद है। इसे अपने आहार में शामिल करके न केवल पारंपरिक खानपान को पुनर्जीवित किया जा सकता है, बल्कि अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाया जा सकता है। हालांकि काथी जैसे पौधे हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बेहद लाभकारी हैं, लेकिन  फूल न केवल हमारे भोजन और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे पौधों की अगली पीढ़ी को जन्म देने में भी सहायक होते हैं। इसलिए, हमें फूलों के सतत उपयोग के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है, ताकि उनकी प्रजातियां सुरक्षित रहें और पारिस्थितिक संतुलन बना रहे।*

***काथी केवल एक खाद्य पौधा नहीं है, बल्कि यह पोषण, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का अनमोल स्रोत है। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार और संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है ताकि हम अपनी पारंपरिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकें।***



# सनबर्न

**प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण गर्मी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गर्मियों में सनबर्न होने की संभावना अधिक होती है। सूर्य की पराबैंगनी किरणों के अत्यधिक संपर्क में आने से सनबर्न होता है, जो एक दर्दनाक और सूजनयुक्त त्वचा की प्रतिक्रिया है। यह आमतौर पर त्वचा में लालिमा, जलन, और गंभीर मामलों में छाले पड़ने और त्वचा के छिलने का कारण बनता है। त्वचा का प्रकार यह निर्धारित करता है कि सनबर्न कितनी आसानी से हो सकता है। हल्के रंग की त्वचा वाले लोग, जिनकी त्वचा पराबैंगनी (ङ्ग) किरणों के संपर्क में आने के बाद टैन नहीं बनाती या बहुत कम बनती है, उन्हें सनबर्न होने का खतरा अधिक होता है।**

**लक्षण :** आमतौर पर शुरुआत में त्वचा पर लालिमा दिखाई देती है, जिसके बाद अलग-अलग स्तर का दर्द होता है। दर्द की तीव्रता आमतौर पर सूर्य के संपर्क की अवधि और तीव्रता पर निर्भर करती है। अन्य लक्षणों में छाले पड़ना, सूजन (एडेमा), खुजली (प्रुरिटस), त्वचा का छिलना, लाल चकत्ते, मतली, बुखार, ठंड लगना और बेहोशी (सिंकॉप) शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, त्वचा की सतह के पास स्थित केशिकाओं (कैपिलरीज़) से गर्मी उत्पन्न होती है, जिससे प्रभावित क्षेत्र को छूने पर गरम महसूस होता है।

### सनबर्न से कैसे बचें

❋ छाया में रहें, खासकर दिन के सबसे तेज धूप वाले समय (सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक)। ❋ सुरक्षात्मक कपड़े पहनें, जैसे चौड़ी किनारी वाली टोपी। ❋ उच्च  एसपहएफ वाला ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन उपयोग करें। ❋ सूर्य के संपर्क को सीमित करें, विशेष रूप से तेज़ धूप के समय में।

### उपचार

❋ त्वचा को ठंडी सेक या ठंडे पानी से नहाकर ठंडक पहुंचाएं। ❋ ऐलोवेरा या मॉइस्चराइजिंग क्रीम लगाएं। ❋ खूब पानी पीकर शरीर को हाइड्रेट रखें। ❋ छालों को न छेड़ें, जब तक कि वे संक्रमित न हो जाएं।

### होम्योपैथिक उपचार

***होम्योपैथिक सारवार लेने से त्वचा की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा उसके उपयोग से त्वचा की प्रतिकार शक्ति बढ़ती है। होमियोपैथिक डॉक्टर दर्दी की पूरी जांच करके दवाई देते है। नीचे दिए गए दवाई सिर्फ जानकारी के लिए है। होम्योपैथिक डॉक्टर से सलाह लेकर दवाई ले।***





डॉ. निधि जोशी गांधीधाम, कच्छ (गुजरात)

**Arsenicum album (Arsenic. Alb.)**
**यह** दवा उन मामलों में संकेतित होती है जहां सनबर्न के साथ जलनयुक्त दर्द और बेचैनी होती है। व्यक्ति को चिंता और थकावट महसूस हो सकती है, और वह असहजता को कम करने के लिए गर्मी की तलाश कर सकता है।

**Calendula officinalis (Calend.)**
**यह** दवा तब उपयोगी होती है जब सनबर्न के कारण त्वचा पर खुले छाले या कच्ची, संवेदनशील त्वचा हो। कैलेंडुला में त्वचा को शांत करने और भरने वाले गुण होते हैं, जो त्वचा की मरम्मत को बढ़ावा देते हैं।

**Belladonna (Bell.)**
**यह** दवा उन स्थितियों में उपयुक्त है जब सनबर्न के कारण त्वचा पर अत्यधिक लालिमा, धड़कता हुआ दर्द और गर्माहट हो। त्वचा सूखी और स्पर्श करने पर गर्म महसूस हो सकती है, और व्यक्ति बेचैन व चिड़चिड़ा हो सकता है।

**Urtica urens (Urt.)**
**यह** दवा उन मामलों में अक्सर उपयोगी होती है जहां सनबर्न के साथ खुजली, चुभन और जलन जैसी संवेदनाएं होती हैं। यह सनबर्न से होने वाले दर्द और खुजली को कम करने में मदद कर सकती है।




# लगातार खांसी बन सकती है साइनस संक्रमण का कारण

श्रीबालाजी अस्पताल के एमडी डॉ. राजेश शर्मा ने बीमारियों पर कुछ सुझाव दिए। जैसे, क्या मुझे डॉक्टर को दिखाना चाहिए? यह एक ऐसा सवाल है जो कई लोग पूछते हैं। आप खुद को चाहे जो भी कहें, डॉक्टर को दिखाने के लिए केवल प्रमुख लक्षण और घटनाएं ही एकमात्र कारण नहीं हैं। वास्तव में, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के नवीनतम डेटा के अनुसार, 2012 में बीमारी से संबंधित डॉक्टर के पास जाने का सबसे आम कारण खांसी थी। आपकी स्थिति चाहे जो भी हो, याद रखें कि कई स्थितियों के लिए शुरुआती पहचान बेहतर परिणाम दे सकती है।

## ज्यादा बुखार आने पर डॉक्टर को दिखाना जरूरी

**श्रीबालाजी** अस्पतल कांगड़ा के एमडी डॉ. राजेश शर्मा शरीर में आने वाले बुखार को लेकर कहते हैं कि बुखार एक ऐसा तरीका है जिससे आपका शरीर संक्रमण से स्वाभाविक रूप से लड़ता है। हालांकि, अगर आपको 103 फारेनहाइट (39.4 सेल्सियस) से ज्यादा बुखार है या तीन दिनों से ज्यादा बुखार रहता है, तो आपको अपने डॉक्टर को तुरंत दिखाना चाहिए। कई बार यह ज्यादा गंभीर संक्रमण हो सकता है। लगातार खांसी का इलाज न किए जाने पर यह साइनस संक्रमण का कारण बन सकती है। अगर आपको बुखार, मांसपेशियों में दर्द या फ्लू जैसे अन्य लक्षण हैं, तो आपको वास्तव में फ्लू हो सकता है। इन मामलों में, टैमीफ्लू प्रिस्क्रिप्शन के लिए डॉक्टर से मिलना सबसे अच्छा है। बुजुर्गों, गर्भवती माताओं और हृदय रोग वाले लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि उन्हें फ्लू से जटिलताएं विकसित होने की अधिक संभावना है। डॉ. राजेश शर्मा के अनुसार निगलने में अत्यधिक कठिनाई, सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ सामान्य सर्दी के लक्षण नहीं हैं, बल्कि ये अधिक गंभीर स्थिति का संकेत हो सकते हैं।


डॉ. राजेश शर्मा एमडी श्रीबालाजी अस्पताल।

## वजन में बिना किसी कारण गिरावट किसी बीमारी का लक्षण

**वजन** में बिना किसी कारण के गिरावट का मतलब ओवरएक्टिव थायरॉयड, डायबिटीज, डिप्रेशन या लिवर की बीमारी हो सकता है। एक सामान्य नियम के रूप में, यदि आपने पिछले छह महीनों में अपने शरीर के वजन का 10 प्रतिशत से अधिक खो दिया है , तो अपने डॉक्टर से मिलें। छाती, पेट या श्रोणि में असामान्य, तीव्र और निरंतर दर्द एक अंतर्निहित समस्या का संकेत हो सकता है जिसके लिए डॉक्टर के ध्यान की आवश्यकता होती है। उच्च ऊंचाई, कठोर व्यायाम, मोटापा और अत्यधिक तापमान सांस फूलने के सभी सामान्य कारण हैं। कोई भी कारण आपकी सांस फूलने का कारण नहीं बन रहा है, तो अपने डॉक्टर से मिलना चाहिए। छाती, पेट या श्रोणि में असामान्य, तीव्र और निरंतर दर्द एक अंतर्निहित समस्या का संकेत हो सकता है जिसके लिए डॉक्टर के ध्यान की आवश्यकता होती है। कोई चिकित्सा प्रक्रिया या सर्जरी करवाते हैं, टीकाकरण करवाते हैं, या कोई नई दवा शुरू करते हैं, तो डाक्टर से जरूर पूछें। **प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला।**

# गुणों की खान है अश्वगंधा

**आयुर्वेद में ऐसी कई जड़ी-बूटियां बताई गई हैं जिनके नियमित इस्तेमाल से हम कई घातक बीमारियों से बचे रह सकते हैं। आयुर्वेद में अश्वगंधा के भी कई गुण बताए गए है। आइए, जानते हैं अश्वगंधा हैं कौन-से गुण। अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट, लीवर टॉनिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल के साथ-साथ और भी कई पोषक तत्व होते हैं जो आपकी बॉडी को हेल्दी रखने में हेल्प  करते हैं। इसके अलावा इसमें एंटी-स्ट्रेस गुण भी होते है जो स्ट्रेस फ्री करने में मदद करते है। इसके अलावा इसे घी या दूध के साथ मिलाकर सेवन करने से वजन बढ़ने में मदद होती है।**


–डॉ. चिराग, मंडी।



### अश्वगंधा के फायदे

❋ कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी में बहुत असरकारी है अश्वगंधा का इस्तेमाल। कई रिसर्च में यह बताया गया है कि अश्वगंधा कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है और कैंसर के नए सेल्स नहीं बनने देता। यह शरीर में रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज का निर्माण करता है। जो कैंसर सेल्स को खत्म करने और कीमोथेरपी से होने वाले साइड इफेक्ट्स से भी बचाने का काम करता है।

❋ अश्वगंधा में मौजूद ऑक्सीडेंट आपके इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करता है। जो आपको सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से लडने की शक्ति प्रदान करता है।

❋ अश्वगंधा वाइट ब्लड सेल्स और रेड ब्लड सेल्स दोनों को बढ़ाने का काम करता है। जो कई गंभीर शारीरिक समस्याओं में लाभदायक है।
अश्वगंधा मानसिक तनाव जैसी गंभीर समस्या को ठीक करने में लाभदायक है। एक रिर्पोट के अनुसार तनाव को 70 फीसदी तक अश्वगंधा के इस्तेमाल से कम किया जा सकता है। दरअसल आपके शरीर और मानसिक संतुलन को ठीक रखने में असरकारी है। इससे अच्छी नींद आती है।अश्वगंधा कई समस्याओं  से छुटकारा दिलाने का काम कर सकता है।

❋ अश्वगंधा का इस्तेमाल आपकी आंखों की रोशनी को बढ़ाने का काम करता है। रोज दूध के साथ लेंने से आंखो के अलावा स्ट्रेस से भी बचा जा सकता है।

### अश्वगंधा से भी हो सकता है नुकसान डॉक्टर का परामर्श जरूरी

➔ बल्ड प्रेशर से ग्रस्त लोगों को अश्वगंधा डॉक्टर के परामर्श से ही लेना चाहिए. जिनका बीपी लो होता है उन्हे अश्वगंधा का सेवन नहीं करना चाहिए।

➔ अश्वगंधा का अधिक इस्तेमाल पेट के लिए हानिकारक हो सकता है। इसे लेने से डायरिया की समस्या हो सकती है. इसलिए इसके इस्तेमाल से पहले आप डॉक्टर की सलाह लें उसके बाद ही इसका सेवन करें।

➔ अश्वगंधा का इस्तेमाल नींद के लिए अच्छा है. लेकिन इसका बहुत दिनों तक इस्तेमाल आपको नुकसान भी पहुंचा सकता है।

➔ अश्वगंधा का सही डोज़ न लेने से आपको उल्टी और जी मिचलाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

➔ अश्वगंधा का ज्यादा प्रयोग आपके लिए नुकसानदायक भी हो सकता है. अश्वगंधा के ज्यादा इस्तेमाल से आपको बुखार, थकान, दर्द की शिकायत भी हो सकती है।



### अश्वगंधा का सेवन कैसे करें


**अश्वगंधा** चूर्ण खाने का तरीका बहुत आसान है। पानी, शहद या फिर घी में मिलाकर अश्वगंधा चूर्ण का सेवन किया जा सकता है। इसके अलावा, अश्वगंधा कैप्सूल, अश्वगंधा चाय और अश्वगंधा का रस भी मार्केट और ऑनलाइन आसानी से मिल जाता है।

### इसका सेवन कब करें

**रात** में सोने से पहले दूध के साथ इसका सेवन फायदेमंद रहता है। इसके अलावा इसे खाना खाने के बाद भी लिया जा सकता है। कई लोग खाली पेट भी इसका सेवन करते हैं लेकिन कुछ लोगों को खाली पेट अश्वगंधा नुकसान करता है, इसलिए इसके सेवन करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि किसी आयुर्वेदिक डॉक्टर या नेचुरोपैथी एक्सपर्ट से सलाह लेकर इसका सेवन किया जाए।

# पौष्टिक आहार और नियमित एक्सरसाइज करे कैंसर से बचाव

**हिमाचल** प्रदेश में कैंसर की बीमारी गंभीर समस्या बनकर उभर रही है। प्रदेश में हर साल करीब पांच हजार लोग कैंसर का शिकार हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में कैंसर के मामलों में पुरुषों में लंग कैंसर और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले ज्यादा पाए जा रहे हैं। कैंसर के जोखिम होने से सिगरेट, धूम्रपान, शराब, धूप, प्रदूषण, तनाव, लाइफस्टाइल की वजह से कैंसर होता है। ऐसे में सवाल है कि आखिर किस तरह से कैंसर से बचा जा सकता है।



### संतुलित आहार जरूरी

**डॉ. एनके** गुप्ता का कहना है कि कैंसर के खतरे को कम करने के लिए संतुलित आहार बनाए रखना जरूरी है। पौष्टिक भोजन, फल, हरी सब्जियां और लाल मांस कैंसर को रोकने में मदद कर सकता है। फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले कई विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सिडेंट कैंसर को रोकने में मदद कर सकते हैं।


डॉ. एनके गुप्ता। हेल्थ एक्सपर्ट

### नियमित एक्सरसाइज करें

**डॉ. गुप्ता** का कहना है कि स्तन और पेट के कैंसर को कम करने के लिए रोज एक्सरसाइज करना जरूरी है। हर दिन कम से कम 30 मिनट के लिए मॉड्रेट एक्टिविटी जरूर करें, जैसे तेज चलना, साइकिल चलाना या तैरना लाभदायक है।

### तंबाकू के सेवन से बचें

**कैंसर** से होने वाली मौतों में से करीब आधी मौतें तम्बाकू धूम्रपान के कारण होती हैं। जो अनावश्यक मौतों का सबसे बड़ा वैश्विक कारण है।कैंसर से बचाव का सबसे अच्छा तरीका धूम्रपान से बचना है।



### शराब का सेवन कम से कम करें

ब्रेस्ट, कोलोन और लिवर कैंसर सहित कई कैंसर शराब के दुरुपयोग के बढ़ते हैं। शराब का अत्यधिक सेवन कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है, जैसे कि यकृत का सिरोसिस (घाव पड़ना), शराब पर निर्भरता, स्ट्रोक, आत्महत्या, चोट और कार दुर्घटनाएं। अपने अजन्मे बच्चे को शराब से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए, गर्भवती या गर्भधारण की योजना बना रही महिलाओं को शराब नहीं पीनी चाहिए। जब कोई महिला स्तनपान करा रही हो, तो शराब न पीना उसके बच्चे के स्वास्थ्य के लिए सबसे सुरक्षित विकल्प है।

## न्यूज ब्रीफ

### धूम्मू शाह मेले में लोक कलाकारों ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धूम्मू शाह दाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने दर्शकों को आत्मविभोर कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में लोक संस्कृति की झलक साफ तौर दिखी। इससे पहले सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते हुए एडीसी विनय कुमार ने कहा कि पारंपरिक मेलों के माध्यम से लोक संस्कृति का संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर मेला अधिकारी एसडीएम संजीव भोट, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र तथा तहसीलदार गिरिराज व अन्य उपस्थित थे।

### प्रभु के द्वार से मिलने को बहुत कुछ : अतुल



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हमारे रोम-रोम से जब परमात्मा का नाम झंकृत होने लगे तभी भक्ति की सफलता है। उक्त अमृतवचन श्रीमद् भागवत कथा के समापन सत्र में परम श्रद्धेय अतुल कृष्ण जी महाराज ने चौथी में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में ईश्वर का प्रकाश नहीं है, उसे जन्म-जन्मांतर भटकने से कोई नहीं रोक सकता, जिसके जीवन में परमात्मा के अतिरिक्त कुछ भी नहीं बचता, उसका मनुष्य होना सफल हो जाता है। महाराजश्री ने कहा कि प्रभु के द्वार से मिलने को बहुत कुछ है, बस खोजने की कला चाहिए। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान सर्वश्री प्रकाश चंद ठाकुर, राजिंद्र पाल सिंह पम्मा, मानचंद ठाकुर, देशबंधु, सुभाष ठाकुर, कुलभूषण ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### सुरेश ठाकुर के नेतृत्व में पेंशनर्स का भविष्य सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनरज वेल्फेयर एसोसिएशन सिटी यूनिट शाहपुर की विशेष बैठक शाहपुर में जिला कांगड़ा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनमोहन पठानिया व उपाध्यक्ष चंडी दत्त शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रेस सचिव सुरिंद्र ठाकुर ने बताया कि बैठक में सेठ राम जिला वित्त सचिव विशेष तौर पर आमंत्रित किए गए। इसके अतिरिक्त ब्लाक महासचिव राजेश राणा, जगदीश गुप्ता, कुबेर, सतीश गुप्ता, पवन महाजन, मूल राज, मान राम आदर्श शर्मा, मुख्य सलाहकार देशराज तथा एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में एक संयुक्त ब्यान जारी किया गया। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर को असंवैधानिक कार्रवाई के द्वारा निलंबन का तानाशाही फरमान जारी किया है। उन्होंने कहा कि सुरेश ठाकुर योग्य, कर्मठ, संघर्ष शील नेता है। उन्होंने कहा कि सुरेश ठाकुर हिमाचल वेल्फेयर एसोसिएशन के निर्विवाद नेता है, इनके नेतृत्व में ही पेंशनर्स का भविष्य सुरक्षित है।

### लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स की कांगड़ा इकाई भंग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (लियाफी) के कांगड़ा इकाई की बैठक मटौर में आयोजित की गई। इस बैठक में कांगड़ा इकाई के अध्यक्ष केवल चौधरी की अध्यक्षता में अभिकर्ताओं की सर्वसम्मति से इकाई को भंग कर दिया गया। बैठक में इकाई द्वारा मासिक कलेक्शन और खर्चों पर विस्तृत चर्चा की गई। केवल चौधरी ने बताया कि नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### छिंज वसोआ मेला झंडा रस्म के साथ शुरू



**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** डाढ में छिंज वसोआ मेला झंडा रस्म के साथ शुरू। पंचायत प्रधान प्रवीण कुमार ने बताया कि मेले के प्रथम दिन 13 अप्रैल को समाजसेवी अनीश शर्मा झंडा रस्म के साथ मेले का आगाज किया। वहीं मेले के दूसरे दिन समाजसेवी उमेश दत्त, आशीष जैन व इतेश राणा तीन मुख्य अतिथियों ने शिरकत करेंगे। डाढ पंचायत के प्रधान प्रवीण ने बताया कि दूसरे मेले के दिन पूर्व में रहे उपप्रधान व मेला कमेटी प्रधान रस्सा। ओंकार चंद की याद में महिला रस्साकशी व म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया जा रहा है। रस्सा कस्सी में विजेता टीम को 2100 और उपविजेता टीम को 1100 रुपए व सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाओं को स्मृति चिन्ह ईनाम स्वरूप दिया जाएगा।

### डढंब-वणु महादेव सड़क पर व्यय होंगे 11 करोड़ : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने जानकारी दी कि डढंब-लेलटा-टुंडु-वणु महादेव सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिस पर लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पठानिया आज भटेड़ में आयोजित छिंज मेले में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे। उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने माली के विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया। सिप्पा रेयावाला बड़ी माली के विजेता तथा हाजीपुर के रिंकू उपविजेता जबकि चंदन कोहाली छोटी माली के विजेता एवं चंबा के लतीफ उप विजेता रहे।

### सबको मिलकर लड़ना होगा नशे के विरुद्ध : संजय

**सालबिया, गरली।** कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि नशे के विरुद्ध सभी को मिलकर युद्ध लड़ना होगा। नशा अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी दस्तक दे चुका है और दुर्भाग्य की बात है कि इसमें युवा वर्ग को नशा माफिया विशेष रूप से निशाना बना रहा है। रविवार को जसवां-परागपुर के नारी गांव में आयोजित वालीबाल टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे पराशर ने कहा कि नशे के समूल नाश के लिए सभी को जागरूक होना होगा और देखें कहीं नशा बेच रहा है तो आम आदमी और पंचायत प्रतिनिधियों को इसकी सूचना तुरंत पुलिस व प्रशासन को देनी चाहिए। संजय ने कहा कि बच्चों को खेल से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। ऐसे में जरूरत है हमें पढ़ाई के बराबर खेलों को महत्व देना चाहिए टूर्नामेंट में सेना, एसपीयू और पंजाब व हिमाचल की प्रतिष्ठित 30 टीमों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### बैजनाथ व्यापार मंडल ने की भवन उद्घाटन की तैयारी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ व्यापार मंडल के कार्यालय के लोकार्पण को लेकर नगर परिषद बैजनाथ तथा व्यापार मंडल बैजनाथ आर-पार की लड़ाई के रूप में आमने-सामने आ गए। जहां पर आज नगर परिषद बैजनाथ ने पुलिस की मौजूदगी में व्यापार मंडल कार्यालय (पुराना पंचायत घर) में ताले जड़ दिए हैं वहीं पर व्यापार मंडल बैजनाथ के अध्यक्ष मनोज कपूर और उनकी टीम ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के हाथों होने वाले व्यापार मंडल भवन के लोकार्पण की पूरे जोर-शोर से तैयारी कर दी है। इस संबंध में आज व्यापार मंडल बैजनाथ में सभी व्यापारियों को निमंत्रण पत्र भी बांट दिए हैं इसके अलावा भारी संख्या में पंचायत प्रधानों तथा आसपास के कई लोगों को भी निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। इस संबंध में जहां नगर पंचायत के सचिव आदित्य चौहान का कहना है कि अभी तक व्यापार मंडल को भवन देने के मामले में पूरी तरह कागजी कार्रवाई नहीं हुई है इसलिए यह कार्रवाई अमल में लाई है। व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर का कहना है कि नगर परिषद बैजनाथ ने लगभग 8 महीने पहले उन्हें इस भवन का एनओसी जारी की है, इसके बाद ही उन्होंने लगभग 20 लाख की धनराशि इस भवन की मरम्मत के लिए लगाई है साथ में उन्होंने काफी समय पहले राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी से इस भवन के उद्घाटन के लिए भी समय ले रखा है। घटनाक्रम को लेकर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी काफी खिन्न नजर आई है तथा इस तमाम घटनाक्रम की शिकायत केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के समक्ष उठाने का मन बना चुकी है।(अनंत ज्ञान)

### मधुमक्खियों ने राहगीरों को बनाया शिकार

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** गांव इच्छी में मधुमक्खियों ने कुछ लोगों पर हमला कर दिया, जिससे 10-12 लोगों को मधुमक्खियां ने काटा और कुछ बकरियों को भी अपना शिकार बनाया। शिका नाम लड़के को तो मधुमक्खियां ने सिर और मुंह में मक्खियों ने बुरी तरह काटा जिसे तुरंत मटौर निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां उसका उपचार करके उसे घर भेज दिया गया। प्रत्यक्षियों के अनुसार मधुमक्खियां द्वारा काटे गए मदनलाल, नवनीत, टीका, विनोद, साहिल, कविता, सुनील और राजीव और कुछ छोटे बच्चे भी मधुमक्खियां का शिकार हुए।

### सीएम 53 मील में रखेंगे नई सब्जी मंडी की नींव : निशु

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** 53 मील के निकट करोड़ों की लागत से बनने वाली नई सब्जी मंडी का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री सुक्खू करने वाले हैं। मई के पहले सप्ताह अगर सीएम आफिस से समय मिला, तो इस मंडी का शिलान्यास करवाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। यह खुलासा एपीएमसी और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने किया है। निशु मोंगरा रविवार को जटेहड़ गांव में गुरुद्वारे में शीश नवाने के बाद स्थानीय जनता से मुखातिब थे। जटेहड़ पहुंचने पर निशु मोंगरा का भव्य स्वागत हुआ। निशु मोंगरा ने कहा कि इस सब्जी मंडी से कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के अलावा नगरोटा बगवां, धर्मशाला, शाहपुर आदि हलकों के किसानों को फायदा होगा। इस दौरान निशु मोंगरा ने जनसमस्याएं भी सुनीं। इनमें करीब 30 का मौके पर ही निपटारा कर दिया, जबकि बाकी समस्याएं विभागों को भेजी गई। ग्रामीणों की एक मांग पर निशु मोंगरा ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा हलके के तहत पलेरा पंचायत के जटेहड़ गांव में शैड बनाया जाएगा।

## बज्रेश्वरी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में आज रविवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना निरंतर जारी रहा लोग लाइनों में लग कर अपनी बारी का इंतजार कर मां के दर्शनों का इंतजार करते दिखे। पंजाब, हरयाणा इत्यादि से भारी संख्या में लोग यहां माता के दर्शनों को पहुंच रहे है। कांगड़ा के पास स्थित बज्रेश्वरी घाट (बानगंगा) में भी भारी संख्या में लोग परिवार सहित घूमने का आनंद ले रहे है वहीं साथ लगती बनेर खड़ में नहाने का लूतफ उठा रहे हैं। वहीं ब्रजेश्वरी घाट में रेहड़ी लगाने वाले सुभाष चंद, ओम प्रकाश, सुमन कुमार, रमेश चंद, राजन कुमार, इत्यादि का कहना है की अभी तो गर्मियों की शुरूआत हुई है आगे उम्मीद है की ऐसा ही अच्छा कारोबार चलता रहे। (अनंत ज्ञान)

## हरियाणा के जितेंद्र जीती ढाटी सांबा की बड़ी माली



**राकेश डोगरा, डरोह**

ढाटी सांबा छिंज मेले के तीसरे दिन के मुख्यातिथि की भूमिका सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने निभाई इनके साथ विशेष आमंत्रित अतिथि बब्बू हार्डवेअर थुरल रहे। उन्होंने 31 हजार रुपए का योगदान मेला कमेटी को दिया। मेला कमेटी के प्रधान कुलबीर सिंह राणा व कमेटी सदस्यों द्वारा उनका हार्दिक आभार जताया।

सर्वप्रथम उन्होंने लखदाता मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया, उसके बाद अखाडें की ओर प्रस्थान किया। अखाड़े में पहुंच कर उन्होंने रिबन काटा व कुश्ती की शुरुआत करवाई। इस दौरान विपिन परमार ने कहा कि यह ढाटी छिंज मेला सदियों से चल रहा है। आज की नई पीढ़ी इसकी भूमिका बखूबी निभा रही है। इस दौरान मेले के तीसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहलवानों व आम जनता के लिए स्वास्थ्य शिविर का इंतजाम किया गया था। मेले में मंच का संचालन स्टेज से सतीश राणा ने किया तथा मैदान से मनोज शर्मा पहलवानों को निर्देश दे रहे थे। रेफरी की भूमिका ध्रुव गुलेरिया, राजीव लगवाल व रणजीत सिंह ने निभाई। तीसरे मेले के दंगल में लगभग 90 पहलवानों ने अपनी किस्मत आजमाई, जिसमें सांबा केसरी की 1100 रुपए की माली के लिए अमन कड़ाहू एवं मोहित कड़ाडू के बीच मुकाबला करवाया गया, जिसमें मोहित कड़ाहू विजयी रहे। 31 हजार रुपए की छोटी माली के लिए सचिन कांगड़ा एवं आलम पठानकोट के बीच मुकाबला करवाया गया, जिसमें आलम पठानकोट विजेता रहे।

बड़ी माली 71 हजार रुपए के लिए आकाश पठानकोट व जितेंद्र हरियाणा के बीच मुकाबला करवाया गया, जिसमें जितेंद्र हरियाणा विजेता रहे। इस दौरान भाजपा मंडल थुरल के अध्यक्ष विकास धीमान, सुलह मंडल के अध्यक्ष चंद्र वीर कटोच, भवारना मंडल के अध्यक्ष हंसराज, कैप्टन देसराज, चांदड बमियाल की प्रधान अनुपमा, सांबा के उपप्रधान संजय गुलेरिया अन्य मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



दाड़लाघाट के आशीष गुप्ता को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# हक के लिए ठोकरें खा रहे पौंग विस्थापित

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

### 72 सालों से नहीं मिल रहा न्याय, अब लोगों को न्यायालय पर है उम्मीद



बैठक में शामिल विभिन्न स्थानों से पहुंचे पीड़ित पौंग बांध विस्थापित।

पौंग बांध विस्थापित समिति की विशेष बैठक जिला कांगडा की विधानसभा फतेहपुर के राजा का तालाब में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न स्थानों फतेहपुर, ज्वाली, कांगड़ा, हरिपुर, देहरा व नूरपुर से लगभग 500 विस्थापित परिवारों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं को लेकर मंथन किया गया। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनोद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पौंग बांध विस्थापितों के केस की सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी कर रहे हैं।

अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि पौंग बांध विस्थापितों के केस के अंतिम सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय में जुलाई, 2025 को होने की संभावना है। इसके लिए दस्तावेज संबंधी कार्य के लिए उक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश पौंग बांध विस्थापित समिति ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे विस्थापितों के केस की मजबूती को देखते हुए राजस्थान में श्रीगंगानगर की आरक्षित भूमि पर कुंडली मार कर बैठे भू माफिया के हाथ पैर फूलने लग पड़े हैं। ऐसे में केंद्र सरकार में बैठे कुछ नेताओं से मिलकर राजस्थान का भू-माफिया फिर से कुचक्र चलाने की नीति अपना रहा है। समिति का कहना है कि पांच दशक से फुटबॉल की गेंद की तरह उछाले जाने वाली गेंद की तरह विस्थापितों से अन्याय होता आ रहा है, परन्तु इसको लेकर किसी राजनीतिज्ञ ने चिंतन ने किया। आज तीसरी पीढ़ी को न्याय के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा है, परन्तु वहां भी राजस्थान सरकार ने विस्थापितों के खिलाफ वकीलों की फौज खड़ी कर दी है और अभी भी विस्थापितों के हितों को दबाने पर उतारू है। इस मौके पर समिति ने विश्वास जताया कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू जिन्होंने सदैव पौंग बांध विस्थापितों के हितों की पैरवी की है। वो अपने वादे के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय में पौंग बांध विस्थापितों के केस की पैरवी के लिए देश का एक बेहतरीन अधिवक्ता जरूर देंगे।

जो राजस्थान सरकार की तरफ से खड़ी की गई वकीलों की फौज के खिलाफ लड़ने की चुनौती पेश कर सके। इस दौरान समिति ने प्रदेश राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से एक बार फिर आशा व्यक्त की है। जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे विस्थापितों के केस पर पैसों का अभाव न होने की लिए आश्वस्त किया था।

### न केंद्र और न ही प्रदेश सरकार दे पाई इंसाफ

**इस** मौके पर कुछ विस्थापित परिवारों ने बताया कि उन्हें बीते पांच दशकों से न तो केंद्र सरकार और न ही प्रदेश सरकार की तरफ से अब तक कोई इंसाफ मिल पाया है। पौंग बांध विस्थापितों के पांच दशक पुराने मुद्दे को लेकर सरकारें कितनी संवेदनशील है। यह माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1997 में बनी भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय सचिव, राजस्थान प्रदेश राजस्व सचिव और हिमाचल प्रदेश राजस्व सचिव की संयुक्त हाई पॉवर कमेटी की 29 बेनतीजा बैठकों से स्पष्ट झलकता है। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद शर्मा, पौंग बांध समिति प्रधान हंस राज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमएल कौंडल, महासचिव हुकुम चंद गुलेरी, उपाध्यक्ष बीएस पगडोत्रा, महासचिव कुलदीप शर्मा, संजीव कुमार, प्यारे लाल, रघुवीर सिंह लालिया सहित अन्य विस्थापित उपस्थित रहे।

## स्वामी जगत गिरि आश्रम भदरोया में मनाया बैसाखी पर्व



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

स्वामी जगत गिरि आश्रम भदरोया में परम पूज्य संत श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि महाराज जी की रहनुमाई में पावन पर्व बैसाखी पर भव्य सत्संग सम्मेलन का आयोजन किया गया। अप्रैल 13 को एक तरफ बैसाखी त्यौहार पर सत्संग प्रवचन हुए, दूसरी तरफ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती समारोह को समर्पित बुद्धिजीवियों ने अपने विचार भी प्रकट किए।

उन्होंने बताया कि बाबा साहब भारत के निर्माता हैं, लोकतंत्र के रक्षक एवं भारत के सबसे पढ़े लिखे विद्धान होने के नाते भारत की छवि को पूरे संसार में फैलाया है।उनकी दूरदर्शी सोच ने भारत को सबसे बडा एवं लिखित संविधान देकर भारत को गणराज्य बनाकर सभी धर्मों एवं जातियों को एक सूत्र में बांधा, पर खेद की बात है कि हम अभी तक जाति भेदभाव के कलंक को साथ लेकर जी रहे हैं। यदि हम जाति के कारण बाबा साहब का अपमान करने की नीच सोच रखते हैं तो इस भाव यह है कि हम अपने ही भारतीयों को नीचा दिखाकर, संविधान और लोकतंत्र का हनन कर रहे हैं। वहीं सरबत दा भला संस्था की ओर से आश्रम में पाथ लैव का भी उद्घाटन किया गया। एमकेएम पब्लिक स्कूल भदरोआ की ओर से भी सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मैंडीकल कैंप लगाया गया, आंखों का फ्री चैक अप कैंप भी लगाया गया, गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

समारोह के अंत में हजूर महाराज जी परम पूज्य संत श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि जी ने संक्रांति एवं बैसाखी पर्व पर सत्संग प्रवचन करते हुए बताया कि हमें प्रभु के नाम का सिमरन करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## पुलिस ने चिट्टा तस्करी के आरोपियों की संपत्ति का ब्यौरा पंजाब से मंगवाया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने चिट्टा तस्करी के मामले में आरोपी लंगड़ा राम व उसकी मां और बहन की संपति की जांच तेज कर दी गई। पुलिस ने आरोपी और उसके परिवार की संपत्ति का ब्यौरा पंजाब से मंगवाया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धर्मशाला में चिट्टा तस्करी के आरोप में जनवरी में सामने आए मामलों की जांच में जालंधर निवासी आरोपी मनिंद्र उर्फ लंगड़ा राम को गिरफ्तार किया गया था। इसके आधार पर पुलिस ने मार्च माह में कनाड़ा भागने की फिराक के दौरान आरोपी की बहन को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गिरफ्तार किया था, जबकि आरोपी की मां को जालंधर में उसके आवास से गिरफ्तार कर धर्मशाला लाया गया था।

## गायक दिनेश के गानों पर थिरके लोग

**अनंत ज्ञान, गरली**

राज्य स्तरीय कालेश्वर बैसाखी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बड़े ही भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

गरली के निकटवर्ती कालेश्वर महादेव की पावन भूमि पर आयोजित इस संध्या का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पहुंचे ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रतन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संध्या को यादगार बनाने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित स्टार कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। नैहरनपुखर के उभरते लोकप्रिय गायक नीतीश राजपूत, राज जैरी, वर्षा कटोच, गौरव कौंडल दिनेश कुमार बेदी, अनुज शर्मा, वर्षा कटोच जैसे नामचीन कलाकारों ने एक के बाद एक पहाड़ी और हिंदी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कलाकारों ने पारंपरिक धुनों के साथ आधुनिक संगीत का सुंदर संगम पेश किया, जिससे हर आयु वर्ग के दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान जब नैहरनपुखर के उभरते गायक दिनेश बेदी के गानों ने दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं सांस्कृतिक संध्या के सफल आयोजन में मेला आयोजन समिति और स्थानीय प्रशासन की विशेष भूमिका रही।

## माताश्री सर्विस स्टेशन को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने किया सम्मानित

**सालबिया शर्मा, गरली**



माताश्री सर्विस स्टेशन नेहरन पुखर को पेट्रोल बिक्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें कंपनी के अन्य अधिकारी, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और स्टेशन का स्टाफ मौजूद रहा। समारोह के दौरान मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक ने माताश्री सर्विस स्टेशन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, ग्राहकों के प्रति ईमानदारी और उच्च गुणवत्ता की सेवाओं से स्टेशन इस सम्मान का हकदार बना है। माताश्री सर्विस स्टेशन के संचालक ने यह सम्मान पूरे स्टाफ को समर्पित करते हुए कहा कि यह टीम वर्क का परिणाम है।(अनंत ज्ञान)

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल मोहटली सूरजपुर में मनाया बैसाखी पर्व



**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में चेयरमैन रणवीर सिंह , सैक्टरी कंवलजीत सिंह और प्रधानाचार्या अनुमीत कौर की अध्यक्षता में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर कक्षा दसवीं की छात्रा सोनाक्षी ने अंबेडकर जयंती पर भाषण प्रस्तुत किया। इस मौके पर कक्षा नौवी की छात्राओं ने बैसाखी पर नृत्य पेश किया। प्रधानाचार्या अनुमीत कौर ने बैसाखी की सबको शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम का समापन किया।

## ढलियारा में सरिए से लदा ट्रक खाई में गिरा, दो घायल

**शालनी शर्मा, रक्कड़।** नैहरनपुखर के नजदीक नैशनल हाईवे-503 पर स्थित ढलियारा के 'खूनी मोड़' पर एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सरिया लेकर जा रहा एक ट्रक तड़के करीब 3 बजे रोलर क्रैश बैरियर से टकराकर लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक का पिछला हिस्सा मिट्टी की पहाड़ी में फंस गया, जबकि आगे का हिस्सा खाई में लुढ़क गया। यह ट्रक नगरोटा बगवां की ओर जा रहा था।



हादसे के समय ट्रक में चालक और परिचालक मौजूद थे, जो हादसे में घायल हो गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मोड़ पर केवल क्रैश बैरियर पर्याप्त नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

## सांस्कृतिक नृत्य में अवस्थी कॉलेज प्रथम

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**





मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन इंदौरा में मेगा इवेंट एक्सप्रेशन 2025 का शनिवार को सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि डॉ. युवराज पठानिया रहे, साथ में इस कार्यक्रम में अलग-अलग कॉलेजों व स्कूलों के प्रिंसिपल्स व अध्यापक वर्ग वहां उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जेएस पटियाल द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल वह टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य में अवस्थी कॉलेज आफ एजुकेशन ने प्रथम स्थान, जुपिटर कालेज आफ एजुकेशन ने द्वितीय स्थान और दून कालेज आफ एजुकेशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मॉडल मेकिंग में शैफाली अवस्थी कॉलेज आफ एजुकेशन ने प्रथम स्थान, अवय ठाकुर कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने द्वितीय स्थान व अविशेक कांता कॉलेज आफ एजुकेशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अन्य कॉलेजों ने भी पोजिशन हासि की। प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जेएस पटियाल, डॉ विशाल सूद द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें समग्र विजेता दून कॉलेज ऑफ एजुकेशन रहा। (अनंत ज्ञान)

## आस्था

### कालेश्वर महादेव के स्नान सरोवर में पहुंचे श्रद्धालु

# कालेश्वर में 80 हजार ने लगाई डुबकी

**शिवम शर्मा, परागपुर**



कालेश्वर महादेव मे चलने बाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेला रविवार 13 अप्रैल को पूरे यौबन पर रहा। वहीं इस दौरान जहां मेला स्थल स्थित ब्यास नदी व प्रवित्र स्नान सरोबर पजतीर्थि में आस्था की डुबकी लगाने का तातां दिन भर लगा रहा। करीब 80 हजार श्रद्धालूओं ने ब्यास नदी व प्रवित्र स्नान सरोवर मे डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य बनाया। वहीं इस दौरान यहां राज्य स्तरीय बैसाखी मेले मे पहली बार ब्यास नदी व प्रवित्र स्नान सरोवर पंजतीर्थि में रिकॉर्ड भीड़ देखी गई।

उधर, राज्य स्तरीय बैसाखी कालेश्वर मेले के दूसरे दिन हिमाचली गायकों, स्थानीय स्कूलों, महिला मंडलों और कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मेला कमेटी चेयरमैन एवं एसडीएम देहरा मैडम शिल्पी बेक्टा मेला कमेटी प्रभारी एवं तहसीलदार परागपुर चिराग शर्मा आदि भिन्न विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिर में शीश निवाया और पंजतीर्थी में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान स्नान करने आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए ब्यास नदी में प्रशासन द्वारा लगाए गए सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। (अनंत ज्ञान)

## कूड़े से भरा ऑटो पकड़ा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जितेंद्र कौशल बैजनाथ बैजनाथ की धानग पंचायत के प्रधान रोहित कपूर ने धानग रोड पर कूड़े से भरे एक ऑटो को पकड़ा है। रोहित कपूर का आरोप है कि यह आटो नगर परिषद बैजनाथ पपरोला का था। यहां पर नगर परिषद का काफी समय से कूड़ा कचरा चोरी-छिपे फेंका जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद बैजनाथ पपरोला सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार सुर्खियों में आ रही है। दावे किए जा रहे हैं कि बुरली कोठी में कूड़ा निष्पादन केंद्र लग गया है। अभी तक एक जगह पर कूड़े का निष्पादन नहीं हो रहा। रोहित कपूर ने कहा कि अगर इस पर बैजनाथ के एसडीएम ने कोई संज्ञान नहीं लिया, तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## सुक्खू सरकार की कार्यकाल पूरा करने की कोई गारंटी नहीं : विपिन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं सुलह से भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने एक बार फिर से सुक्खू सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार खुद अपने आप को कई सवालों के कठघरे में खड़ा कर चुकी है।




सुक्खू सरकार की अब कोई गारंटी नहीं है कि वे अपना कार्यकाल पूरा करेगी भी या नहीं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि देवभूमि हिमाचल के हालात क्या हो चुके हैं। सुक्खू सरकार ने देश भर में हिमाचल की छवी को दागदार करने में कोई कर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई भी ऐसा राजनेता नहीं है जो भाजपा के सामने खड़ा होने की नैतिकता रखता हो। कांग्रेस सरकार से हर वर्ग हताश व परेशान हो उठा है और उनके भीतर भड़क रही चिंगारियां कभी भी सड़कों पर आने वाली है।

जनता जान चुकी है कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए झूठी गारंटियों का एक जाल बुना गया, जिसमें उन्हें कैद करने का प्रयास किया गया है, लेकिन अब सुक्खू सरकार का झूठा जाल फट चुका है, जनता सुक्खू सरकार को कभी भी सत्ता से नीचे गिरा सकती है।

# हिमाचल में होगी 6297 प्री-प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती

## इसी माह शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया; शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विभागीय सचिव को दिए दिशा-निर्देश, आउटसोर्स पर होगी भर्ती

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला





हिमाचल सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षा के ढांचे को व्यवस्थित करने की मुहिम शुरू कर दी है। प्राइमरी स्तर के स्कूलों में इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है और प्री-प्राइमरी स्कूलों को पहले चरण के लिए चुना गया है, जिसमें 6297 प्री-प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसी माह यह भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस संबंध में विभागीय सचिव सहित राज्य के इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। भर्ती आउटसोर्स आधार पर की जाएगी, जिसमें नर्सरी टीचर ट्रेनिंग करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। गौरतलब है कि यह मामला काफी समय से लटका था। हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगाई थी। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पर सरकार की तरफ से पैरवी की गई और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्टे दे दिया, जिसके चलते भर्ती करने का आगामी रास्ता साफ हो गया है। इसमें आयु सीमा 21 से 35 वर्ष रखी गई है। (अनंत ज्ञान)

**नर्सरी टीचर ट्रेनिंग करने वालों को दी जाएगी प्राथमिकता**

### बाल शिक्षा को किया जा रहा मजबूत

चयनित शिक्षकों को प्रतिमाह 10 हजार रुपए का पारिश्रमिक मिलेगा। प्रशिक्षक संबंधित स्कूल के वरिष्ठतम शिक्षक की देखरेख में कार्य करेंगे। सरकार के योगदान से बाल शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भर्ती से जुड़ी विस्तृत सूचना और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

### स्कूल शिक्षा निदेशालय करेगा रिक्तियों को निर्धारित

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस संदर्भ में बताया कि स्कूल शिक्षा निदेशालय प्रदेश स्कूल की रिक्तियों को निर्धारित करेगा। इन पदों पर नियुक्त होने वाले शिक्षकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षण का पदनाम दिया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री बोले- प्री-प्राइमरी स्तर की शिक्षा को बनाया जाएगा सरल

रोहित ठाकुर ने कहा कि प्री-प्राइमरी स्तर की शिक्षा संबंधित ढांचे में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाया जाएगा, जिससे छोटे बच्चों के बाल्यकाल को शिक्षा की विद्या में सरल और सुलभ बनाए जा सके। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इसमें ट्रेंड टीचर ही अपनी सेवाएं देंगे, जो आवश्यक प्रक्रिया के तहत चुने जाएंगे। इसके बाद शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों पर ही वे कार्य आरंभ कर पाएंगे।

# रोहड़ू के गजयाणी में अग्निकांड दो मंजिला मकान जलकर राख

अनंत ज्ञान, रोहड़ू



चिड़गांव तहसील के गजयाणी गांव के राज गुरु के दो मंजिले मकान में रविवार दोपहर को अचानक आग लग गई। यह मकान सेब के बागीचे में बना हुआ था जिसमें कोई नहीं रहता था। परिवार के सदस्य कभी कभार रहते थे और सेब सीजन के दौरान मजदूर इस मकान में रहते थे। अग्निकांड की घटना में दो मंजिले मकान में दो कमरे जलकर राख हो गए। पुलिस के अनुसार मकान राज गुरु पुत्र ज्ञान चंद निवासी गजयाणी का था। जिसमें दो मंजिल में दो कमरे बने हुए थे। अग्निकांड की घटना में लाखों रुपए की संपति का नुकसान हुआ है, लेकिन कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। नायब तहसीलदार धमवाडी सुरेंद्र दाऊटू ने बताया कि प्रभावित परिवार का रिहायशी मकान गजयाणी गांव में है। उन्हें राहत मैनुवल के अनुसार सरकार से आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी।

# ताजा हिमपात होने से डोडरा क्वार की 5 पंचायतें शेष दुनिया से कटी



चांशल घाटी पर अवरुद्ध सड़क मार्ग से जेसीबी मशीन बर्फ को हटाते हुए।

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

**चांशल** घाटी पर ताजा हिमपात गिरने से उपमंडल डोडरा क्वार की पांच पंचायतें शेष दुनिया से कट गई हैं। चांशल घाटी पर दो फीट के करीब ताजा हिमपात गिरने से सड़क मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। लोक निर्माण विभाग डोडरा क्वार मंडल के कर्मचारी जेसीबी व डोजर को लेकर चांशल घाटी पर सड़क मार्ग को खोलने में युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं।

चांशल घाटी पर पंद्रह किलोमीटर के करीब सड़क मार्ग पर हिमपात जमा हुआ है, जिसे खोलने में लोक निर्माण विभाग की टीम दिन रात कार्य कर रही है। सोमवार तक सड़क मार्ग खुलने के कयास लगाए जा रहे हैं।

**आज सड़क मार्ग यातायात के लिए हो जाएगा बहाल**

लोक निर्माण विभाग डोडरा क्वार मंडल के अधिशाषी अभियंता ई. नरेंद्र नायक ने बताया कि चांशल घाटी पर दो फीट के करीब ताजा हिमपात गिरने से सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार तक सड़क मार्ग यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

## मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की कमेटी गठित

# ध्यानचंद काल्टा बने प्रधान

अनंत ज्ञान, शिमला

**मिड-डे** मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू मत्याना ब्लॉक इकाई सम्मेलन मतियाना में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 15 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। प्रधान ध्यानचंद काल्टा, महासचिव रीना देवी, कोषाध्यक्ष सुनील वर्मा, उप प्रधान सुनीता देवी, सचिव उदीराम सदस्य भूमी देवी, पुष्पा शर्मा, रोहणी,लायक राम, शांति शर्मा, सुरजीत, रीता, सुनी देवी जानकी, लाल सिंह इत्यादि को चुना गया।

सम्मेलन को सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, शांति देवी, ध्यानचंद काल्टा ने कहा कि मिड-डे मील वर्कर्स की मांगों व मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को पूर्ण हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है। इनके लिए मात्र 4500 रुपये प्रतिमाह वेतन घोषित किया गया है जोकि कई कई महीनों तक नहीं मिलता है। वेतन की राज्य व केंद्र की हिस्सेदारी भी हर महीने अदा नहीं की जाती है। मजदूरों को कभी भी पूरा वेतन नहीं मिलता है। समय पर वेतन न मिलने से मिड डे मील कर्मियों को अपना जीवनयापन करना बेहद मुश्किल हो रहा है।

### नजदीकी स्कूलों में दी जाए तैनाती

**सरकार** द्वारा इस फैसले को लागू किया जाए ताकि प्रदेश के हजारों मिडडे मील कर्मियों को आर्थिक लाभ मिल सके। प्रदेश सरकार द्वारा कम बच्चों की संख्या वाले स्कूलों को बंद करने व कुछ स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज करने पर इन स्कूलों में कार्यरत मिड-डे मील वर्करज को भी अन्य कर्मचारियों की तर्ज पर अनिवार्य तौर पर अन्य नजदीकी स्कूलों में समायोजित किया जाए। मिड-डे मील कर्मियों को प्रतिमाह पहली तारीख को वेतन का भुगतान किया जाए।

### साल में मिले 20 छुट्टियां

**वेतन** स्लिप दी जाए ताकि उन्हें अपने वेतन की सही जानकारी मिल सके। उन्हें आंगनबाड़ी की तर्ज पर एक साल में कम से कम बीस छुट्टियां दी जाएं। उन्हें आंगनबाड़ी व आशा कर्मियों की तर्ज पर साल में दो वर्दी दी जाए। उनसे चुनाव के समय पोलिंग पार्टी को खाना बनाने का कार्य न करवाया जाए।

# क्योंथल में आटे के मीठे बकरे बनाकर मनाई बैसाखी

## क्षेत्र के लोग विभिन्न प्रकार के पहाड़ी व्यंजन बनाकर मनाते हैं बीशू त्योहार



अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )

**तीन** दिवसीय बैसाखी अर्थात बीशू की साजी का पावन पर्व क्योंथल क्षेत्र में परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस त्योहार पर आटे के बकरे बनाने के परंपरा बदलते परिवेश में भी कायम है। बीशू पर्व वर्ष का पहला त्योहार माना जाता है। लोग इस त्योहार को विभिन्न प्रकार के पहाड़ी व्यंजन बनाकर मनाते हैं। बैसाखी की सक्रांति को लोग अपने कुलईष्ट की पूजा करके वर्ष भर की सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

वरिष्ठ नागरिक दयाराम वर्मा और प्रीतम सिंह ठाकुर ने बताया कि कालांतर से इस पर्व को हर वर्ष नववर्ष के आगमन के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। यह त्योहार संक्रांति से दो दिन पहले आरंभ हो जाता है। जिसमें पहले दिन की रात्रि को सिडडू बनाए जाते है। इसी प्रकार अगले दिन आटे के मीठे बकरे और रात्रि को अस्कलियां बनाने की परंपरा है। संक्राति के दिन लोगों द्वारा अपने घरों में पटांडे और खीर बनाई जाती है। बीशू की साजी को लोगों द्वारा अपने कुलदेवता के मंदिर में विशेष पूजा पर हाजरी भरते हैं। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में वर्ष में पड़ने वाली चार बड़ी साजी का विशेष महत्व है। जिनमें बैसाखी संक्राति, श्रावण मास की हरियाली संक्राति, दीपावली और मकर संक्रांति शामिल है।

प्रदेश के जाने माने साहित्यकार शेरजंग चौहान ने बताया कि बैसाखी की संक्रांति आने से पहले लोग अपनी विवाहित बेटियों व बहनों को उनके घर जाकर त्योहार देने की विशेष परंपरा आज भी कायम है जिसका बेटियां बड़ी बेसब्री से इंतजार करती है।

# कुमारसैन में भी बैसाखी की धूम

आत्मा सिंह, कुमारसैन

**ऊपरी** शिमला के कुमारसैन क्षेत्र में हिंदी महीने के अनुसार हर महीने की संक्रांति यानि पहले प्रविष्टे को 'साजा' के नाम से मनाया जाता है। ऊपरी शिमला के क्षेत्रों में वर्षभर में 4 मुख्य साजे मनाए जाते हैं जिन्हें बड़ा साजा कहा जाता है। माघो साजो (माघ का साजा), बशैओ साजो (वैशाख का साजा), शैरीओ साजो (सैरी का साजा), दैओड़ी ओ साजो (दिवाली का साजा) इनमें बैसाख के साजा यानी बैसाखी को मुख्य माना जाता है।

कुमारसैन क्षेत्र में साजे के दिन प्रातः काल में 'चार नगर' ( बटावड़ा, मतेवग, लाठी, ढिंगुली) के पुरोहित ब्राह्मण अपने-अपने यजमानों के घर जाकर द्वार पूजन करते हैं जिसे 'दरेओड़-द्वार पूजणा' कहा जाता है। प्रत्येक घर की महिलाएं घर के आंगन में रंगोली बनाती हैं जिसे चौका कहा जाता है। इसके अलावा घर के मुख्य द्वार पर बुरांश का फूल सजाया जाता है।

यह पर्व खुशियों और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, क्योंकि इस समय वर्ष की पहली फसल पक कर तैयार होती है जिसे रबी फसल कहा जाता है जैसे कि गेंहू, जौ इत्यादि।



**मंडोली और कचेड़ी के मंदिरों में विशेष पूजा**

इस दिन विशेष तौर पर ज़ाई भाणजुओं को भी भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता है। बैसाखी के पर्व पर कुमारसैन क्षेत्र के अधिष्ठाता देवता साहिब कोटेश्वर महादेव मंदिर मंडोली और आदिशक्ति देवी मंदिर कचेड़ी में क्षेत्र की खुशहाली के लिए विशेष तौर पर पूजा अर्चना की जाती है, जिसमें क्षेत्र भर के लोग हाजिरी देना जरूरी समझते हैं। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल : धर्माणी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



सेवा समिति, ठाई माता मंदिर, गांव व डाकघर कोट, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर द्वारा आयोजित 15वें स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आज सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया और आयोजन समिति की इस सराहनीय पहल के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की। धर्माणी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। शिविर में नेत्र, हृदय, स्त्री रोग, अस्थि, सामान्य रोग, ईएनटी, दंत रोग, एक्स-रे, फिजियोथैरेपी, बीएमडी, ईसीजी, ब्लड शुगर, सहित अन्य लैब जांच सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। इस कार्य में डॉ. बैनी राम, डॉ. विजय सहगल, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. नितेश भारद्वाज, डॉ. अनुपा मित्तल, डॉ. सोनाली सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। शिविर में 600 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई, जो इस आयोजन की व्यापक सफलता और जन-भागीदारी का प्रमाण है।

### जिले में 18 विशेषज्ञ डॉक्टर के आने से मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

**मंत्री** राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा जिले के चार प्रमुख अस्पतालों में 18 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आदर्श स्वास्थ्य संस्थान योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अस्पताल को सशक्त किया जा रहा है, जिससे लोगों को नजदीक ही समुचित इलाज मिल सके। राजेश धर्मानी ने जिला बिलासपुर के चार अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि यह कदम प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल बिलासपुर में छह, सिविल अस्पताल घवांडल में छह, घुमारवीं में तीन, झंडा में एक और सीएमओ कार्यालय में दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इनमें माइक्रोबायोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन, फार्माकोलॉजी, एनस्थीसिया, रेडियोलॉजी, मेडिसिन और रेस्पिरेटरी मेडिसिन जैसे विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। राजेश धर्मानी ने कहा कि विशेष रूप से घवांडल अस्पताल में छह डॉक्टरों की नियुक्ति से वहां के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि डॉक्टरों की भारी कमी थी। राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक और लाहौल-स्पीति जिले में दो आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना की जा रही है।

# एचपी शिवा परियोजना के क्लस्टरों का बागवानी मंत्री ने किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



हिमाचल प्रदेश सरकार में बागवानी, राजस्व, जनजातीय विकास एवं शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने बिलासपुर जिले के अंतर्गत एचपी शिवा परियोजना के तहत विकसित कोठी मजेड़ और करोट क्लस्टरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय बागवानों से संवाद कर परियोजना के जमीनी प्रभाव और कार्यान्वयन की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान बागवानों ने क्लस्टरों में जल आपूर्ति की कमी को प्रमुख समस्या के रूप में उठाया। इस पर मंत्री ने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि बागवानी गतिविधियां बाधित न हों। बागवानी मंत्री ने अधिकारियों को एचपी शिवा परियोजना को मनरेगा से जोड़ने के भी निर्देश दिए ताकि बागवानी कार्यों को मजबूती मिले और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो। बागवानों से नियमित फीडबैक लेकर परियोजना को और प्रभावी बनाया जाएगा। मंत्री ने बागवानों से आह्वान किया कि वे योजना की निगरानी और गुणवत्ता पर स्वयं भी नजर रखें, जिससे परियोजना की पारदर्शिता बनी रहे और उसका दीर्घकालिक लाभ मिल सके। उन्होंने जानकारी दी कि एचपी शिवा परियोजना के तहत प्रदेश के बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन, सिरमौर और ऊना जिलों में अमरूद, संतरा, लीची और पलम की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इससे 15,000 से अधिक किसान परिवारों को लाभ पहुंचेगा और उन्हें उपयुक्त बाजार से जोड़ा जाएगा। परियोजना के अंतर्गत 162 उठाऊ सिंचाई योजनाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही ड्रिप सिंचाई प्रणाली और सोलर बाड़बंदी की सुविधा से बागवानों को तकनीकी सहयोग दिया जा रहा है। मंत्री ने जैन सिंचाई कंपनी और संबंधित अधिकारियों को स्प्रिंकलर प्रणाली की स्थापना का भी निर्देश दिया, ताकि क्लस्टरों में मिश्रित फसलें उगाने को भी बढ़ावा मिल सके।

# बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** बैसाखी और संक्रांति के अवसर पर झंडूता उपमंडल के शाहतलाई क्षेत्र में स्थित उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में करीब 40,000 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया था। भक्तों ने जय बाबा बालक नाथ के जयघोषों के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और स्थानीय पुलिस द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही, जिससे किसी प्रकार की असुविधा ना हो। श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित देशभर से बाबा बालकनाथ के दर्शन को पहुंचे। आज वैशाखी और संक्रांति के साथ साथ चैत्र मेले का अंतिम रविवार था। जिसके चलते श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ गई थी। श्रद्धालुओं ने गरूणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में भी दर्शन किए। भक्तों ने बाबा की पौराणिक गुफा में जाकर मन्नतें मांगीं और रोट का प्रसाद चढ़ाया। धार्मिक मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से बाबा से प्रार्थना करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। (अनंत ज्ञान)

# बिना खेल बचपन लगता है अधूरा : प्रजापति



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** बिलासपुर जिले की झंडूत्ता के गांव धराड़ में शिव शक्ति युवक मंडल ने आयोजित शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से खेल को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय धराड़ प्रीमियर लीग डीपीएल सीजन-2 का आयोजन हर्षोल्लास और खेल भावना के साथ आगाज हुआ। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की लगभग बारह टीमें हिस्सा ले रहीं है। वहीं कोटधार इलेवन बनाम री-रडोह मुकाबला बेहद रोमांचकारी रहा। क्रिकेट टूर्नामेंट में शिक्षाविद सुमन प्रजापति ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनका उत्साहवर्धन किया और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजन युवाओं को न केवल फिट और अनुशासित बनाते हैं, बल्कि उन्हें एकजुट होकर समाज के विकास में भाग लेने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा बिन खेल बचपन अधूरा लगता है। वहीं आज का युवा अगर खेल की ओर अग्रसर होता है तो वह न केवल अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । ऐसे टूर्नामेंट ग्रामीण युवाओं को एक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपने खेल कौशल को निखार सकते हैं और अनुशासन, सहयोग व नेतृत्व जैसे मूल्यों को आत्मसात कर सकते हैं। सुमन प्रजापति ने कहा खेल सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में एकता, समर्पण और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। शिव शक्ति युवक मंडल का यह प्रयास सराहनीय है और इससे युवाओं में नई प्रेरणा का संचार होगा। सुमन प्रजापति ने शिव शक्ति युवक मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं नई प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर देती हैं और युवाओं को नशे के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में सहायक होती हैं। (अनंत ज्ञान)

# क्षेत्र का विकास करना पहली प्राथमिकता : विधायक कटवाल



अनंत ज्ञान, झंडूता

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि प्रदेश सरकार राजनीतिक द्वेष भावना से काम करते हुए भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों से सौतेला व्यवहार कर रही है, लेकिन मोदी सरकार के सहयोग से झंडूता के विकास में वह अपने स्तर पर कोई कमी नहीं रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के पूरे देश में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार को इससे सीख लेनी चाहिए।

रविवार को जीतराम कटवाल ने मलरांव, सनीहरा, नघ्यार, झंडूता, डाहड व बरठीं पंचायतों का दौरा किया। स्थानीय लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर कारगर योजनाएं बना रही है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं लागू करते समय केंद्र सरकार ने यह नहीं देखा कि किस राज्य में किस पार्टी की सरकार है।

सभी राज्यों के पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इससे सीख लेकर प्रदेश सरकार को जनहित में अपना रवैया बदलने की जरूरत है। ज्यादातर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

**टूर्नामेंट** कोलडैम कसोल वैली में जल क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन

# चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने बटोरीं सुर्खियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला बिलासपुर के कोलडैम स्थित कसोल वैली में आयोजित तृतीय बैसाखी मेले के दूसरे दिन जल क्रीड़ा स्पर्धाओं का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रमुख व्यवसायी अशोक ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि जल क्रीड़ा स्पर्धाओं का शुभारंभ किया। वहीं रक्षा मंत्रालय सचिव के ओएसडी प्रेम सिंह रघुवंशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि अशोक ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन से क्षेत्रीय पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में साई एनटीपीसी बरमाणा के महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। रविवार को कोलडैम के कसोल वैली तृतीय बैसाखी मेले पर दूसरी राज्य कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में जूनियर पुरुष और महिला तथा सब-जूनियर लड़के और लड़कियों की भागीदारी रही। इस आयोजन की मेजबानी हिमाचल प्रदेश कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन एवं जिला कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन बिलासपुर ने की।

मुख्यातिथि अशोक ठाकुर और वशिष्ठ अतिथि प्रेम सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, सेवानिवृत्त एसडीओ आरएल कौंडल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। हिमाचल प्रदेश की टीम के 21 एथलीट और 4 तकनीकी स्टाफ सदस्य अब 24 से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 35वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।



**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल में मिलेगा चयन का अवसर**

कोच अंग्रेज सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चयन का अवसर मिलेगा। वहीं टीआईडीसी समिति चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन की गहन निगरानी करेगी।

# सांढू मैदान में मजार को किया क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गोबिंद सागर झील के किनारे स्थित ऐतिहासिक सांढू मैदान में बनी एक मजार को शनिवार रात अज्ञात लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। यह मजार हाल के दिनों में विवाद का विषय बनी हुई थी, और अब इसकी तोड़फोड़ से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है।

सूत्रों के अनुसार, मजार को लेकर कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी साझा की गई थी, जिसके चलते एक सामाजिक संगठन के कुछ कार्यकर्ता मजार स्थल पर पहुंचे थे। हालांकि मजार का ऐतिहासिक संदर्भ और पृष्ठभूमि जानने के बाद वे शांति से वापस लौट गए थे।

सोशल मीडिया पर फैलाई गई इस भ्रामक जानकारी को लेकर पहले ही सदर थाना में एफआईआर दर्ज की जा चुकी थी, लेकिन पुलिस जांच पूरी होने से पहले ही शनिवार रात को मजार को नुकसान पहुंचाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने बताया, मजार को नुकसान पहुंचाने की घटना को गंभीरता से लिया गया है।

# घुमारवीं में सूखा कचरा बना संकट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं शहर में सूखे कचरे के निस्तारण की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। नगर परिषद की कचरा गाड़ी बीते 10 दिनों से घरों और दुकानों से सूखा कचरा नहीं उठा रही है, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में कचरे के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। स्थानीय लोग न केवल इस अव्यवस्था से परेशान हैं बल्कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठा रहे हैं। नगर परिषद के अनुसार 5 अप्रैल से 9 अप्रैल तक शहर में आयोजित ग्रीष्मोत्सव के दौरान डंपिंग साइट तक पहुंचने का रास्ता अस्थायी दुकानों के कारण बंद हो गया था। कूड़ा फेंकने वाली गाड़ी पार्किंग क्षेत्र में बनी डंपिंग साइट तक नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते सूखा कचरा लेना अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। हालांकि ग्रीष्मोत्सव को समाप्त हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन कचरा प्रबंधन व्यवस्था अब तक बहाल नहीं की गई है। नगर परिषद का कहना है कि कुछ अस्थायी दुकानें अब भी हटाई नहीं गई हैं, जिससे गाड़ी की आवाजाही में दिक्कत आ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घरों में जमा सूखा कचरा बहुत जमा हो गया है। बदबू और गंदगी के चलते स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी में हर्षोल्लास से मनाया बैसाखी पर्व



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सिंह सभा सदर बाजार डलहौजी में बैसाखी का पर्व खालसा सजना दिवस बड़ी है धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा के प्रधान परमजीत सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ कर दिया गया था व 13 अप्रैल को श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाल दिया गया। लुधियाना दुख निवारण गुरुद्वारा से आए हुए कर्तनीए भाई सुखविंद्र सिंह सागर ने संतो को अपने शब्द कीर्तन द्वारा खूब निहाल किया। तो वहीं लोकल जत्था भाई मनीष और विशाल कोहली ने शब्द कीर्तन गायन कर संगतों का खूब समय बांदा। आनंद साहिब के कीर्तन के बाद भोग डाला गया। तथा दूर-दूर से आई हुई संगतों ने गुरु का अटूट लंगर भी ग्रहण किया। गुरुद्वारा के प्रधान परमजीत सिंह ने कहा कि बैसाखी के पर्व पर डलहौजी की सारी संगत रल मिलकर इस पर्व को बड़ी ही श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। डलहौजी में मंदिर और गुरुद्वारा एक ही दीवार पर स्थित होने पर हिंदू सिख भाईचारे का प्रतीक है।

### भक्ति, परमात्मा को जानकर ही होती: सूरज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें पठानकोट से आए हुए क्षेत्रीय संचालक महात्मा सूरज कालरा ने प्रवचन करते हुए कहा कि भक्ति, परमात्मा को जानकर ही होती है और भक्ति निःस्वार्थ और भय युक्त होनी चाहिए। परमात्मा पत्ते-पत्ते, डाली-डाली ब्रह्मांड के कण-कण में समाया है। यह अंदर-बाहर सब जगह मौजूद है और हर धर्म ग्रंथ ने यही समझाया है। परमात्मा को जानने के बाद मन से भय, स्वार्थ और अहंकार दूर हो जाता है। हानिकारक सोच और नकारात्मक विचार खत्म हो जाते हैं। सभी एक ही परमपिता परमात्मा की ही रचना हैं। कालरा ने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल है और जीते जी ही परमात्मा की पहचान करनी है। यह शरीर ही हमारी वास्तविक पहचान नहीं है बल्कि आत्मिक रूप ही वास्तविक पहचान है। शरीर की अवस्था और आकार तो एक जैसा है परंतु व्यवहार से पता चलता है कि वह मानव है या दानव है। फरिश्ता और शैतान दोनों इंसानी रूप में ही होते हैं परंतु मानवीय गुणों से पता चलता है। मानवता से ऊँचा कोई धर्म नहीं है और ऐसा ही इंसान का जीवन हो। जब मन में परमात्मा बसा रहता है तो प्यार का भाव, अपनत्व, एकता, विशालता, सहनशीलता, करुणा, दया इत्यादि मानवीय गुण मन में खुद-ब-खुद आ जाते हैं।

### प्रशिक्षु शिक्षकों ने खेलकूद स्पर्धा में झटके मेडल

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** नोबल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षु अध्यापक-अध्यापिकाओं ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में राज्य के विभिन्न शैक्षणिक कॉलजों में बढ़ चढकर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ननोबल कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शिवा कॉलेज आफ एजुकेशन घुमारवीं बिलासपुर में आयोजित महिला कबड्डी में प्रथम स्थान, जोड़ी नृत्य में चौथा स्थान प्राप्त किया, द्रोणाचार्य कॉलेज आफ एजुकेशन रेट कांगड़ा में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में तरुण ने प्रथम स्थान, स्किल प्रेजेंटेशन इन टीचिंग में प्रियदर्शनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, मिनर्वा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन इंदौर कांगड़ा में आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में ममता ने प्रथम, लंबी छलांग में ललिता ने प्रथम स्थान, चक्का फैक प्रतियोगिता में ममता ने द्वितीय पुरुष वर्ग में गोला बैंक में अर्जुन ने चतुर्थ, सुनील कुमार ने ऊंची कूद में चतुर्थ स्थान, फैंसी ड्रेस में ममता ने तीसरा स्थान तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रमिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नोबल कॉलेज की प्रिंसिपल प्रीत किरण ने प्रशिक्षु अध्यापक अध्यापिकाओं को उनकी शानदार जीत पर बधाई दी।

# तेंदुए ने 30 भेड़ों को बनाया शिकार

## पुला गांव में बाड़े में घुसकर बनाया निशाना, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान, तीसा/चुराह**

**चंबा** जिले की उपमंडल चुराह के देहग्राम पंचायत स्थित गांव पुला में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात एक खूंखार तेंदुए ने गांव के एक बाड़े में घुसकर 30 से अधिक भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 10 से अधिक भेड़ें लापता हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल गहराता जा रहा है।

घटना के शिकार हुए भेड़पालक कर्म चंद पुत्र चंद, गांव पोला (पोस्ट ऑफिस देहग्राम, तहसील चुराह) के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, कर्म चंद ने रोज़ की तरह अपनी भेड़ों को शाम को बाड़े में बांध दिया था और घर लौट गए थे। लेकिन अगली सुबह जब वह बाड़े में पहुंचे, तो वहां का दृश्य बेहद हृदयविदारक था—बाड़े के भीतर मरी पड़ी भेड़ों के शव और अन्य घायल भेड़ों पर तेंदुए के हमले के गहरे निशान थे। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ समय से क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही है। मगर अब पशुओं पर इस तरह के सीधे हमले ने उन्हें पूरी तरह से आतंकित कर दिया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए तो यह तेंदुआ किसी इंसान को भी निशाना बना सकता है। कर्म चंद ने घटना की जानकारी पंचायत के उप-प्रधान देस राज को दी, जो तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग व पशुपालन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और घटना की पुष्टि की।



### जल्द उठाए जाएंगे कदम: डीएफओ

ग्रामीणों की मांग है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाएं और पशुधन की सुरक्षा के लिए रात के समय निगरानी बढ़ाई जाए। इस घटना को लेकर डीएफओ सलूणी, (चुराह) सुशील गुलेरिया से उप-प्रधान देस राज ने बात की। डीएफओ ने आश्वासन दिया कि वन विभाग इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और जल्द ही तेंदुए के आतंक को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# सलूणी-हलूरी मार्ग पर खाई में गिरी गाड़ी; एक की मौत, दो गंभीर घायल



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिमाचल** प्रदेश के चंबा जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सलूणी-हलूरी मार्ग पर एक तेज रफ्तार गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। हादसा रविवार शाम करीब 4 बजकर 30 मिनट पर हुआ। यह गाड़ी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गाड़ी में सवार तीनों युवक गांव-गांव जाकर इंडक्शन चूल्हे बेचने का काम कर रहे थे और उसी सिलसिले में हिमाचल के सुदूर क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन व पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। मृतक की शिनाख्त की जा रही है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। यह हादसा न सिर्फ एक परिवार के लिए त्रासदी है, बल्कि पहाड़ी क्षेत्रों में यातायात सुरक्षा की चिंता को फिर से सतह पर ला खड़ा करता है।

# सूही माता ने चंबावासियों को पानी दिलाने के लिए कर दिए थे प्राण न्योछावर: पुजारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** की आस्था और संस्कृति का प्रतीक सूही माता मेला इस वर्ष 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह तीन दिवसीय मेला रानी सुनैना की उस महान आत्मबलिदान की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने चंबावासियों को पानी दिलाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।

मेले की शुरुआत 10 अप्रैल को हुई, जिसमें शहर भर से महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। यह मेला विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों द्वारा मनाया जाता है और इसमें सूही माता की गाथा को लोकगीतों और कथाओं के माध्यम से सुनाया जाता है। चंबा के ऐतिहासिक चौगान से माता के मंदिर तक एक धार्मिक शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता के दर्शन किए। अनंत ज्ञान के संवाददाता राहुल ने सूही माता मंदिर में उपस्थित पुजारी भारद्वाज से विशेष बातचीत की। पुजारी ने कहा कि माता ने चंबा वासियों के लिए अपना बलिदान दिया था। आज अगर चंबा में पानी बह रहा है, तो वह उन्हीं की कृपा है। माता जब देखती हैं कि चंबा के सभी लोग लोग उनसे मिलने नहीं आते, तो वे नाराज़ भी हो जाती हैं। वे चंबा वासियों को अपने बच्चों के रूप में देखती हैं और चाहती हैं कि वे अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहें। उन्होंने यह भी कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक नहीं बल्कि संस्कृति, भक्ति और आभार की जीवंत अभिव्यक्ति है—एक रानी से देवी बनने की दिव्य यात्रा।

मेले में पारंपरिक लोकगीतों, वाद्ययंत्रों और कथा-वाचन की समृद्ध झलक दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने सूही माता के मंदिर में आकर दर्शन किए और चंबा की इस सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का संकल्प दोहराया। सूही माता मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह चंबा की आत्मा से जुड़ी हुई वह विरासत है, जो हर वर्ष श्रद्धा और गौरव से पुनर्जीवित होती है।



तीन दिवसीय सूही मेला श्रद्धा और संस्कृति के साथ हुआ संपन्न

# राज्य की स्थिति चिंताजनक, केंद्र सरकार के सहारे चल रहा प्रदेश: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चंबा में आयोजित एक बैठक के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति गहरी चिंता का विषय बन चुकी है, और ढाई वर्षों का कार्यकाल बीत जाने के बावजूद विकास कार्य ठप पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की वित्तीय कुशलता का स्तर इतना गिर चुका है कि हिमाचल अब पूरी तरह से केंद्र सरकार, नाबार्ड, वर्ल्ड बैंक और सर्व शिक्षा अभियान जैसे बाहरी संसाधनों की सहायता पर निर्भर हो गया है। राज्य सरकार की अपनी कोई ठोस विकास रणनीति नज़र नहीं आती।

जयराम ठाकुर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की तुलना करते हुए बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में केवल 71 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जबकि पहले यह वृद्धि 3000 करोड़ से 5000 करोड़ रुपए तक होती थी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में प्रत्येक विभाग में वित्तीय संकट व्याप्त है, और योजनाएं केवल कागज़ों में सिमट कर रह गई हैं।

चंबा को 'आकांक्षी ज़िला' बताते हुए जय राम ठाकुर ने कहा कि यहां विकास कार्यों की स्थिति बेहद खराब है। सड़कें मलबे से भरी पड़ी हैं, दो वर्षों से किसी प्रकार की मरम्मत नहीं हुई। भाजपा सरकार के दौरान शुरू की गई योजनाओं को या तो बंद कर दिया गया है या पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया गया है।

जयराम ठाकुर ने चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर जनता के हित में निर्णय लेने होंगे। अब समय है कि प्रदेश हित को सर्वोपरि रखते हुए सभी रुकी हुई योजनाओं को पुनः शुरू किया जाए और वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता लाई जाए। इस बैठक में शामिल बिंदुओं ने आने वाले दिनों की राजनीति और नीति-निर्माण को लेकर एक नई बहस को जन्म दिया है।



# मच्छ्याल में बैसाखी मेला पारंपरिक उल्लास के साथ शुरू

## एसडीएम ने आराध्य बाबा मच्छिंद्रनाथ व देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**उपमंडल** जोगिंद्रनगर के मच्छयाल गांव में बैसाखी के पावन अवसर पर पारंपरिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और क्षेत्र के आराध्य बाबा मच्छिंद्रनाथ और समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर मेले की विधिवत शुरुआत की। पूजा कार्यक्रम के बाद मेला कमेटी की ओर से एसडीएम मनीष चौधरी को पारंपरिक शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा, कानूनगो राजकुमार ठाकुर, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक सचिव गुरु शरण परमार, मसोली पंचायत के उपप्रधान मनीष चौधरी, चल्हारग के पूर्व उपप्रधान होशियार ठाकुर, राहुल लखनपाल, अजय चौधरी, चंदर पाल, संजू गुलेरिया, धर्मवीर चौधरी, अश्वनी शर्मा, मेघ सिंह, सुरेश शर्मा, अजय कुमार, रविंद्र कुमार, विजय कुमार, सरोज कुमारी, शक्ति बाला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और मेले के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

मेले के दौरान रंगोली प्रतियोगिता, एकल गान, समूह गान, पारंपरिक पहाड़ी नाटी और बच्चों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले को जीवंत बना दिया। महिला मंडलों और बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रमों में हिमाचली लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

एसडीएम मनीष चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे पारंपरिक मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह मेल-जोल और सामाजिक समरसता का प्रतीक होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

### आज होंगे और भी रोमांचक कार्यक्रम

**मेले** के दूसरे दिन महिलाओं के लिए रस्सा-कस्सी, मटका तोड़, म्यूजिकल चेयर जैसी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वॉलीबॉल प्रतियोगिता खुद्दर मैदान में करवाई जाएगी। रात्रि को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जो शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी और इसमें स्थानीय व बाहरी कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय राज्य विश्वविद्यालय बैठक संपन्न

# एबीवीपी ने की शैक्षणिक माहौल बनाने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित और राष्ट्रीय हित के प्रति दायित्वान छात्र संगठन के रूप से समाज में काम कर रहा है। इसी संदर्भ में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय राज्य विश्वविद्यालय बैठक शिमला में आयोजित की गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राज्य विश्वविद्यालय राष्ट्र सह संयोजक अमित ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आज अखिल भारतीय राज्य विश्वविद्यालय बैठक का समापन हुआ जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार, अभाविप के सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, अभाविप की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. निधि त्रिपाठी, राज्य विश्वविद्यालय राष्ट्रीय संयोजक अम्बा दास इसी के साथ अन्य राष्ट्रीय दायित्ववान कार्यकर्ता एवं देश भर के 83 राज्य विश्वविद्यालयों के लगभग 130 नेतृत्वकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय राज्य विश्वविद्यालय बैठक दो दिवसीय रहेगी। जिसमें राज्य विश्वविद्यालय में किस प्रकार से शैक्षणिक माहौल को बनाया जाए किस प्रकार से छात्रों की रुचि अन्य असामाजिक गतिविधियों से हट कर के शिक्षा और राष्ट्र की तरफ बने इस विषयों पर विचार मंथन होना तय हुआ।

इसी के साथ अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने अपने संबोधन में बताया कि देश भर में राज्य विश्वविद्यालय का अपना अलग से एक रुतबा है। उन्होंने बताया कि देश में राज्य विश्वविद्यालयों का अपना स्थान है। इस समय राज्य विश्वविद्यालयों में शिक्षा का सुदृढकरण कैसे किया जाए इस विषय पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



### सूडोकु नवताल- 7400 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7399 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# साइबर क्राइम व चिट्टे से निपटने के लिए बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश में बढ़ते साइबर क्राइम व चिट्टा के नशे के फैलते जाल को लेकर वरिष्ठ नागरिक परिषद ने चिंता जताते हुए इसकी रोकथाम के लिए रणनीति तैयार की है। रविवार को जिले के पधर स्थित पंचायत घर में हुई स्थानीय इकाई की बैठक में पहुंचे परिषद के प्रदेशाध्यक्ष डॉ अशोक अवस्थी, जिला अध्यक्ष रणपत सिंह राणा मंडी के प्रधान उमेश शर्मा व मुख्य समन्वयक एमसी चौहान ने कहा कि साइबर क्राइम से भोले भाले लोग ही नहीं पढ़े लिखे भी ठगे जा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। इससे भी अधिक चिंता का कारण चिट्टे का फैलता जाल है जिससे दर्जनों युवकों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिक परिषद सरकार, प्रशासन व पुलिस की मदद भी करेगी तथा अपने स्तर पर भी कार्ययोजना तैयार करेगी। यह सब अब देवभूमि में बेहद चिंताजनक स्थिति तक पहुंच गया है।

परिषद का ऐसा मानना है कि चिट्टा जैसी कुरीति को माता पिता यदि जिम्मेवारी से काम लें तो अपने बच्चों को बचा सकते हैं। इसके लिए जहां माता पिता को अपने बच्चों पर तीखी नजर रखनी होगी, उनकी आदतों पर पूरा ध्यान देना होगा वहीं अच्छे संस्कार भी बच्चों को नशे से दूर रहने की शिक्षा देते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक परिषद संगठन को विस्तार देने के लिए एक कार्ययोजना बनाई गई। कहा गया कि कोई भी नागरिक जिसकी उम्र 60 साल हो गई हो वह इसका सदस्य बन सकता है। प्रदेशाध्यक्ष डॉ अशोक अवस्थी ने साइबर क्राइम व चिट्टा की बीमारी को कैसे रोका जा सकता है इस पर विस्तार से अपना संबोधन दिया।

## अनंत Classifieds

### सूचना

**मैं,** प्रदीप कुमार पुत्र राम धुर यादव, निवासी गांव हिम्मतपुर दाबली, पोस्ट ऑफिस कुमारहट्टी, तहसील व जिला सोलन घोषणा करता हूं कि एम.सी. चंडीगढ़ द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में मेरे बेटे का नाम रितिक है जोकि सही है। जबकि आधार कार्ड में गलती से 'हरितिक' अंकित है। इसे रितिक किया जाए।

### NAME CHANGE

**I, Amarjeet** is father of Army no.19003999F Hav Nitesh Kumar S/O Amarjeet Singh vill. Bhadroon P.O. Dhaneta Teh. Nadaun Distt. Hamirpur Himachal Pradesh declare that I have changed my name from Amarjeet to Amarjeet Singh vide affidavit dated 09.04.2025 excutive magistrate Teh Nadaun Distt Hamirpur.

### NAME CHANGE

**I , Saveena Kumari** is mother of army No.19003999 F Hav Nitesh Kumar S/O Amarjeet Singh Vill. Bhadroon P.O. Dhaneta Teh. Nadaun Distt. Hamirpur Himachal Pradesh declare that I have changed my name from Saveena Kumari to Savina Devi vide affidavit dated 09.04.2025 excutive magistrate Teh. Nadaun Distt. Hamirpur.

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

14 अप्रैल, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत चैत्र, **तिथि** द्वितीया (10:58) : **नक्षत्र** विशाखा (03:10), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सिद्धि (11:31) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित, (11:55-12:47) **राहुकाल** (03:34-05:10)।

### विशेष दिन

- 14 अप्रैल 2025: डॉ. अंबेडकर जयंती आज।
- 14 अप्रैल 2025: मीन मलमास आज होगा पूर्ण।

**मेष** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृषभः** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुनः** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंहः** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्याः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**तुलाः** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृश्चिकः** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। शांतिपूर्वक कार्य करें।

**धनुः** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है।

**मकरः** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभः** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती के लिए मन केंद्रित होगा।

**मीनः** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। लंबे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं।

## आस्था: जय कार्तिक स्वामी महाराज के जयकारों से गूंजा मंदिर, लिया आशीर्वाद

# केलंग मंदिर के खुले कपाट, उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**प्रदेश** के भरमौर उपमंडल के प्रसिद्ध केलंग मंदिर के कपाट 13 अप्रैल को प्रात: लगभग 10 से 10:30 बजे विधिवत रूप से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। बैसाखी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। पहले ही दिन करीब 2500 श्रद्धालुओं ने केलंग मंदिर में दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर 'जय कार्तिक स्वामी महाराज की' घोषणाओं से गूंज उठा। लोग पारंपरिक परिधानों में पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन में लीन रहे। कपाट खुलने के बाद मंदिर में नियमित रूप से आने वाले महीनों तक दर्शन जारी रहेंगे, और श्रद्धालु अब प्रतिदिन इस दिव्य स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग की सफाई, पीने के पानी, बैठने, शौचालय और बिजली जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की गई हैं। कुगति गांव से केलंग मंदिर तक के पैदल मार्ग को दुरुस्त किया गया है और यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। 12 अप्रैल की रात्रि को कुगति गांव में पारंपरिक 'नुवाले' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर लोक संस्कृति और आस्था का जीवंत अनुभव साझा किया।

केलंग मंदिर की यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंदिर तक की यात्रा प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और इसे पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। अब आने वाले महीनों तक केलंग मंदिर में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंच सकते हैं और कार्तिक स्वामी के दिव्य आशीर्वाद का लाभ उठा सकते हैं।



सच्चा नेता वह होता है जो जनता की भलाई के लिए काम करता है, न कि व्यक्तिगत लाभ के लिए। -डॉ. राजेंद्र प्रसाद

## संपादकीय

# विकास का मील पत्थर

सड़कों पर गाड़ियों के बढ़ते दबाव को देखते हुए हिमाचल में सड़क नेटवर्क का विस्तार समय की मांग है। सीमा सड़क संगठन यानी बीआरओ की ओर से प्रस्तावित वांगतू-अटरगू-मुद-भावा दर्रा सड़क परियोजना हिमाचल प्रदेश के लिए न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह राज्य की आर्थिकी, पर्यटन और आंतरिक संपर्क को भी एक नई ऊंचाई प्रदान करने जा रही है। 4,865 मीटर की ऊंचाई पर बनने वाली यह सड़क खारदुंगला के बाद भारत की दूसरी सबसे ऊंची वाहन-योग्य सड़क होगी। इसका सीधा लाभ शिमला, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम जिलों को मिलेगा, जो वर्ष के अधिकांश समय तक बर्फबारी के कारण शेष राज्य से कटे रहते हैं। यह सड़क वांगतू से होते हुए अटरगू, मुद और अंततः भावा दर्रे को पार कर लाहौल-स्पीति को जोड़ेगी। यह मार्ग इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह भारत-चीन सीमा से सटे क्षेत्रों तक सैन्य और आपूर्ति वाहन को तेजी से पहुंचने का विकल्प देगा।

वर्तमान में लाहौल-स्पीति में सेना की आवाजाही के लिए सीमित मार्ग हैं, जो मौसम के कारण अवरुद्ध हो जाते हैं। इस सड़क के बनने से जहां दूरी में कमी आएगी वहीं, समय की बचत भी होगी। यह सड़क शिमला से काजा की दूरी को लगभग 100 किलोमीटर कम कर देगी, जो वर्तमान में 410 किलोमीटर है, वह घटकर 310 किलोमीटर रह जाएगी। इससे न केवल परिवहन लागत में कमी आएगी, बल्कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए आवागमन भी अधिक सहज होगा। यह क्षेत्र प्रकृति प्रेमियों और साहसिक पर्यटन के शौकीनों के लिए आकर्षण का केंद्र माना जाता है। भावा दर्रा जैसे स्थलों की सुलभता बढ़ने से ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग और सांस्कृतिक पर्यटन के स्कोप काफी बढ़ जाएंगे। साथ ही, स्थानीय होम-स्टे और पर्यटन व्यवसायों को आय का नया स्रोत भी मिलेगा।

आर्थिक गतिविधियों को गति मिलना तो सौ फीसदी तय है ही। बेहतर सड़कों से कृषि, बागवानी और हस्तशिल्प उत्पादों की राज्य के भीतर और बाहर आपूर्ति में तेजी आएगी। इससे किसानों और शिल्पकारों को उचित मूल्य मिलेगा और बाजार की पहुंच बढ़ेगी। हिमाचल की आर्थिकी में सड़कों की भूमिका काफी अहम रहती है या यूं कह लें कि सड़कें इस पहाड़ी प्रदेश की जीवन रेखाएं हैं। यहां परिवहन का प्रमुख साधन सड़कें ही हैं। रेल और हवाई मार्ग सीमित हैं, अतः सड़क नेटवर्क जितना मजबूत होगा, राज्य की आर्थिकी उतनी ही सशक्त होगी। सड़कों से न केवल पर्यटन, बल्कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यापार जैसे क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष लाभ होता है। राज्य के ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाली सड़कों से पलायन की दर घटती है, क्योंकि इससे लोगों को अपने ही क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होती हैं।

सुक्खू सरकार को संसाधनों का बेहतर दोहन करना चाहिए। हर जिले में कुछ विशेष कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प या औषधीय वनस्पतियां होती हैं। इनका वैज्ञानिक तरीके से दोहन, वैल्यू एडिशन और ब्रांडिंग की जाए, तो ये राज्य की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जैसे—किन्नौर के सेब, चंबा के रूमाल, कुल्लू की ऊनी शॉलें आदि । पर्यटन को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन यानी ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना होगा। इसके लिए स्थानीय समुदाय को प्रशिक्षण और ऋण सहायता देकर होम स्टे को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजित होगा। सड़क, पर्यटन, ऊर्जा और उद्योग के क्षेत्रों में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए पीपीपी मॉडल को प्रोत्साहित करना जरूरी है। सरकार की सीमित वित्तीय क्षमता को देखते हुए यह मॉडल अधिक प्रभावी हो सकता है। जल विद्युत परियोजनाओं का पुनः मूल्यांकन करना चाहिए। हिमाचल की नदियों में जल विद्युत की अपार संभावनाएं हैं।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए लघु जल विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देना चाहिए ताकि गांवों को ऊर्जा के साथ-साथ आय का भी स्रोत मिल सके। इसके साथ ही डिजिटल कनेक्टिविटी और ई-गवर्नेंस कर बृहद रूप से काम करना होगा। दूरदराज के क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच बढ़ाकर सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से पहुंचाया जा सकता है। ई-गवर्नेंस के माध्यम से पारदर्शिता और प्रशासन की दक्षता बढ़ेगी।

सड़क निर्माण कार्यों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। इससे एक ओर निर्माण की लागत घटेगी, वहीं दूसरी ओर पलायन की समस्या पर भी काबू पाया जा सकेगा। बहरहाल, उम्मीद करनी चाहिए कि भावा दर्रा सड़क परियोजना हिमाचल प्रदेश के विकास का एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। यह केवल एक भौगोलिक संपर्क मार्ग नहीं, बल्कि राज्य की सामाजिक, आर्थिक और सामरिक स्थिति को सुदृढ़ करने वाला माध्यम बन सकता है। यदि सुक्खू सरकार इस परियोजना को समयबद्ध रूप से पूरा करती है और साथ ही स्थानीय संसाधनों का समुचित दोहन करती है, तो हिमाचल एक आत्मनिर्भर और समृद्ध पर्वतीय राज्य के रूप में उभर सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिमाचल की शिल्पकार व सामाजिक कार्यकर्ता

**ललिता** वकील हिमाचल प्रदेश की ऐसी महिला हैं जिन्हें 'चंबा रुमाल' के संरक्षण और देश-विदेश में उसे पहचान दिलाने हेतु साल 2022 में 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया है। उनको तीन बार राष्ट्रपति अवार्ड भी मिल चुका है। 45 वर्षों से ललिता वकील ने चंबा रुमाल की हस्तकला को जीवित रखने तथा अन्य लोगों तक इसे पहुंचाने में विशेष योगदान दिया है। बकौल ललिता चंबा रुमाल की कला को आने वाली पीढ़ियों को भी रूबरू करवाने के लिए वे अपने घर में निशुल्क लड़कियों को कला की बारीकियां सिखाती हैं। चंबा रुमाल को नई बुलंदियों पर पहुंचाने वाली ललिता वकील को 2018 में 'नारी शक्ति पुरस्कार' से नवाजा जा चुका है। यह पुरस्कार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रदान किया था। इससे पहले ललिता को 1993 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा और 2012 में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी 'शिल्प गुरु सम्मान' दे चुके हैं। अपने पूरे जीवन में उन्हें 25 से 30 अवार्ड मिल चुके हैं। ■



ललिता वकील
जन्म : 14 अप्रैल, 1954



कविता

### कहते सब इनको संविधान निर्माता

*कैप्टन जय महलवाल, बिलासपुर*

*संविधान का निर्माण करके,*
*बने जो आधुनिक संविधान निर्माता,*
*आजादी की परिभाषा समझाई,*
*रखी लोकतंत्र की मर्यादा।*
*कर सके हर भारतीय,*
*अपने हकों का उपयोग,*
*ऐसे महान थे भारत रत्न भीमराव,*
*सिखाई सबको राजनीति की परिभाषा।*
*बचपन का नाम था इनका भीम,*
*14 अप्रैल को जन्म लिया धरा पर,*
*सबकी कसौटी पर उतरे खरे,*
*रखी मजबूत संविधान की नींव।*
*कहते सब इनको संविधान निर्माता,*
*थे समान अधिकारों के संरक्षक,*
*पढ़ाई ऐसी थी इनकी,*
*थे कानून के प्रख्यात ज्ञाता।*
*गरीबों शोषितों के थे वो मसीहा,*
*समानता का था जो अधिकार,*
*उन्होंने संविधान में था दिया,*
*तभी बनी थी फिर आम जनता की सरकार।*
*खुद रहे थे बचपन से ही शोषित,*
*पाया था फिर भी शिक्षा को अपार,*
*अस्पृश्यता और जातिप्रथा पर किया था कड़ा प्रहार,*
*हमेशा रहे लोगों की सहायता को तत्पर,*
*ऐसे थे भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# क्या ई-कॉमर्स भारतीय पारंपरिक व्यवसाय को निगल रहा है?

ई-कॉमर्स बिजनेस के क्षेत्र में किसी बड़ी क्रांति से कम नहीं है। इसने व्यवसाय करने के परिदृश्य को पूर्णतः बदल कर रख दिया है। विक्रेता और क्रेता दोनों के नजरिए में परिवर्तन किया है। घर, ऑफिस, दुकान आदि हर सेवा क्षेत्र से संबंधित सामान ऑनलाइन उपलब्ध है। एक सूई से लेकर हवाई जहाज तक सबकी डील ऑनलाइन संभव हो चुकी है।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
स्तंभकार, देहरादून ( उत्तराखंड)

यदि ई कॉमर्स के इतिहास पर एक नजर डालें तो पाएंगे कि 1960 के दशक में, इलेक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज मूल्य वर्धित नेटवर्क (वैन) के जरिए ई-कॉमर्स की शुरुआत हुई थी। 1990 के दशक में इंटरनेट का व्यावसायीकरण हुआ और ऑनलाइन शॉपिंग और पेमेंट की सुविधा को ई-कॉमर्स का नाम दिया गया। माना जाता है कि वर्ष 1999 में रेडिफ डॉट कॉम ने भारत में ई-कॉमर्स ऑनलाइन शॉपिंग शुरू की थी। इसी वर्ष के. वैथीस्वरन ने भारत की पहली ई-कॉमर्स कंपनी फैबमार्ट की स्थापना की थी। जिसका बाद में नाम बदलकर इंडियाप्लाजा कर दिया गया। 2002 में आईआरसीटीसी ने ऑनलाइन पेमेंट करके टिकट बुक करने का विकल्प दिया। 2003 में एयर इंडिया ने भी ऑनलाइन टिकट बेचना शुरू कर दिया। 2006 में यात्रा डॉट कॉम ने ऑनलाइन टिकट देने की सुविधा शुरू की। आज ई-कॉमर्स के क्षेत्र में फ्लिपकार्ट, अमेजन, स्नैपडील, मिंत्रा, मीशो जैसी कंपनियों ने अपना वर्चस्व कायम कर रखा है।

ई-कॉमर्स (इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स) ने भारतीय बाजार में क्रांति ला दी है, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। जिसके भविष्य में दूरगामी प्रभाव को देखने को मिल सकते हैं जैसे ई-कॉमर्स के कारण पारंपरिक दुकानदारों, छोटे



दुकानदारों और स्थानीय खुदरा व्यापारियों की बिक्री में गिरावट आई है। ग्राहक आज ऑनलाइन सामान, सस्ते दामों पर खरीदना पसंद करते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार कमजोर हो रहा है। जबकि ग्राहक भूल जाता है कि दुकान से खरीदी गई सामान का खराब निकलने पर तुरंत बदला जा सकता है, जबकि ऑनलाइन खरीददारी में सामान के वापस या बदलने के लिए कई नियम और शर्तें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा लगाई जाती हैं। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की माने तो ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रभाव से देश भर में 40 प्रतिशत तक व्यापार में गिरावट दर्ज की गई है। भारत में करीब 7 करोड़ छोटे व्यापारी हैं, जिनमें से लाखों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के कारण नुकसान उठाना पड़ा है।

ऑनलाइन खरीददारी में ग्राहक को उत्पाद देखने का मौका नहीं मिलता। कई बार नकली या घटिया या फिर डैमेज्ड सामान भेजा जाता है। एक सर्वे के अनुसार, 38 प्रतिशत ग्राहकों ने माना कि उन्हें ऑनलाइन खरीदे गए उत्पाद की गुणवत्ता उम्मीद से कम मिली। फिक्की की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बिकने वाले नकली उत्पादों का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा ऑनलाइन प्लेटफॉम्र्स से आता है। ई-कॉमर्स कंपनियां ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करती हैं। अगर यह डेटा लीक होता है, तो ग्राहक को धोखाधड़ी का सामना करना पड़ सकता है। ग्राहक डेटा की सुरक्षा में जोखिम की संभावना बनी रहती है। सीईआरटी-इन के अनुसार, 2022 में भारत में लगभग 13 लाख साइबर सुरक्षा घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें ई-कॉमर्स वेबसाइटें भी शामिल थीं। वर्तमान डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के बढ़ते जोखिम के कारण ई कॉमर्स वेबसाइट और भी संवेदनशील बनती जा रही हैं।

बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियां भारी छूट देकर बाजार पर कब्जा कर रही हैं, जिससे छोटे व्यापारी प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते। इसे एक अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही माना जा सकता है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 70 प्रतिशत ऑनलाइन खरीददारी डिस्काउंट के चलते होती है, न कि ब्रांड या गुणवत्ता के आधार पर। ई-कॉमर्स कंपनियों में डिलीवरी बॉय और वेयरहाउस स्टाफ जैसे कामों में अस्थायी नौकरियां मिलती हैं, जिनमें वेतन कम और काम का दबाव अधिक होता है। नौकरी की अनिश्चितता हमेशा बनी ही रहती है। अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में ई-कॉमर्स सेक्टर के श्रमिकों में से 65 प्रतिशत अनुबंध या अस्थायी कर्मचारी होते हैं। ई-कॉमर्स ने सुविधा, विकल्प और कीमतों में पारदर्शिता तो दी है, लेकिन इसके कारण स्थानीय व्यापार, उपभोक्ता अधिकार और रोजगार की स्थिति पर नकारात्मक असर भी पड़ा है।

सरकार, नीति निर्धारकों और अर्थशास्त्रियों इस दिशा में विचार कर एक ई-कॉमर्स और पारंपरिक व्यवसाय के बीच संतुलन बनाने की पहल करनी होगी अन्यथा पारंपरिक व्यवसाय जैसी अवधारणा समाप्त होने के साथ ही छोटे और माध्यम व्यवसाय वर्ग आर्थिक संकट के शिकार हो सकते हैं। भारतीय संदर्भ में पारंपरिक व्यवसाय आज भी लोगों की एक महत्वपूर्ण जरूरत बनी हुई है, क्योंकि समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी आर्थिक रूप से इतना संपन्न नहीं हुआ है कि वह सारी खरीददारी कैश में कर सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# प्रभु प्राप्ति का मार्ग सरल होते हुए भी सरल नहीं

अध्यात्म का मार्ग, जिसे ईश्वरीय मार्ग भी कहा जाता है, इस पर चलने का एक बहुत बड़ा लाभ यह है कि इस मार्ग पर भीड़ नहीं होती। अत्यंत सरल होते हुए भी इस मार्ग पर बहुत कम लोग ही चल पाते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि इस मार्ग पर आकर्षण ऊपरी तौर पर दिखाई नहीं देता। केवल इस पर चलने वाले ही इसका आनंद उठा सकते हैं।



लेखक : यश गोरा
समीप डीडी लाइंस, योल

वास्तव में दूसरों की कमियां निकालना तो बहुत सरल लगता है, परंतु अपनी कमियों को स्वीकार करना बहुत मुश्किल कार्य है।

यही कारण है कि ईश्वरीय मार्ग को भी लोग कठिन समझ लेते हैं, क्योंकि यहां किसी और की तरफ नहीं, बल्कि स्वयं की ओर देखने का कार्य आरंभ हो जाता है। ईश्वरीय मार्ग पर चलते समय व्यक्ति को अतिरिक्त बोझ भी नहीं ढोना होता। कुछ भी एकत्रित करने की अपेक्षा अधिकतर वस्तुओं को छोड़ना होता है और यह छोड़ने का कार्य ही सबसे अधिक जटिल लगता है। संसाधनो की होड़ में लगा मानव आज अधिक से अधिक सामग्री एकत्रित करने में लगा हुआ है। छोड़ना वह कुछ भी नहीं चाहता और उसकी यही चाहत उसके दुःखों का कारण बनती जा रही है। जिसे आज का मनुष्य अपनी प्रगति समझ रहा है, वही उसके विनाश का कारण बनती जा रही है।

इन सब के बजाए यदि मनुष्य अंतर्मुखी हो जाए, तो जहां एक तरफ जीवन सरल हो जाएगा, वहीं दूसरी तरफ स्वःउन्नति के मार्ग भी खुल जाएगें। अधिकांश लोगों को तो आज के समय में अहंकार ने ही दबा रखा है। ऐसे लोग न तो खुल कर जी पाते हैं और न ही चैन से मर सकते हैं। किसी को उसकी उच्च पदवी का अहंकार है, तो किसी को अपने रूप, संपत्ति या संबंधों का, परंतु जिसका गर्व होना चाहिए, उसे तो सभी ने तिलांजलि दे रखी है। उदाहरण के



लिए कोई प्रतिभाशाली व्यक्ति, नेता या मंत्री यदि किसी व्यक्ति का मित्र या संबंधी हो, तो उस सामान्य व्यक्ति में भी अहंकार बढ़ जाता है, परंतु जो सर्व-शक्तिमान परमात्मा हमारा पिता है, उसके लिए गर्व करने की बजाए हम उसे ही भूल गए हैं।

इतना ही नहीं, नश्वर वस्तुओं को एकत्रित करने में लोग अपना समय, ऊर्जा और यहां तक कि नैतिकता को भी खो रहे हैं। कई बार ऊंची पदवी या पदोन्नति पाने के लिए व्यक्ति अनुचित रास्तों का चयन कर लेते हैं। अपनी मनुष्यता तक को भी दाव पर लगाकर भ्रष्टाचार एवं स्वार्थ का सहारा लेना शुरू कर देते हैं। दूसरे को गिराने में व्यक्ति अपनी शान समझते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करना स्वाभाविक है। उनके अनुसार दूसरे लोग भी तो यही सब करते हैं, फिर वे क्यों न करें। जबकि अनुकरण की इसी प्रक्रिया से विशेष रूप से दूर रहना चाहिए। किसी दूसरे की प्रतीक्षा किए बिना सबके लिए अच्छा करने की पहल स्वयं से करनी होगी। यदि हर कोई बदला लेने की प्रवृत्ति को जारी रखेगा तो बदलाव संभव नहीं हो पाएगा। कहा भी जाता है कि हम बदलेंगे, जग बदलेगा। हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा। इसलिए संसार को यदि बदलना है, तो शुरुआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। ईश्वरीय मार्ग पर चलने वाले ऐसा ही तो करते हैं। इसके संदर्भ में एक बहुत सुंदर कहानी है। एक महिला एक बार एक पहुंचे हुए संत के पास अपने छोटे से पुत्र को लेकर जाती है और कहती है, महाराज मेरा पुत्र बहुत ज्यादा गुड़ खाता है। कृप्या आप इसे मना कर दीजिए। आपकी बात का प्रभाव इसे अवश्य पड़ेगा, परंतु संत ने उसे एक मास के पश्चात आने को कहा और मास के अंत में जब महिला पुनः पुत्र को लेकर आई तो साधारण शब्दों में उसे कहा, 'बेटा, ज्यादा गुड़ खाना अच्छी बात नहीं, इससे दाँत खराब हो सकते हैं।' महिला ने हैरान होते हुए संत से कहा, 'महाराज, यही बात आपने महीना पहले क्यों न कह दी।' इस पर संत ने कहा कि तब तक उन्हें स्वयं गुड़ खाने की आदत थी।

पहले उन्होने स्वयं इस आदत का त्याग किया। उसके बाद इसका उपदेश बालक को दिया। अन्यथा उनका उपदेश निरर्थक हो जाता। ब्रह्मा कुमारी शिवानी बहन भी कहती है कि वर्तमान समय में बोलकर किसी को सत्मार्ग पर नहीं चलाया जा सकता। लोग आपका अनुकरण तभी करेंगे, जब आप स्वयं उस मार्ग पर चल रहे हों। परिवार में रहते हुए, समाज में आचरण करते हुए बुराइयों से विरक्त रहते हुए ईश्वरीय ध्यान में रहकर भी अध्यात्म को अपनाया जा सकता है। ठीक उसी तरह, जैसे कीचड़ में कमल रहता है, फिर भी मलिन नहीं होता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारतीय** देश एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है, परंतु जब यही अधिकार एक व्यापारीकरण का रूप ले लें, तो आम लोगों की जिंदगी में यह अधिकार बहुत बड़ा बोझ बन जाता है। वर्तमान दौर में निजी स्कूल और निजी हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा-सीधा हमला करती है। यह हमला केवल आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। निजी स्कूलों की बात करें, तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम के तौर पर वसूली होती है। लगभग यही हाल निजी अस्पतालों का भी है। ऐसी व्यवस्था का खामियाजा आम मानव भुगत रहा है। सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। तभी कुछ बात बन सकती है।

**रविंद्र कुमार वालिया, रैत**

# 64 विषयों में माहिर डॉ .भीमराव अंबेडकर राष्ट्र के सजग पथ प्रदर्शक

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के संविधान के निर्माता ही नहीं, दुनिया के बड़े राजनेताओं में से एक थे। उनकी दूर दृष्टि, उनके ज्ञान, लोगों को समझने का उनका नजरिया, जाति प्रथा के विरुद्ध उनके तेवर को देखते हुए ही उन्हें भारतीय संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया था, ताकि भारत का संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधान में से एक हो। आज हम देखते हैं कि बाबा साहेब अंबेडकर के नेतृत्व में रचित भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र का सजग प्रहरी बनकर खड़ा है। जहां कहीं भी नियम विरुद्ध कुछ किया जाता है तो संविधान कर्तव्य पथ की याद दिलाकर सही राह पर चलने की प्रेरणा देता है।



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ के एक गरीब परिवार में हुआ था। वे भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं संतान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिला स्थित अंबावडे नगर से संबंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनका बचपन कष्टों में बीता। देश में हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयंती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि हम सब सच्चे मन से उनके बताए मार्ग का अनुशरण करेंगे। बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच-नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिए उनकी जयंती पर उनको श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाएं। बाबा साहेब अंबेडकर कुल 64 विषयों में माहिर थे।

वे हिंदी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढ़ाई की थी। डॉक्टर अंबेडकर अकेले ऐसे भारतीय हैं जिनकी प्रतिमा लंदन संग्रहालय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं, उन्हें देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले हैं। उनके पास कुल 32 डिग्रियां थी। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बड़ा निजी पुस्तकालय था। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा।



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशेष

आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षा कवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं, इसका श्रेय डॉ. अंबेडकर को जाता है। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. अंबेडकर के विचार और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। लोग अंबेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते हैं, जबकि उन्होंने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। डॉ. अंबेडकर का एक और सपना था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें, अपितु नौकरी देने वाले बनें। भारतीय संदर्भ में देखा जाए, तो अंबेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं, जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। अंबेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी।

डॉ. अंबेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओं के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है।समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डॉ. अंबेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डॉ. अंबेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के मार्च 1952 में उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वे उच्च सदन के सदस्य रहे। 1990 में डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देरी से प्रदान किया गया। देशभर में अंबेडकर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेक सार्वजनिक संस्थानों का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। अंबेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है। बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा संघर्ष करो- का नारा दिया था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सुखना झील पिकनिक स्थल ही नहीं, सुंदरता और सुकून का भी संगम

सुबह शाम सैर करने वालों का तांता और दिन भर पर्यटकों का जमघट। संध्या बेला में एक तरफ डूबता सूरज और सामने कसौली की पहाड़ियां और पानी पर अठखेलियां करते, कलरव करते पंछी। सुखना सर्दियों के महीनों के दौरान साइबेरियाई बत्तख, सारस और कई विदेशी प्रवासी पक्षियों के लिए एक अभयारण्य। झील की सीढ़ियों पर बैठ डूबता सूरज देखना या उठती गिरती लहरों को देखना मन में सुकून भर देता है। झील के किनारे पीपल का पेड़ जिसकी अपनी ही कहानी है। रामनगर भंगीमाजरे गांव के ज्ञान सिंह ने सुखना झील के किनारे पीपल का पेड़ लगाया, जिसे वह अपना बेटा मानते थे।



लेखिका : अलका कांसरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब झील के तटबंध के निर्माण की योजना बनी, तो लोगों ने पीपल के पेड़ को बचाने के लिए इसके चारों ओर एक लाल दुपट्टा बांध दिया और स्थानीय ठेकेदार से कहा कि तत्कालीन राज्यपाल की पत्नी ने पीपल के पेड़ पर प्रार्थना की थी। उठी हुई कुल्हाड़ी रुक गई और आज भी वह पेड़ पूरी शान के साथ वहीं खड़ा है।



चंडीगढ़ के हेरिटेज पेड़ों में शुमार यही पीपल का पेड़। पिछले दिनों झील पर जाना हुआ और दिखे कई प्रेमी जोड़े। खाने पीने और मोबाइल में व्यस्त, सेल्फी लेने में मशगूल। लगा जैसे उठती गिरती लहरें पूछ रही हों कि हमें देखने को मन नहीं करता क्या ? जैसे रंगों की छटा बिखेरता सूरज भी पूछ रहा हो कि नजरभर कर देखोगे भी नहीं क्या ? लगा जैसे उड़ते परिंदे बोल रहे हों कि हम सब साक्षी हैं तुम्हारे प्यार के, हमें देखो, हमसे भी बात करो। खुशनुमा हवाएं भी बोल रही हों जैसे कि जी लो इन हसीन पलों को समग्रता से।

मुड़ कर उस प्रेमी जोड़े को देख, अपने में मस्त। मानों कह रहे हों 'इतनी मुश्किल से तो वक्त निकल कर आए हैं यहां। अब इसको देखें, उससे बातें करें या फिर सेल्फी ले कर फेसबुक पर डालें'। वहीं पर एक बुजुर्ग बैठे थे। मेरी सवालिया निगाहें देख मुझे पास आने का इशारा किया। मैं भी जा बैठी उनके पास। वे ढलते सूरज को निहार रहे थे, मस्त बहती ठंडी हवाओं का आनंद उठा रहे थे । बोले 'कैसा सवाल कर रही हो तुम आजकल के लोगों से ? इनके पास वक्त ही कहां है जो किसी की खूबसूरती को निहार सकें, किसी के सुख दुख को सांझा कर सकें। नौकरी के बाद टीवी के साथ समय बीत जाता है ।

कुछ लोग तो किसी के दुनिया छोड़ जाने पर मोबाइल पर ही ,IP लिख कर अपना फर्ज अदा कर लेते हैं ।फेसबुक, इंस्टाग्राम पर हजारों दोस्त पर असल में एक भी नहीं। घंटों बिता सकते हैं सोशल मीडिया पर, अपनी हर पोस्ट पर लाइक गिनते नहीं थकते। पर किसी को मिलने का वक्त ही नहीं। न जाने समय का अभाव है या समय की त्रासदी ! सिमटते जा रहे हैं सब अपने आप में। किसी से जुड़ने की चाह ही नहीं, चाहे वह प्रकृति हो चाहे इंसान।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आज मंडी जिले के प्रवास पर उपमुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 14 अप्रैल से मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री 14 अप्रैल सायं को मंडी परिधि गृह पहुंचेंगे। मुकेश अग्निहोत्री 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के अवसर पर मंडी के सेरी मंच पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसी दिन दोपहर बाद उप मुख्यमंत्री पधर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय किसान मेले के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। इसके उपरांत वे ऊना के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बैसाखी पर्व मनाने सहित बलिदानी किए याद

**भीम बसेड़ू, महादेव।** एक ओर रबी देवताओं की मौजूदगी में रिंज (कुश्ती) आयोजनों के चलते ढेव धुनों के बीच ढोल नगाड़े व टामक बजते रहे। इसके साथ ही रविवार के दिन बैसाखी का पर्व जो रबी की फसल यानि गेहूं फसल कटाई का भी शुभ दिन माना जाता है। जहां अन्नपूर्णा माता एवं भगवान शिवजी महादेव सहित सिक्ख गुरुओं को मत्था टेक तीन धर्मों की संगम स्थली रिवालसर झील के पानी से श्रद्धालुओं ने स्नान कर मनाया। वहीं पर देश प्रेम की भावना लेकर जलियांवाला बाग हत्याकांड के स्मृति दिवस को भी साझा कर प्राणों की आहुति देने वाले सभी बलिदानियों को कोटि कोटि प्रणाम किया। श्रद्धालुओं ने जंगम बाग, कुकरेव वाटिका, नागचला, नलसर बीबीएमबी नहर, गांव सलापड़ के ध्यान मंदिर व डैहर गांव से सटी सतलुज आदि के पानी को भी पहले की भांति पावन मानते हुए स्नान कर पुण्य कमाया।

### जोगिंद्रनगर में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में रविवार को बैसाखी पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा साहिब में विशेष धार्मिक आयोजन हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर में संगतों का तांता लगा रहा और पूरे वातावरण में गुरबाणी की मधुर ध्वनि गूंजती रही। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा परंपरागत झंडा रस्म अदा की गई, जिसमें महिलाओं ने विशेष रूप से कीर्तन किया। कीर्तन की मधुर लहरियों ने सभी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह ने कि सोमवार को गुरुद्वारा परिसर में अखंड पाठ आरंभ होगा, जिसमें गुरुवाणी का पाठ और विशेष कीर्तन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए विशेष लंगर की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें हर वर्ग के लोग बैठकर समान भाव से प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### सांसद कंगना विकास पर दे ध्यान : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता कुलदीप शर्मा, नरेश शर्मा व काली दास ने कहा कि अनाप-शनाप बयानबाजी के बजाय कंगना को जनता से किए गए वादों की तरफ ध्यान देना चाहिए। बता दें कि सांसद कंगना रनौत इन दिनों मंडी संसदीय क्षेत्र के भ्रमण पर हैं। हर रोज कंगना अपनी जनसभाओं में कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं के प्रति उल्टे सीधे ब्यान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत का परिवार शुरू से कांग्रेस समर्थित रहा है तब क्या सांसद महोदया के दादा परदादा भी अंग्रेजों की औलादें थीं? कंगना रनौत को सार्वजनिक रूप से अपने घृणित ब्यान के लिए माफी मांगनी चाहिए। जनता ने जो जिम्मेदारी सांसद महोदया को सौंप रखी है उन्हें उसके निर्वहन की तरफ उन्हें ध्यान देना चाहिए। कंगना का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्णतया असफल रहा है। विकास कार्यों के लिए जिला स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक जो चुनाव जीतने उपरांत तुरंत हो जानी चाहिए थी। यह बैठक ही एक वर्ष के अंतराल पर हो रही है। यह मंडी के विकास के प्रति दृष्टिकोण की गंभीरता को दर्शाता है।

### टोडरमल के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घरवासड़ा के गांव गरली निवासी रिटार्यड थानेदार टोडरमल के निधन पर हिमाचल किसान सभा ने शोक व्यक्त किया है और परिवारजनों के प्रति सवेंदना व्यक्त की है। पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह के अलावा किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज़ राणा सचिव बाला राम, सुरेश शर्मा, दिनेश काकू, सूबेदार मोहनलाल,सुख राम, भागमल, ओमचन्द, इंद्र सिंह, सोहन सिंह, मिलाप चन्देल, सुरेश वर्मा, सूरत सिंह, मेहर सिंह, रामस्वरुप, बालकृष्ण, पृथी सिंह,मनोहरलाल, कैप्टन महाजन सिंह, कैप्टन हेमचन्द, डीएसपी अनन्त राम और जीत सिंह, इंसपेक्टर रूपलाल बिष्ट, कुंवर सिंह, हेमराज गुलेरिया, बालम राम, देश राज, ओमप्रकाश, हजारी लाल, टेक सिंह, शम्भू राम, रणबीर शास्त्री, प्रेम सिंह, रुप चंद, करतार सिंह चौहान, रामचन्द ठाकुर, रमेल चन्द,धर्मसिंह के अलावा प्रधान बिट्टो देवी और रणजीत सिंह उप प्रधान दान सिंह और नरेंद्र पठानिया बीडीसी चंप्पा देवी पूर्व प्रधान एवं बीडीसी सदस्य सुरेंद्र बंधु आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### गागल धाम आश्रम में मनाया सत्संग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल का सत्संग रविवार को गागल धाम आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दिल्ली से आई टीम ने आनंदधाम आश्रम दिल्ली में स्थिति विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज के दो से चार मई तक आयोजित को होने वाले जन्मोत्सव कार्यक्रम बारे गतिविधियों पर चर्चा की और मंडी मंडल को जन्मोत्सव पर पहुंचने का आह्वान किया। बताया कि इस कार्यक्रम को आनंदधाम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें अन्य स्थानों से विख्यात संत महात्माओं को आनंदधाम में आगमन रहेगा। जिसमें मंडी मंडल को भी आंमत्रित किया गया। इस मौके पर दिल्ली से आएं गुरूकुल आचार्य राकेश द्विवेदी ने जरा तारों से तारें मिला कर तो देख और भजन श्याम सुंदर का करते रहो के भजन गाकर सबको निहाल किया। इससे पूर्व अंकित पांडे ने गणेश मंत्र से सत्संग का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मंडल से दलीप सैनी ने श्री राम जय राम जय जय राम, ये मेरी अर्जी है मैं वो हो जाऊं जो तेरी मर्जी है, तेरी शरण में आकर मैं धन्य हो गया। कश्मीर सिंह ठाकुर ने शरण में आ पड़ा तेरी प्रभु मुझको भुलाना ना पकड़ लो हाथ मेरा देरी लगाना ना, बंशी वाले भगवान तेरा कहा ठीकाना है, दया कर दान भक्ति का, मेहर चंद ने भरोसा कर तू ईश्वर का तुझे धोखा नहीं होगा। इस मौके पर अभिषेक, सुरेंद्र व विद्या सागर मौजूद रहे।

### गुरु ग्रंथ साहिब की पूजा-अर्चना की

**अनंत ज्ञान, महादेव।** बैसाखी पर्व को सिक्ख समुदाय द्वारा बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बता दें कि खालसा पंथ की स्थापना इसी दिन गुरू गोविंद सिंह द्वारा की गई थी और उनके सदके जाकर सिक्ख समुदाय के लोगों ने खासकर सुंदरनगर के गुरुद्वारों यानि बीबीएमबी कालौनी स्थित गुरुद्वारे सहित नेरचौक, गुरुकोठा, रिवालसर, भरजवाणु, पलाहोटा, महादेव आदि गुरुद्वारों में भी गुरू ग्रंथ साहिब की पूजा-अर्चना शब्द कीर्तन किए गए।

# ट्राउट मछली उत्पादन में अलग पहचान बना रहा मंडी जिले का बरोट

## मत्स्य आखेट के शौकीनों के लिए पसंदीदा स्थल के रूप में उभरा, मछली निर्यात से ट्राउट किसानों की आर्थिकी हो रही सुदृढ़

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मंडी** जिला का बरोट क्षेत्र ट्राउट मछली उत्पादन में तेजी से उभर रहा है। ठंडी जलवायु के कारण यहां से बहने वाली ऊहल एवं इसकी सहायक नदी लंबाडग ट्राउट मछली उत्पादन के लिए आदर्श मानी गई हैं। मत्स्य पालन विभाग के माध्यम से प्रदेश सरकार इस क्षेत्र में ब्राउन व रेनबो ट्राउट फार्मिंग को बढ़ावा दे रही है।

हाल ही में इन दोनों नदियों में 35 हजार मत्स्य बीज डाला गया, जिसमें 25 हजार ब्राउन ट्राउट और 10 हजार रेनबो ट्राउट बीज शामिल है। खास बात यह कि यह बीज राजकीय ट्राउट फार्म बरोट में ही उत्पादित किया गया है। सरकार के इन प्रयासों से स्थानीय युवाओं सहित पर्यटन व्यवसायियों को भी लाभ मिलेगा। बरोट की नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर वादियों का आनंद लेने बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचते हैं। इनमें से अधिकांश मत्स्य आखेट के शौकीन भी होते हैं। ऐसे पर्यटकों को लुभाने के लिए यहां मत्स्य आखेट स्थल भी चिह्नित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त होटल व्यवसायियों व स्थानीय स्तर पर ट्राउट की काफी मांग रहती है। मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को प्रशिक्षण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर भी प्रदेश सरकार विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। जिला में ट्राउट रेसवेस का निर्माण करने के लिए 33 किसानों को एक करोड़ 80 लाख रुपए की अनुदान सहायता प्रदान की गई है। शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय, भीमताल से अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के तहत 3.02 लाख प्राप्त हुए हैं। यह राशि ट्राउट मत्स्य फार्म बरोट के तहत मत्स्य किसानों के प्रशिक्षण पर व्यय की गई। इसके तहत 25 किसानों को 10 हजार रुपए प्रति किसान की दर से अनुदान सामग्री भी वितरित की गई। हाल ही में जिले के दो ट्राउट प्रगतिशील मत्स्य किसानों की निजी हैचरियों से रैन्बो ट्राउट आइड ओवा उत्तराखंड राज्य को निर्यात किए गए हैं। इससे उनकी आर्थिकी मजबूत हुई है। (अनंत ज्ञान)

### 175 युवाओं को दिया मत्स्य पालन का प्रशिक्षण

**मत्स्य** विभाग के माध्यम से 175 युवाओं को मत्स्य पालन का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में मोड़ा गया है। विभाग द्वारा मत्स्य पालन से जुड़े सभी व्यक्तियों को नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म (एनएफडीपी) पर भी पंजीकृत किया जा रहा है। इससे उन्हें नई डिजिटल पहचान मिलने के साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त हो रही है।



"ट्राउट मत्स्य किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के दृष्टिगत जिला में मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। बरोट क्षेत्र में ट्राउट उत्पादन की बेहतर संभावनाओं के दृष्टिगत यहां मत्स्य किसानों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। -अपूर्व देवगन, उपायुक्त मंडी।

### मंडी जिले में अभी तक 362 किसान करवा चुके पंजीकरण

**मंडी** जिला में अभी तक 362 किसान इस पर अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में जिला के 48 ट्राउट किसान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त 16 लाभार्थियों को राज्य प्रायोजित योजना के तहत कॉर्प तालाबों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत वर्ष 2024-25 में 1043 व्यक्तियों को नदी-नालों में मछली पकड़ने के लिए अनुज्ञा पत्र भी जारी किए गए हैं।

## 'महासरस्वती मेला' आस्था के साथ युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : जीवन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**चौंतड़ा** में रविवार को आयोजित महासरस्वती मेले का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। समापन समारोह में कांग्रेस के पूर्व विधानसभा चुनाव प्रत्याशी जीवन ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह का आरंभ मेले में पधारे विभिन्न देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद मेले की रस्मों के अनुसार समापन प्रक्रिया पूरी की गई। मेला कमेटी के प्रधान विशाल सिंह राठौड़ ने मुख्यातिथि जीवन ठाकुर का स्वागत किया और उन्हें स्थानीय संस्कृति की स्मृति स्वरूप एक भव्य स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया। जीवन ठाकुर ने मेला आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे पारंपरिक मेले समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि महासरस्वती मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। मेले के अंतिम दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। स्थानीय स्कूली बच्चों और कलाकारों ने पारंपरिक नाटियों, लोक गीतों और भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मेला कमेटी के सदस्यों, स्थानीय ग्रामवासियों और प्रशासन के सहयोग से मेला शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हुआ। मेला कमेटी के प्रधान विशाल सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

# भांबला में कार में मिला युवक का शव

## खुडला पंचायत के नरेश कुमार के रूप में हुई पहचान, क्षेत्र में फैली सनसनी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** सरकाघाट की तहसील बल्द्वाडा के अंतर्गत भांबला के इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार सुबह एक युवक का कार में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई।



पुलिस से मिली के जानकारी के अनुसार भांबला के इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार सुबह कार के अंदर खुडला पंचायत का एक युवक नरेश कुमार (36) पुत्र हेमराज गांव मटौर टांडा डाकघर खुडला तहसील बल्द्वाडा प्राइवेट बस में बतौर चालक कार्य करता था। रोज की तरह वह शनिवार को भी अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहा। शाम को मृतक युवक अपने अन्य चालक परिचालक साथियों सहित किसी परिचित चालक के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। रात को सभी लोग वापस साथ में आ गए, तो मृतक युवक ने घर न जाने की बात कह कर गाड़ी में ही सोने की बात की ओर भांबला इंडस्टियल एरिया में आ गया और कार में ही सो गया। सुबह परिजनों ने मृतक युवक को फोन किए तो कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने उसके अन्य साथियों से संपर्क किया। तो उन्होंने बताया कि वह रात को कार में ही सो गया है। कार इंडस्ट्रीयल एरिया में खड़ी है। परिजनों ने जब वहां जाकर देखा तो युवक अचेत अवस्था में गाड़ी के अंदर पड़ा था।

परिजनों ने तुरंत की पुलिस थाना हटली को मामले की सूचना दी। इसके बाद थाना प्रभारी बृजलाल शर्मा टीम लेकर मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। सूचना के बाद मृतक के अन्य परिजन और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए जिससे पर कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

इस मौके पर हमीरपुर से फोरेंसिक टीम को भी बुलाना पड़ा, जिन्होंने मौकास्थल से सैंपल एकत्रित किए। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने परिजनों से भी मिलकर उन्हें मामले की उचित जांच का भरोसा दिलाया। मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटा और बेटी को को छोड़ गया है।

# एनएच निर्माण कार्य में श्रम कानूनों का हो रहा उल्लंघन : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



- मजदूरों की मांगों को लेकर दिया जाएगा मांग पत्र

**एनएच-03** का निर्माण कर रही सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए सैकड़ों मजदूरों का शोषण लंबे समय से कर रही है और यदि कोई इसके बारे में आवाज उठाता है तो उसे काम से निकाल दिया जाता है। कंपनी में काम कर रहे मजदूरों को कंपनी ने अभी तक पहचान पत्र नहीं दिए हैं और न ही उनका ईपीएफ काटा जाता है। साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया दिया जा रहा है और 15 से 18 घंटे तक काम करवाया जा रहा है और उसका उन्हें ओवरटाइम भी नहीं दिया जाता है। वेतन तीसरे चौथे महीने दिया जाता है। खाना बहुत ही घटिया किस्म का दिया जाता है और जिसे जानवर व बंदर भी नहीं खाते हैं। शौचालय और सोने की व्यवस्था बंधुआ मज़दूरों से भी बद्दतर है। पानी की टंकी में महीना पहले बंदर गिरा हुआ है जो सड़ गया है और पूरे परिसर में बदबू आ रही है, लेकिन कंपनी इसके बारे में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मजदूर इस अवव्यस्था के खिलाफ कार्यस्थल पर विरोध जता रहे हैं और उसी कड़ी में आज उन्होंने सीटू से जुड़ते हुए यूनियन का गठन किया जिसमें संजय ठाकुर को प्रधान सतीश राणा को उपप्रधान महबूब को महासचिव लेख राम को सचिव और जितेंद्र मनकोटिया को कोषाध्यक्ष तथा दस अन्य सदस्यों सहित 15 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया। कमेटी का गठन सीटू ज़िला प्रधान भूपेंद्र सिंह व अन्य सीटू पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। यूनियन का नाम सूर्या एनएच निर्माण मजदूर यूनियन रखा गया। निर्णय लिया गया कि मजदूरों की मांगों के बारे कल सुबह लिखित में मांगपत्र दिया जाएगा और अगर दो दिन में इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 17 अप्रैल को हड़ताल की जाएगी। सीटू ज़िला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मौके पर जाकर जो मजदूरों के खाने ठहरने शौचालय पीने के पानी की हालत देखी तो उसे देखकर तो ऐसा लगा कि जैसे ये सभी मजदूर कंपनी ने बंधुआ मजदूर बना कर रखे हैं और यहां श्रम कानून नाम की कोई चीज लागू नहीं हो रही है। जिसके बारे श्रम विभाग, प्रशासन और सरकार गहरी नींद सोए हुए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ पुलिस अधिकारी मजदूरों को डरा धमका रहे हैं और कंपनी की तरफदारी कर रहे हैं। उन्होंने मौके पर से ही कंपनी के परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार से बात करके कल सुबह तक मजदूरों को खाना उपलब्ध कराने के लिए कहा। क्योंकि सभी मजदूर पिछले दो दिनों से भूखे प्यासे अपनी मांगों के बारे में आवाज उठा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# सवारियों के लिए जी का जंजाल बनीं एचआरटीसी की खटारा बसें

**बालक राम, पंडोह**

- शनिवार को स्कूटी की लाइट जलाकर बस को दिखाया रास्ता, जोखिम में डाली सवारियों की जान
- मंडी-थट्टा रूट पर खटारा बसें भेजना बंद नहीं की तो होगा घेराव

**मंडी** जिला के सबसे कमाऊ रुट मंडी-थट्टा पर खटारा बसें भेज कर जहां सवारियों की जान जोखिम में डाली जा रही हैं, वहीं एचआरटीसी के चालक-परिचारक को भी परेशान किया जा रहा। ये आरोप थट्टा निवासी मोहन लाल ठाकुर, गोपाल ठाकुर, तारा चंद, उधम सिंह उप प्रधान देवरी,देवी सिंह सतीयुर, इंद्रपाल, गिता नंद और लिला प्रकाश ने लगाए हैं। इन्होंने कहा कि इस रुट पर शाम 5.30 बजे बस वाया घ्राण, शिवा थट्टा के लिए चलती है। जिसमें 90 से 125 तक सवारियों हर रोज सफर करती है। मगर कभी भी यह बस मंडी से सही समय पर नहीं चली और ना ही कभी समय पर थट्टा पहुंच पाई है। जिसका सबसे बड़ा कारण खटारा बसों का जबरन चलाना। जो हर कहीं खड़ी हो जाती है और लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते। कई किलोमीटर तक पैदल चलकर लोगों को अपने घर पहुंचना पड़ता है।

बस का खराब होना इस रुट पर आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंडी जिला में सबसे ज्यादा पैसा देने वाला यही एक मात्र रुट है। फिर भी इस में सवारियों को अच्छी सुविधा एचआरटीसी नहीं दे पा रहा है जो हमारे साथ अन्याय है। उदाहरण देते हुए लोगों ने कहा कि शनिवार को खचाखच भरी बस दो स्थानों पर बंद हो गई। चालक की होशियारी से बस धक्के से चल पड़ी मगर अंधेरा होने के कारण बस शिवा नाले के बस रोकनी पड़ी क्योंकि उसकी कोई भी लाइट नहीं जल रही थी। बस में बैठी 63 सवारियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाना मुश्किल हो गया। मगर चालक ने हिम्मत नहीं हारी और बस के साथ एक स्कूटी चलाई जिसकी लाईट के सहारे बस को सुरक्षित थट्टा पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने एचआरटीसी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये कटारे बसें कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए इस रूट पर नई और अच्छी बस सुविधा प्रदान की जाए ताकि सवारियां सुरक्षित और समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

लोगों ने एचआरटीसी प्रबंधन को तीन दिनों का समय देते हुए कहा कि यदि बुधवार तक इस रूट पर नई अथवा अच्छी किस्म की बसें नहीं चली तो मजबूरन वीरवार को एचआरटीसी के मुख्य अधिकारियों का उनके आवास पर घेराव किया जाएगा जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में आर एम मंडी से मोबाइल पर कई बार संपर्क करने पर भी काल रिसीव नहीं की गई।

# डीएवी जोगिंद्रनगर में छात्रों ने भांगड़ा व लोक नृत्य पेश कर लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**डीएवी** स्कूल जोगिंद्रनगर में पंजाब और हिमाचल प्रदेश की समृद्ध एवं रंगीन सांस्कृतिक विरासत का भव्य उत्सव मनाया गया। यह आयोजन आगामी बैसाखी पर्व और हिमाचल दिवस को समर्पित था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान छात्रों ने पारंपरिक भांगड़ा, हिमाचली लोक नृत्य, क्षेत्रीय गीतों और कविताओं के माध्यम से दोनों राज्यों की संस्कृति को जीवंत कर दिया। मंच पर प्रस्तुत कार्यक्रमों में जोश और उल्लास का वातावरण छाया रहा, वहीं दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर में पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल्स भी लगाए गए थे। पंजाब के लोकप्रिय व्यंजन मक्की दी रोटी, सरसों दा साग, बर्फी, लड्डू, छाछ और समोसे के साथ-साथ हिमाचली व्यंजन सिड्डू, बब्बरु, भल्ला, शीरा और चिल्डू ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को हमारी सांस्कृतिक विविधता से अवगत कराने और उनमें सांस्कृतिक सम्मान की भावना विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।





- बैसाखी और हिमाचल दिवस की दी शुभकामनाएं

### ढेलू में धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत ढेलू में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। यह भव्य समारोह अंबेडकर भवन, ढेलू में आयोजित किया जाएगा। बीडीसी सदस्य जोगिंदर पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी जीवन ठाकुर होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में समानता व जागरूकता का संदेश फैलाना है। समारोह में विशेष रूप से पंचायत प्रधान सपना भाटिया भी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम ढेलू में सामूहिक लंगर का आयोजन भी किया जा रहा है।

**सराहनीय** स्कूल प्रबंधन कमेटी ने लिया निर्णय, बच्चों को वितरित की स्मार्ट वर्दियां

# गढ़गांव के नौनिहाल स्मार्ट वर्दी में आएंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**शिक्षा** खंड द्रंग- 2 की चौहारघाटी में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव के नौनिहाल अब स्मार्ट वर्दी पहनकर स्कूल आएंगे। बीते दिनों स्कूल प्रबंधन कमेटी की बैठक प्रधान श्याम लाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें इस शैक्षणिक सत्र से नौनिहालों के लिए स्मार्ट वर्दी शुरू करने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर अब स्कूल प्रबंधन कमेटी ने सभी नौनिहालों को स्मार्ट वर्दी वितरित कर दी।

स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान श्याम लाल ने कहा कि बैठक में नौनिहालों के लिए स्मार्ट वर्दी शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसको लेकर सभी अभिभावकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर स्मार्ट वर्दी शुरू करने की पहल की है। उधर, स्कूल के प्रभारी शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने बताया कि नौनिहालों के लिए स्मार्ट वर्दी शुरू करने का स्कूल प्रबंधन कमेटी का निर्णय सराहनीय कदम है।

उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के बच्चों को स्मार्ट वर्दी में देखकर सरकारी स्कूलों के नौनिहाल के मन में हीन भावना पैदा होती है, लेकिन अब स्मार्ट वर्दी में देखकर सरकारी स्कूल के नौनिहाल अपने को किसी से कम नहीं समझेंगे।

उन्होंने कहा कि गढ़गांव स्कूल के नौनिहाल शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में किसी से कम नहीं है। बीते वर्ष स्कूल के दो छात्रों ने राज्य स्तरीय जबकि चार नौनिहालों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि चौहारघाटी के नौनिहालों में बहुत प्रतिभा छुपी हुई है, लेकिन जरूरत उन्हें मंच प्रदान करने की है।



# बेसहारा पशुओं के बढ़ने से सता रहा मुंह-खुर और मक्खी-मच्छरों का डर



**भीम बसेड़ू, महादेव**

- महादेव में मवेशियों की सुरक्षा के लिए किसानों ने लगाई मच्छरदानी

**मंडी** जिला में बेसहारा पशुओं की चहलकदमी पिछले कई वर्षों से किसानों-पशुपालकों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। अब इन पशुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से ये पशु अपने साथ छोटी-बड़ी मक्खियों की भरमार भी साथ लाए हैं। महादेव पंचायत में भी जगह-जगह बेसहारा पशुओं के बढ़ने से मुंह-खुर और मक्खी-मच्छरों का डर लोगों का सता रहा है। ऐसे में महादेव गांव के पशुपालक में मक्खी-मच्छर एवं कीट पतंगों से बचाव करने के लिए अपने पशुधन को प्लास्टिक नुमा जाली यानि मच्छरदानी लगाई है। (अनंत ज्ञान)



# वीरेंद्र कंवर को मिली जान से मारने की धमकी

## फिरौतीकर्ता यूपी के अलीगढ़ का बता रहा रहने वाला, गंभीर परिणाम भुगतने की दी धमकी

राजेश ठाकुर, बंगाणा

जिला ऊना से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां राज्य के पूर्व मंत्री कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने और अगवा करने की धमकी दी है।



फोन करने वाले ने अपने आपको धर्मेंद्र नामक से परिचित कराया और बताया कि वह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का रहने वाला है। इस व्यक्ति ने पूर्व मंत्री से सीधा फिरौती की मांग की और ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी तुरंत जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह को दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना न केवल पूर्व मंत्री के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए चिंता का विषय बन गई है क्योंकि यह मामला कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बताया कि उन्हें जो कॉल आया, उसमें कॉलर ने अपना नाम धर्मेंद्र बताया और अलीगढ़ से होने का दावा किया। हालांकि, जब नंबर को ट्रू कॉलर पर चेक किया गया, तो उसमें इरफान खान नाम दिखाई दिया, जिससे संदेह और भी गहरा हो गया है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि कॉलर ने किसी और की पहचान छुपाकर बात की, जिससे यह साइबर अपराध का मामला भी बन सकता है। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के अनुसार, शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। मोबाइल नंबर की ट्रेसिंग, कॉल रिकॉर्डिंग का विश्लेषण और साइबर सेल की मदद से पुलिस जल्द ही आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। यह मामला अब पुलिस के लिए एक चुनौती बन गया है, क्योंकि इसमें वीआईपी सुरक्षा और साइबर अपराध दोनों पहलू शामिल हैं।

पूर्व मंत्री को इस तरह खुलेआम धमकी मिलना राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाता है, अगर कोई व्यक्ति इतनी आसानी से एक पूर्व मंत्री को धमकी दे सकता है, तो आम जनता कितनी असुरक्षित महसूस कर सकती है, यह एक गंभीर सोच का विषय है। जनता में इस घटना को लेकर भारी रोष है, और लोगों ने आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है। स्थानीय लोगों और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के समर्थकों में इस घटना को लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है। सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर लोग प्रशासन से तीव्र और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर इस तरह के अपराधियों को तुरंत नहीं पकड़ा गया, तो यह प्रवृत्ति और बढ़ सकती है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा और शांति दोनों खतरे में पड़ सकती है।

इस तरह की घटनाएं केवल कानून व्यवस्था को ही नहीं, बल्कि समाज में अपराधियों के बढ़ते हौसले को भी दर्शाती है। पुलिस प्रशासन को न केवल इस मामले को प्राथमिकता पर लेना चाहिए, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस रणनीति बनानी चाहिए। फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाला यह मामला केवल एक व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है। प्रशासन और पुलिस को तत्काल कार्रवाई कर दोषी को गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि लोगों का कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे। साथ ही, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर की सुरक्षा देने और ऐसे मामलों के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली लागू करने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार और जिला प्रशासन दे सुरक्षा

**कुटलैहड़** सेवा संगठन के संयोजक एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रहे चरणजीत शर्मा, किसान मोर्चा के सचिव मदन राणा, मास्टर रमेश शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, राजेंद्र रिंकू, राम सिंह, सुनील शारदा आदि सैकड़ों समर्थकों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को सुरक्षा मुहैया करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री कुटलैहड़ विस क्षेत्र में लगातार बीस वर्ष विधायक एवं मंत्री रहकर कुटलैहड़ की जनता के सच्चे सेवक हैं और दिन-रात सुबह-शाम पूर्व मंत्री जनसेवा के लिए भागते रहते हैं। ऐसे में फिरौती करता कभी भी पूर्व मंत्री पर हमलावर हो सकता है इसलिए जिला प्रशासन पूर्व मंत्री वीरेंद्र को सुरक्षा मुहैया करवाए, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके।

# दीवार का विवाद खूनी झड़प में बदला, क्रॉस एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान, ऊना

बेहड़ जसवां पंचायत के बसूणी गांव में शनिवार को दीवार का विवाद खूनी झड़प में बदल गया। इस मामले में पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

एक पक्ष के उपप्रधान ने दराट से हमला कर दंपती सहित परिवार के तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात में घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने तीनों को क्षेत्रीय चिकित्सालय ऊना रेफर कर दिया है। परिजन दो घायलों को जालंधर ले गए। इनमें राजिंद्र और सोनिया पत्नी विजय कुमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राजिंद्र सरकारी सेवा में है। वहीं, उपप्रधान ने भी दूसरे पक्ष के पांच लोगों पर डंडे से हमला करने और बंदूक से धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### उपप्रधान पर तेजधार हथियार से हमला करने का आरोप

एक पक्ष से घायल लोगों ने ग्राम पंचायत उपप्रधान पर आरोप लगाया है कि उन्होंने दराट से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात में राजिंद्र सिंह पुत्र गुरदेव सिंह, अमनदीप पत्नी राजिंद्र सिंह, सोनू देवी पत्नी विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

उधर, दूसरे पक्ष की तरफ से अंब थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। इसमें शिकायतकर्ता उपप्रधान के पिता भाग सिंह पुत्र हाकम सिंह ने आरोप लगाया कि पांच लोगों जिनमें दो पुरुष, तीन महिलाएं शनिवार दोपहर साढ़े बारह बजे ट्रॉली में मिट्टी भरकर लाए और उसके घर को जानेवाले रास्ते में मिट्टी डालकर इसे बंद करने लगे,

### उपप्रधान ने भी पांच लोगों पर लगाया हमला करने और बंदूक से धमकाने का आरोप

जब उसका बेटा महेंद्र सिंह उपप्रधान मौके पर आ गया और ऐसा न करने को कहा तो आरोपियों ने उसके बेटे, पत्नी और उसे डंडों से हमला कर घायल कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक आरोपी मौके पर बंदूक लेकर आया और जान से मारने की धमकी दी। उसका कहना है कि आरोपी सेना में कार्यरत है।

आरोप लगाया कि आरोपियों ने 10 अप्रैल को भी उसके साथ मारपीट की थी। इस संदर्भ में उनकी तरफ से अंब थाना में शिकायत की गई थी। उधर, एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक से टकराई पेड़ की टहनी, तारों समेत दूसरे ट्रक पर गिरी, बड़ा हादसा टला

अनंत ज्ञान, घनारी

गगरेट से दौलतपुर चौक सड़क पर पेड़ों की टहनियों से वाहनों के टकराने की कई घटनाएं चर्चा में रही, जिनके बारे कई बार सुधार को बात उठने के बावजूद वन विभाग, सड़क विभाग, बिजली विभाग, प्रशासन ने कोई ध्यान देना तो दूर सुध तक लेना उचित नहीं समझा। घनारी स्कूल के मेन गेट के साथ सड़क के किनारे पुराने शीशम के पेड़ की टहनियां वाहनों से टकराती रही हैं। सड़क के सफर को सुरक्षित बनाने की न तो सड़क विभाग ने और न ही आम जनमानस ने सुरक्षा में कोई ध्यान दिया। वहीं, दूसरी तरफ वन विभाग ने भी सड़क से सटी टहनियों को हटाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। बिजली विभाग ने पोल लगाने के जगह खानापूर्ति करते हुए इन हरे-भरे पेड़ों की टहनियों के साथ बिजली की हाई टेंशन तारें बांधी हुई हैं। रविवार सुबह कबाड़ भर कर गुजर रहे एक ट्रक पर लदे सामान से टहनी इतनी जोर से टकराई कि दो फाड़ होकर बिजली की तारों सहित घनारी स्कूल के गेट के साथ खड़े एक ट्रक पर जा गिरी, जिससे वाहन में आग लग गई, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर किसी भी विभाग व प्रशासन के कारिंदे नहीं पहुंचे। हैरानीजनक है कि सड़क पर पेड़ों की टहनियों से खतरे को लेकर विभागों के आला अधिकारियों, डीसी ऊना को भी सुधार के लिए पत्र लोगों द्वारा भेजा गया था, लेकिन आजतक कार्रवाई नहीं हुई, जहां स्कूलों में छुट्टियां चल रही हैं अन्यथा कुछ दुखद हो सकता था। वहीं, लोगों ने मामला सुर्खियों में रहने के बावजूद विभागों के द्वारा उदासीन रवैये पर रोष जताया। गनीमत यह रही कि कोई भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

# 35 पेटी देसी शराब पकड़ी

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।

स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में निखिल कुमार पुत्र विजय कुमार गांव नारी वार्ड नंबर-4 तहसील अंब जिला ऊना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 35 पेटी देसी शराब मार्का संतरा बरामद की। मिली जानकारी के अनुसार चिंतपूर्णी पुलिस की टीम गश्त के दौरान नारी में मौजूद थी, जब उन्हें शराब तस्करी की सूचना मिली, तो पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए निखिल कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब बरामद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# ऊना में लोगों ने धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

## विभोर साहिब के पंजगाटडा में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

अनंत ज्ञान, ऊना

बैसाखी पर्व पंजाब के सीमावर्ती हिमाचल के ऊना जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व के दौरान किसान अपनी गेहूं की फसल कटाई की विधिवत शुरुआत करते हैं।

गेहूं की फसल आने की खुशी में भी इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है और जलेबी तथा पकौड़े आदि की मिठाई बांटी जाती है। बैसाखी पर्व पर हिमाचल के ऊना जिले के अलावा पंजाब के सैकड़ों लोगों ने सतलुज नदी के तट पर हिमाचल के ब्रह्मौती और पंजाब के नंगल से सटे ऐतिहासिक कस्बे विभोर साहिब के पंजगाटडा में डुबकी लगाई। तड़के से ही लोग ब्रह्मौती और पंजगाटडा में आना शुरू हो गए थे। लोगों के आने का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। दर्जनों अस्थायी दुकानें लगाकर कारोबार करने वाले लोग भी मौजूद थे। बच्चों के अनेक प्रकार के खिलौनों से लेकर घरेलू सामान की खरीददारी लोगों को करते देखा गया। लोग इस पर्व को मनोरंजन के साथ-साथ आस्था से जोड़कर भी मनाते हैं। ब्रह्मौती के महंत महेश गिरी ने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार नव संवत के शुरू होने के उपरांत बैसाखी पर्व को वर्ष की शुरुआत भी माना जाता है। अंग्रेजों का नया साल होटल, क्लब और आधी रात को अश्लील नृत्य आदि से शुरू होता है। वहीं सनातन संस्कृति में नए वर्ष की शुरुआत तीर्थों पर जाकर स्नान, ध्यान, जप, तप और दान-पुण्य से होती है। लोग इस दिन सर्वप्रथम स्नान आदि करने के बाद भगवान की आराधना करते हैं और ज्ञान, दान, पुण्य, हवन, यज्ञ आदि कर सर्व मंगल कामना करते हैं। हिमाचल और पंजाब के बहुत सारे लोगों ने सतलुज दरिया तो सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ब्रह्मौती में डुबकी लगाई और सृष्टि रचयिता भगवान ब्रह्मा का आशीर्वाद लिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ब्रह्मौती में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग से स्नान की व्यवस्था की गई थी। इस बार लोगों में खरीददारी करने को लेकर कोई खास उत्साह नहीं देखा गया। इसका कारण महंगाई की मार माना जा रहा है। मिट्टी से बने बर्तनों की बात हो अथवा घर के अन्य सामान को खरीदने में इस बार लोगों ने थोड़ी कंजूसी बरती है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने भी ब्रह्मौती में स्नान करने के बाद मंदिर में माथा टेका।



# रणवीर सिंह हिमाचल सुधार सभा अमृतसर के बने प्रधान



अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल सुधार सभा (पंजीकृत) अमृतसर के अधिवेशन में रणवीर सिंह राणा को सर्वसम्मति से सभा का प्रधान, ठाकुर दूनी चंद को, जर्नल सेक्रेटरी और कमलेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस नई कार्यकारिणी का कार्यकाल मार्च 2027 तक चलेगा।

रविवार को अमृतसर के हिमाचल भवन में बैसाखी के शुभ अवसर पर हिमाचल सभा सुधार की नई कार्यकारिणी ने सभा को आगे बढ़ाने के लिए अपना आगाज-ए-सफर शुरू किया। हिमाचल भवन में मानवता के लिए शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए हवन यज्ञ और नव ग्रह की पूजा की गई। हिमाचल सभा के प्रधान रणवीर सिंह राणा ने कहा कि हम सभी के सहयोग से इस सभा के कामकाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। सभी लोगों को मिलजुल कर रहने, आपसी भाईचारक सांझ, सौहार्द, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने की जरूरत है, ताकि हम सभी का सहयोग और समर्थन प्राप्त कर सकें। राणा ने कहा कि इस सभा में पहले जो भी प्रधान बने, जिनमें किशन चंद कालिया, केवल कृष्ण शर्मा, हीशियार सिंह पटयाल, प्रकाश शर्मा, द्वारका दास कालिया एवं ठाकुर शिविंदर सिंह पटयाल इनका सभा के लिए योगदान अतुल्य है और हमें इन सब का सम्मान करना चाहिए।

# जरूरतमंद बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

अनंत ज्ञान, अंब

अंब उपमंडल के तहत रविवार को बैकवर्ड वेलफेयर सोसायटी ऊना ने अपना 21वां वार्षिक सम्मेलन चुरुड़ू के मुख्यमंत्री लोक भवन में सोसायटी अध्यक्ष ई. बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में मनाया।

इस सम्मेलन में जरूरतमंद करीब सौ से अधिक बच्चों को 2 लाख रुपए की पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर ई. बलवीर चौधरी ने निशुल्क एवं बुनियादी शिक्षा देने के लिए प्रदेश सरकार से सरकारी स्कूलों में नियमित एनटीटी शिक्षकों की भर्ती करने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता को निशुल्क एवं बुनियादी शिक्षा देने के लिए वर्ष 2010 में शिक्षा का अधिकार कानून पारित किया था। उक्त एक्ट की नियम संख्या 20 में यह प्रावधान किया गया था कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए केवल और केवल नियमित शिक्षक तैनात किए जाएं, लेकिन हिमाचल प्रदेश सरकार पिछले पांच साल में 3840 में से एक भी प्री-प्राइमरी शिक्षक तैनात नहीं कर पाई, जिससे राइट टू एजुकेशन एक्ट, 2010 के अनुसार जनता को निशुल्क एवं कंपलसरी एजुकेशन नहीं मिल पा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। फ्री एंड कंपलसरी एजुकेशन देने के लिए जरूरतमंद बच्चों को सोसायटी हर साल पुस्तकें, स्कूल बैग, कापियां, फीस तथा शूज उपलब्ध करवा रही है।

सभा को संबोधित करते हुए इंजीनियर बलवीर चौधरी ने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए खेलना बहुत जरूरी है। बच्चों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि नशा एक धीमा जहर है। हम सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए व अवैध खनन का भी विरोध करना चाहिए। इस अवसर पर सोसायटी के महासचिव फलाईंग आफिसर पूर्ण देव, कोषाध्यक्ष तिलकराज अत्री, डॉक्टर राम लाल संदल, इंजीनियर दुलंभ सिंह, पूर्व वायुसैनिक सुभाष कौंडल, रितेश पलियाल एडवोकेट, जसपाल चौधरी, रविंद्र, मास्टर हजारा सिंह, मोहिंद्र कुमार शर्मा, चुरुड़ू पंचायत प्रधान विनय कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



# विधायक बबलू के जन्मदिन पर बधाई देने वालों को लगा तांता



अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में विशेष रूप से भाग लिया और उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह समारोह विधायक सुदर्शन बबलू के निवास स्थान, गांव पंजोआ लडोली, तहसील अंब में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रत्न, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, मंडलाध्यक्ष रवींद्र कुमार, अशोक ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान शादी लाल गोस्वामी ने कांग्रेस पार्टी में घर वापसी की, जिससे पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिली है।

इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बिक्लेश्वर शिव मंदिर, रैंसरी में आयोजित श्रीमद्भागवत यज्ञ अनुष्ठान में भाग लिया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वचनों का श्रवण किया। उन्होंने इस दिव्य आयोजन में भाग लेकर आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति की।

### विवेक शर्मा ने बिलकलेश्वर मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में की शिरकत

# बैसाखी पर्व, खेती-किसानी से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया। उन्होंने बिलकलेश्वर महादेव मंदिर, रैंसरी में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और धार्मिक वातावरण में श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति स्पष्ट रूप से देखने को मिली। व्यास पीठ से विधायक विवेक शर्मा एवं उनकी पत्नी मृदु शर्मा को सम्मानित किया गया। बिलकलेश्वर मंदिर रैंसरी में आयोजित धार्मिक आयोजन के साथ-साथ विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र में आयोजित करीब एक दर्जन अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। उन्होंने हर स्थान पर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएं सुनीं और सामाजिक सौहार्द बढ़ाने का संदेश दिया। उनका यह दौरा न सिर्फ धार्मिक आस्था से जुड़ा रहा,



बल्कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनसंपर्क और सेवा भाव का भी परिचायक रहा।

विधायक विवेक शर्मा ने इन कार्यक्रमों के दौरान लोगों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बैसाखी का पर्व खेती-किसानी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो नई फसल के आगमन का प्रतीक है। यह पर्व केवल कृषि का उत्सव ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। विवेक शर्मा ने विशेष रूप से युवाओं को इस पावन पर्व के माध्यम से अपनी संस्कृति से जुड़ने और समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया।

बिलकलेश्वर मंदिर रैंसरी में पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और उनके विकास के लिए सरकार संकल्पित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों के सौंदर्यीकरण, आधारभूत ढांचे के सुधार और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। विधायक के इन प्रयासों की स्थानीय जनता ने सराहना की और उनके द्वारा धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी को एक सकारात्मक पहल करार दिया। ग्रामीणों का कहना था कि ऐसे कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से न सिर्फ समाज में सौहार्द का वातावरण बनता है, बल्कि विकास कार्यों को भी नई दिशा मिलती है।

**श्रद्धासुमन** जरनल जोरावर सिंह की जयंती पर कुटलैहड़ सेवा समिति ने कार्यक्रम का किया आयोजन

# महान योद्धा को कांग्रेस सरकारों में नहीं मिला सम्मान: वीरेंद्र

अनंत ज्ञान, बंगाणा

भारत के इतिहास में ऐसे अनेक वीर योद्धा हुए हैं, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और मातृभूमि के प्रति प्रेम से अमरता प्राप्त की, लेकिन दुर्भाग्यवश, कई बार ऐसे महान सपूतों को वह मान-सम्मान नहीं मिल पाता, जिसके वे वास्तविक अधिकारी होते हैं।

हमीरपुर जिले की वीरभूमि से ताल्लुक रखने वाले महान योद्धा जरनल जोरावर सिंह ऐसे ही एक महानायक हैं, जिनकी जयंती के अवसर पर कुटलैहड़ सेवा समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और जोरावर सिंह की वीरगाथा को याद करते हुए कांग्रेस सरकारों पर उन्हें उचित सम्मान न देने का आरोप भी लगाया। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जरनल जोरावर सिंह का नाम भारतवर्ष की सैन्य परंपरा में उनका स्थान बहुत ही ऊंचा है। वे जम्मू के महाराजा गुलाब सिंह के सेनापति रहे और उनके नेतृत्व में डोगरा सेना ने लद्दाख से लेकर तिब्बत तक अभूतपूर्व विजय अभियान चलाया।



उनका सबसे बड़ा योगदान यह रहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को एक राजनीतिक और भूगोलिक इकाई के रूप में भारत का हिस्सा बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई। कंवर ने कहा कि उनकी युद्ध नीति, पर्वतीय क्षेत्रों में युद्ध संचालन की क्षमता और दुश्मन के मनोबल को भांपकर त्वरित निर्णय लेने की कला उन्हें एक असाधारण सेनानायक बनाती है। 19वीं सदी में जब भारत में सैन्य संसाधनों की कमी थी, तब उन्होंने दुर्गम हिमालयी इलाकों में विजय पताका फहराया था। कुटलैहड़ क्षेत्र के बंगाणा में आयोजित कार्यक्रम में जनमानस की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम में जरनल जोरावर सिंह की वीरता को याद करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने उनके योगदान की सराहना की। मुख्यतिथि ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस सरकारों ने बार-बार ऐसे सपूतों की अनदेखी की, जो भारत की सीमाओं की रक्षा और विस्तार में अहम भूमिका निभा चुके हैं। कंवर ने कहा कि जरनल जोरावर सिंह जैसे नायकों को इतिहास की किताबों में उचित स्थान नहीं दिया गया और न ही उनके नाम पर कोई राष्ट्रीय स्तर की स्मृति या सम्मान की व्यवस्था की गई। इस बात से उपस्थित जनसमूह सहमत नजर आया और स्थानीय युवाओं ने इस दिशा में आगे बढ़कर कार्य करने का संकल्प लिया। कंवर ने कहा कि इतिहास के पन्नों में जरनल जोरावर सिंह का नाम शायद कहीं-कहीं ही दर्ज है, जबकि वे भारतीय उपमहाद्वीप के उन चंद सेनानायकों में से एक थे, जिन्होंने हिमालय की ऊंचाइयों पर युद्ध कर विजय प्राप्त की।

उन्होंने लद्दाख, बाल्तिस्तान और गिलगित जैसे क्षेत्रों में सैन्य सफलता हासिल की, जिन्हें आज भी भू-राजनीति में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। कंवर ने कहा कि उनकी रणनीति इतनी प्रभावी थी कि आज भी भारतीय सेना उनकी युद्धनीति को अध्ययन में शामिल करती है, लेकिन अफसोस की बात है कि राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें वह श्रद्धा नहीं मिली, जो रानी लक्ष्मीबाई या सुभाष चंद्र बोस जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को मिली। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जरनल जोरावर सिंह का जीवन उन युवाओं के लिए आदर्श है, जो देश की सेवा में अपना भविष्य देख रहे हैं। कुटलैहड़ सेवा समिति ने घोषणा की कि हर वर्ष यह कार्यक्रम और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और जोरावर सिंह के नाम को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू, 18 टीमें दिखा रही जौहर

अनंत ज्ञान, बंगाणा

बंगाणा उपमंडल की अरलू पंचायत के गांव अरलू कुंदू में खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। बीडीसी सदस्य प्रकाश धीमान द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि कुटलैहड़ सेवा संगठन के सहसंयोजक एवं बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू ने शिरकत की।

इस मौके पर उन्होंने आयोजक प्रकाश धीमान को इस प्रेरणादायक पहल के लिए बधाई दी और युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों व पढ़ाई में रुचि लेने का संदेश दिया। राजेंद्र रिंकू ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि आज के समय में युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए खेलों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन की भावना को भी प्रबल करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन से नशे जैसी बुराइयों को दूर रखें और खेलों तथा शिक्षा में अपना भविष्य संवारें। इस प्रतियोगिता में कुल 18 टीमें भाग ले रही हैं, जो विभिन्न गांवों से आई हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खेल भावना को बढ़ावा देना है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना भी है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।



प्रतियोगिता के माध्यम से भाईचारे और सौहार्द की भावना को भी बल मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर राजेंद्र रिंकू ने आयोजकों को 5100 रुपए की नकद राशि भेंट की, साथ ही प्रतियोगिता के दौरान रात्रिकालीन मैचों के लिए दस हजार रुपए मूल्य की बड़ी मास्क लाइट भी उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के लिए वह हरसंभव सहायता देने को तैयार हैं। बीडीसी सदस्य प्रकाश धीमान द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता को क्षेत्रवासियों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। युवाओं में काफी उत्साह देखा गया और ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह प्रतियोगिता न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की एक पहल भी है। उम्मीद की जा रही है कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा मिलेगी और वे एक स्वस्थ, सक्रिय और जागरूक नागरिक के रूप में उभरेंगे। इस प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। आयोजकों द्वारा खिलाड़ियों के लिए उचित व्यवस्था की गई है, जिससे खेल का स्तर और भी ऊंचा हुआ है।

# अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना। आग से होने वाले नुकसान को कम करने और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के मकसद से 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। आदेशक गृह रक्षा, 12वीं वाहिनी ऊना विकास सकलानी ने जानकारी दी कि इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय एकजुट हो, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित पर रहेगा। इस दौरान स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूलों बच्चों के लिए, निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण लिंक पर निबंध और पोस्टर अपलोड कर भाग ले सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण और प्रविष्टियां 16 अप्रैल सायं 5 बजे तक प्राप्त की जाएंगी। इसके अलावा प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 51,00 रुपए, द्वितीय 3,100 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 1100 प्रदान किया जाएगा तथा 18 अप्रैल को राज्य स्तर पर विजेता का चयन किया जाएगा। विकास ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई में डॉक विस्फोट के दौरान अपनी जान गंवाने वाले बहादुर अग्निशमकों की श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है।

## मरीजों को फल व जूस वितरित कर मनाया समाजसेवी का जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान भुंतर।** भुंतर सुधार समिति ने तेगुबेहड़ अस्पताल में मरीजों को फल व जूस आदि वितरित कर समाजसेवी मेघ सिंह कश्यप का जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया। मेघ सिंह कश्यप समिति के अध्यक्ष भी हैं। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने बैसाखी के पावन अवसर और हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर तेगुबेहड़ अस्पताल में मरीजों को फल आदि वितरित कर इनके जन्मदिन दिवस को खास बना दिया।

यही नहीं इस मौक़े पर समिति के सदस्य ने ख़ुशी जाहिर करते हुए केक भी काटा और अस्पताल में सभी को केक वितरित किया गया। इस नेक कार्य के लिए मेघ सिंह कश्यप ने सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया कि वे भी जन्मदिन पर समाजहित के कार्य करें। इस मौके भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष रोशन लाल, आजीवन सदस्य अनिल धीमान, सहसचिव झावे राम, महिला विंग की सचिव मीना जसवाल, प्रवक्ता नीलम घई, बनीता परमार, मीडिया प्रभारी पूर्ण ठाकुर, कुल्लू अपडेट के डायरेक्टर अजय ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# बिजली महादेव ने बच्चों के साथ खेली लुका-छुपी

## रस्सी के सहारे काफी ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्ते से होते हुए जिया गांव पहुंचे बिजली महादेव

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

- देवता के जिया पहुंचते ही तीन दिवसीय विरशू मेले का आगाज
- नजारे को देखने के लिए जहां लोगों का हुजूम उमड़ा

लकड़ी की तलवारें हाथ में लेकर बच्चे अलग अलग स्थानों में छिप गए और फिर शुरू हुआ बिजली महादेव और बच्चों के बीच लुका छुपी का खेल। रविवार को भुंतर के जिया में शुरू हुए तीन दिवसीय विरशू मेले में पहुंचे देव अधिष्ठाता बिजली महादेव और बच्चों के बीच हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेले गए इस अनूठे लुका-छुपी खेल के सैकड़ों लोग गवाह बने। बैशाख सक्रांति शुरू होते ही जिले में विरशू मेलों का भी आगाज हो गया है और इसी कड़ी में संगम स्थल जिया में भी विरशू मेला मनाया जा रहा है।

इस मेले में हर साल की तरह इस साल भी आराध्य देवता बिजली महादेव लाव लश्कर के साथ रविवार को भ्रैण गांव से होते हुए ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्ते से अपने हारियानों के साथ रस्सी के सहारे जिया गांव पहुंचे। भ्रैण गांव में विरशू की धूम रही। यहां पर बिजली महादेव ने महिलाओं के साथ देव नृत्य किया। भ्रैण गांव के समीप एक सीधी पहाड़ी से शाम के समय देवता के रथ को उतारा गया। इस नजारे को देखने के लिए जहां लोगों का हुजूम उमड़ा, वहीं, देवता के साथ जिया गांव तक भी काफी संख्या में हारियान व देवलू पहुंचे। ढोल-नगाड़ों और नरसिंगों की मंगल ध्वनि से पहाड़ी गूंज उठी। बिजली महादेव के जिया गांव में पहुंचने से पहले छोटे बच्चे खेतों व अन्य स्थानों में छुप जाते हैं जिन्हें देवता अपनी दिव्य दृष्टि से ढूंढ निकालते हैं। जहां जहां बच्चे छिपे होते हैं, उस ओर देवता का रथ दौड़ता है और बच्चों को बाहर निकालता है। पूरा जिया गांव हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और माहौल भी भक्तिमय हो गया।

वहीं, गांव सहित जिलाभर से विरशू में पहुंचे लोगों ने देवता से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। बिजली महादेव के पुजारी मदन लाल ने बताया कि हर साल देवता का रथ वैशाख सक्रांति से एक दिन पूर्व भ्रैण गांव लाया जाता है, जहां से सक्रांति के दिन पहाड़ी रास्ते से रस्सी से रथ को बांधकर जिया गांप पहुंचाया जाता है। यहां पर बिजली महादेव के पहुंचने के साथ ही तीन दिवसीय विरशू मेले का आगाज हुआ। (अनंत ज्ञान)



## धूप खिलते ही शिंकुला दर्रे में सुचारु हुई वाहनों की आवाजाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

- 32 वाहनों में आर-पार हुए 162 लोग, दर्रे में फिलहाल एकतरफा रहेगी आवाजाही

रविवार को धूप खिलते ही शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु हो गई। 32 वाहनों में 162 लोग शिंकुला दर्रे के आर-पार हुए। दर्रे में बर्फ के ढेर लगे होने के कारण फिलहाल कुछ दिन वाहनों की आवाजाही एकतरफा रहेगी। पुलिस ने शिंकुला कारग्याक में वाहनों की आवाजाही का पंजीकरण किया। लाहौल के दारचा से शिंकुला कारग्याक की ओर 28 वाहन जिनमें 151 व्यक्ति रवाना हुए। 4 वाहन में 11 व्यक्ति कारग्याक से दारचा पहुंचे। दीपकताल में वाहनों की आवाजाही का पंजीकरण भी किया गया।

रविवार को 202 वाहन जिनमें 837 पर्यटक दीपकताल की ओर रवाना हुए। सभी वाहन दीपकताल से वापस दारचा चेकपोस्ट पार करके जिस्पा केलांग की ओर लौट आए। दारचा चैक पोस्ट प्रभारी मेघ सिंह ने बताया कि दारचा से रवाना हुए सभी वाहन कारग्याक चेकपोस्ट पर पहुंच गए हैं। डीएसपी केलंग राज कुमार ने बताया कि आज मौसम साफ होते ही शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु हो गई है। उन्होंने बताया कि रविवार को दारचा पुलिस टीम ने बारालाचा दर्रे की ओर जिंगजिंगबार तक का दौरा किया। उन्होंने बताया कि बीआरओ ने जिंगजिंगबार तक एकतरफा वाहनों के लिए सड़क बहाल कर दी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल पर्यटकों को दीपकताल तक भेजा जाएगा। जैसे ही हालात सामान्य हो जाते हैं तो पर्यटकों को जिंगजिंगबार तक भेजा जाएगा।

### दीपकताल पर्यटकों की बनी पहली पसंद

समुद्रतल से 12300 फुट की ऊंचाई पर मनाली लेह सामरिक मार्ग पर स्थित दीपक ताल आजकल पर्यटकों की पहली पसंद बनी है। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने हाल ही में दीपक ताल पर्यटकों के लिए खोला है। हालांकि मनाली लेह सामरिक मार्ग अभी बहाल नहीं हुआ है। ऐसे में पर्यटक यहां पहुंच कर खूब फोटोग्राफी कर रहे हैं। वहीं पर्यटक साथ लगते पहाड़ी ने ब्लू शीप के झुंड को करीब से निहार रहे हैं।

## कनौन में दिखी देव परंपरा की अनूठी मिसाल, रस्सी से खींचकर चोटी पर पहुंचाए भगवान ब्रह्मा और देवी भगवती के रथ

# घाटी की रक्षा के लिए देवता बनशीरा, देवी लक्ष्मी व ब्रह्मा ने किया देव मंयन

**अनंत ज्ञान, सैंज**



सैंज घाटी के कनौन में बैसाखी के मेले में देव परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। सुदामा को अपने इष्ट मित्र भगवान कृष्ण के साथ मिलने की चर्चा तो काफी सुनी है, लेकिन घाटी के कनौन में ब्रह्मा ऋषि व देवी भगवती अपने अंगरक्षक देवता के पास मिलने जाना की प्रथा है।

ऊंची चोटी पर स्थित बनशीरा को जहां वनों की रक्षा का जिम्मा है, वहीं क्षेत्र की जनता की रक्षा का जिम्मा भी ऋषि ब्रह्मा ने बनशीरा के हाथों में दिया है। क्षेत्र की रक्षा व प्राकृतिक आपदाओं को टालने के लिए रविवार को सृष्टि के रचियता ब्रह्मा व भगवती ने योद्धा देव वनों के अधोपति बनशीरा के साथ देव मंथन किया। घाटी के अराध्य देव ऋषि ब्रह्मा व देवी भगवती के रथों को हजारों श्रद्धालुओं ने रस्सी से खींच कर ऊंची चोटी पर स्थित बनशीरा देवता के मंदिर पर पहुंचाया। अपने अंगरक्षक देवता बनशीरा के साथ देवी भगवती व ऋषि ब्रह्मा ने वर्ष भर में घटने वाली प्राकृतिक अपदाओं के बारे में मवन कर भविष्यवाणी कर हारियनों को सचेत किया।

उल्लेखनीय है कि रविवार को देवता ब्रह्मा ऋषि के रथ को पूरे लाव-लशकर के साथ मंदिर से बाहर निकाला और देव खेल का निर्वाह कर देव हारियानों ने देवता के स्वर्ण रथ को रस्सी से खींच कर साथ लगते गांव कछैणी में देवी भगवती के मंदिर पहुंचाया।

कछियानी मंदिर में ऋपि ब्रह्मा व भगवती महामाई का मिलन हुआ और दर्शन के लिए आए हुए सैकड़ों लोगों ने माता भगवती महामाई का आशीर्वाद लिया। बता दें कि आज के दिन महामाई भगवती का जन्म दियाड़ा भी माना जाता है और ऐसे में भूत-प्रेत, पिशाच व अन्य बुरी आत्माओं से प्रभावित महिलाओं का देवी देव शक्ति से इलाज कर स्वस्थ करती है और वही कई सैकड़ों महिलाओं ने पुत्र प्राप्ति के लिए भी माता भगवती के दरबार में हाजिरी लगवाई। मान्यता है कि माता लक्ष्मी पुत्र प्राप्ति का भी वरदान भी देती है और भूत प्रेत की नजर से प्रभावित महिलाओं पुरुषों का भी देव कार्य विधि से इलाज कर स्वस्थ करवाती है। देव मिलन कर पुनः देवी-देवता के रथ को रस्सी खींचते हुए हजारों श्रदालुओं ने ऊंची चोटी पर बनशीरा देवता के मंदिर पहुंचाया।

वहां पर देव हारियानों ने जंगल की लचकदार लकड़ियों से एक गोल रिंग बनाया जिसे स्थानीय भाषा में चैचा कहते है। बाद में देव आज्ञानुसार देवी व देवता के हारिवन आपस में रस्साकसी की।

वहीं, अंत में इसे एक ही व्यक्ति सैकड़ों लोगों में से छुड़ा कर ले जाता है। मान्यता है कि बनशीरा देवता उस व्यक्ति को पुत्र और धन का वरदान देता है। इस देव प्रक्रिया को देखने के लिए कनौन गांव में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। सभी देव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद देव हारियानों ने कुल्लवी नाटी का आयोजन किया।

# बीआरओ ने बहाल किया कडू नाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



- 36 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद पाई सफलता

भूस्खलन से बंद कडू नाला 36 घंटे बाद बहाल हो गया है। बीआरओ ने मलबे को हटाकर मनाली को किलाड़ से जोड़ दिया है। हालांकि अभी मार्ग छोटे वाहनों के लिए ही बहाल हुआ है, लेकिन उम्मीद जाहिर की जा रही है कि सोमवार को सभी छोटे-बड़े वाहन आर-पार हो जाएंगे।

कडू नाले में 11 अप्रैल की मध्यरात्रि में भूस्खलन के कारण उदयपुर-किलाड़ पांगी मार्ग अवरुद्ध हो गया था। मार्ग बंद होने से दोनों ओर वाहन फंस गए थे। हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम पांगी में होने के चलते इस मार्ग पर आवाजाही बढ़ी है। कुल 364 लोगों को जिनमें हिमाचल दिवस कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे 304 पुलिस कर्मियों (जिसमें 40 होमगार्ड के जवान भी शामिल हैं) एवं 60 यात्री को जिला प्रशासन एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की सहायता से सीसु, जाहलमा, त्रिलोकनाथ एवं उदयपुर में सुरक्षित रूप से ठहराया गया था। जैसे ही मार्ग पूरी तरह भारी वाहनों को यातायात योग्य हुआ, वैसे ही सभी को उनके गंतव्य की ओर सुरक्षित रवाना किया गया।

केलांग के डीएसपी राजकुमार ने बताया कि सड़क बहाली हेतु जिला पुलिस एवं बीआरओ द्वारा संयुक्त प्रयासरत किया गया। शुरू में हल्के वाहनों के लिए यातायात सुचारु हुआ है, जबकि भारी वाहनों के लिए मार्ग अभी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने जनसाधारण से विनम्र अनुरोध है कि धैर्य बनाए रखें। जिला पुलिस बीआरओ एवं जिला प्रशासन का सहयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

## डॉ. प्रवीण तोगड़िया कल कुल्लू में कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेता डॉ. प्रवीण तोगड़िया अपने तीन दिन के हिमाचल दौरे के दौरान अपने संगठन की पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ओजस्वीस्विनी रजनी ठुकराल के घर ग्राम कलेहली, जिला कुल्लू पधार रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओजस्विनी रजनी ठुकराल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष एवं हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेता डॉ. प्रवीण तोगड़िया और राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल मनोज कुमार 14 से 17 अप्रैल हिमाचल के तीन दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। इस प्रवास के दौरान बिलासपुर, कुल्लू, सुंदरनगर, नालागढ़, बद्दी, नाहन में कार्यकर्ताओं से संवाद का कार्यक्रम रखा गया है।

इस अवसर पर 15 अप्रैल को सुबह 9 बजे कलेहली में ही कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम रखा गया है। डॉ. तोगड़िया महाकुंभ के पश्चात देशभर में कार्यकर्ताओं के परिवारों के घर जाने का तय किया है। कुल्लू जिले में डॉ. तोगड़िया 15 अप्रैल सुबह 9 बजे को अपने संगठन की राष्ट्रीय पदाधिकारी ओजस्विनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी ठुकराल के घर गांव कलैहली नजदीक एसआर हॉस्पिटल जाएंगे। डॉ. तोगड़िया के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार भी साथ में रहेंगे।

## कुल्लू से चल रही लाहौल-स्पीति की राजनीति, लाहौल को बेचने पर तुले हैं मंत्री जगत नेगी और विधायक सुंदर ठाकुर

# लाहौल-स्पीति को किन्नौर व उत्तराखंड नहीं बनने देंगे : डॉ. मार्कंडेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते डॉ. मार्कंडेय।

- बोले-किसी भी सूरत में जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में नहीं लगने देंगे विद्युत प्रोजेक्ट

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा है कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में किसी भी सूरत में हाइड्रो प्रोजेक्ट नहीं लगने देंगे। कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं लाहौल-स्पीति विकास मंच के अध्यक्ष डॉक्टर रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि जब मैं लाहौल-स्पीति का विधायक और सरकार में मंत्री रहा तो उस दौरान मैंने दो सालों तक लाहुल में हाइड्रो प्रोजेक्ट का टेंडर नहीं होने दिया था, लेकिन अब कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री ने बिना टेंडर के बैक डोर से एमओयू कर दिया दो प्रोजेक्ट के लिए।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इस सरकार ने घाटी में दो परियोजनाएं स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ बिना टेंडर के एमओयू साइन किया है, जिसका लाहौल-स्पीति जिला की जनता पुरजोर विरोध करती है।

उन्होंने कहा कि हम किसी भी सूरत में लाहौल-स्पीति में प्रोजेक्ट नहीं लगने देंगे और इसके विरोध में जल्द ही लाहौल में बहुत बड़ा प्रदर्शन करेंगे और जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति को किसी भी सूरत में किन्नौर व उत्तराखंड नहीं बनने देंगे।

इस मौके पर उन्होंने कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर और प्रदेश सरकार में मंत्री जगत सिंह नेगी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव के समय में दोनों ने लाहौल-स्पीति के विकास करने की बात कही थी, लेकिन आज लाहौल-स्पीति जिला को बेचने पर तुले हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने कल्लू के विधायक पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति की राजनीति वर्तमान समय में कुल्लू से चल रही है।

### सूक्खू सरकार ने घटाया जिले का बजट

**मार्कंडेय** ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अंदर कांग्रेस की सरकार को सवा 2 साल का कार्यकाल हो चुका है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अभी तक के अपने कार्यकाल में दो बार हिमाचल प्रदेश का बजट पेश किया है। मुझे आज बड़े खेद से कहना पड़ रहा है, जब हिमाचल प्रदेश के अंदर भाजपा की सरकार थी, उस समय लाहुल का बजट 84 करोड़ हुआ करता था, जबकि स्पीति का बजट भी लगभग 79 करोड़।

पहले ही वर्ष में जब वर्ष 2023-24 के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र ने बजट पेश किया तो लाहौल के बजट में कटौती लगभग 84 करोड़ से घटकर 40 करोड़ जबकि स्पीति 79 करोड़ से 36 करोड़ पहुंच गया। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का बजट सुखविंद्र की सरकार में बढ़ाने की जगह घटाया गया। उन्होंने कहा कि मुझे खेद से कहना पड़ रहा है कि लाहौल-स्पीति जिले में विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि लाहौल-स्पीति में भ्रष्टाचार बढ़ गया है और ठेकेदारी की प्रथा शुरू कर दी है।

### राहत देने की बजाए अतिरिक्त बोझ डाल रही सूक्खू सरकार

उन्होंने कहा कि विधायकों की सैलरी में बढ़ोतरी की गई जबकि आम जनता पर मंहगाई का बोझ डाला जा रहा है। बस किराए में बढ़ोतरी की गई, लाहुल में मटर का बीज एक्सपायरी डेट का दे दिया और उसके भी दाम में बढ़ोतरी की गई। इसके अलावा अन्य कई चीजों में बढ़ोतरी कर कांग्रेस की यह सरकार राहत देनेकी बजाए हिमाचल की जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

## हिमाचल दिवस पर कुल्लू में लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला स्तरीय हिमाचल दिवस 15 अप्रैल का समारोह कुल्लू जिले के ढालपुर मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस, गृह रक्षक के जवानों के दल, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा परेड व मार्चपास्ट की रिहर्सल की जा रही है। कुल्लू के उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने बताया कि कुल्लू में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे बतौर मुख्य अतिथि लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह शिरकत करेंगे व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे, तत्पश्चात पुलिस बल, गृह रक्षक, आईटीबीपी के जवानों के दल, विभिन्न संस्थानों एवं विद्यालयों के बच्चों द्वारा परेड व मार्चस्ट किया जाएगा, जिसके बाद मुख्यातिथि का संबोधन होगा।

उपायुक्त ने कहा कि मुख्य अतिथि के संबोधन के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें अनेक सांस्कृतिक दलों के अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। इसके उपरांत सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

# सिविल अस्पताल आनी को मिले पांच विशेषज्ञ चिकित्सक

**अनंत ज्ञान, आनी**

सिविल अस्पताल आनी में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें दो चिकित्सकों की नियुक्ति ऑल इंडिया कोटे से हुई है। यह कदम क्षेत्र की जनता के लिए राहत भरा साबित हो सकता हैए क्योंकि लंबे समय से अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी महसूस की जा रही थी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अस्पताल में निम्नलिखित विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है। डॉ प्रशांत धतवालिया एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, डॉ. आतिश एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, डॉ. अमित कुमार बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. आक्षी नेगी स्त्री रोग विशेषज्ञ। अब देखना होगा कि ये सभी विशेषज्ञ आनी अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं या नहीं। पहले भी कई बार विशेषज्ञों की नियुक्ति के आदेश जारी हुए, लेकिन अधिकतर डॉक्टरों ने या तो दूसरी जगह समायोजन करवा लिया या कुछ समय बाद तबादला करा लिया। सिविल अस्पताल आनी कुल्लू जिले के दुर्गम क्षेत्रों में से एक है और यह साथ लगते मंडी जिले के कुछ इलाकों के लोगों के लिए भी स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है।

यहां हर दिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन विशेषज्ञों की कमी के कारण मरीजों को रामपुर, कुल्लू अथवा शिमला जैसे बड़े अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। अब लोगों को बड़े अस्पतालों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

वहीं, इस बारे में बीएमओ आनी डॉ. भागवत मेहता ने बताया कि सरकार ने पांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं, जो क्षेत्र के लिए खुशी की बात है।

**तैयारी** गर्मी का सीजन शुरू होते ही रोजाना पर्यटन स्थलों में लग रहा पर्यटकों का तांता

# मनाली के कारोबारियों ने शुरू की पर्यटन सीजन की तैयारियां



गर्मियों से बचने के लिए अब पहाड़ों का रुख करने लगे सैलानी।

**एम बोकटापा, मनाली**

आने वाले पर्यटन सीजन की तैयारियां मनाली के पर्यटन कारोबारियों ने शुरू कर दी हैं। निचले इलाकों में तापमान बढ़ने लगा है, जिससे अब मैदानी इलाकों के पर्यटकों ने कुल्लू- मनाली की ओर रुख कर दिया है।

वहीं, मनाली के आसपास बारिश और बर्फबारी जारी है और यह सुहावना मौसम पर्यटकों को मनाली आने के लिए विवश कर रहा है। इन दोनों प्रतिदिन एक हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं। मनाली के सभी पर्यटक स्थल पर्यटकों से गुलजार हैं, वहीं, शाम को मनाली के माल रोड में जगमगाती रोशनी में अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है।

अटल टनल, सिस्सू और कोकसर में चारों तरफ बर्फ की मोटी चादर जमी है, जहां पर्यटक अनेक साहसिक खेलों का आनंद ले रहे हैं। अभी मनाली का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल रोहतांग दर्रा यातायात के लिए बहाल नहीं हुआ है। आने वाले सीजन में 13050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रे पर बर्फ के पहाड़ पर अठखेलियां करना पर्यटकों के लिए जन्नत के कम नहीं होगा।

भारी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने पर मनाली के पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले हुए हैं और उन्हें उम्मीद है कि आने वाला सीजन ठीक रहेगा। पर्यटन व्यवसायी सुरेश शर्मा, नरेश कुमार और नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इन दिनों मनाली में पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि मैदानी इलाकों में पारा बढ़ने से देश के कोने-कोने से पर्यटक मनाली पहुंच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कानून और यातायात व्यवस्था के लिए प्रशासन उठाए उचित कदम : अजय अबरोल





पर्यटन कारोबारी अजय अबरोल ने कहा कि आने वाले सीजन में काफी संख्या में पर्यटकों के मनाली आने की संभावना, ऐसे में सरकार और मनाली प्रशासन से आग्रह है कि कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था ठीक रखने के लिए उचित कदम उठाए।

वहीं, पर्यटन कारोबारी अभय राणा ने कहा कि सप्ताह के अंतिम दिनों में और दो तीन दिनों की छुट्टियों में मनाली में काफी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिकुला दर्रा पर्यटकों के लिए बहाल हो चुका है। प्रशासन अब जल्द जल्द रोहतांग दर्रे पर भी यातायात बहाल करे क्योंकि जो भी पर्यटक मनाली आता है, वह रोहतांग जरूर जाना चाहता है।

## हिमाचल दिवस पर केलांग में जनजातीय विकास मंत्री नेगी फहराएंगे तिरंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस 15 अप्रैल का समारोह पुलिस परेड मैदान केलांग में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस, गृहरक्षक के जवानों के दल, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा परेड व मार्चपास्ट की रिहर्सल की जा रही है। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि केलांग में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे बतौर मुख्य अतिथि राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी अध्यक्षता करेंगे व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे।

संबोधन के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल को जनजातीय विकास मंत्री कुक्कम सेरी में निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल भवन के कार्य का जायजा लेंगे और उदयपुर में मृकुला माता मंदिर व त्रिलोकी नाथ मंदिर में भी पूजा-अर्चना के उपरांत स्थानीय लोगों से मिलेंगे। 14 अप्रैल को उनका रात्रि ठहराव केलांग में रहेगा। 15 अप्रैल को जिला स्तरीय कार्यक्रम के उपरांत मनाली के लिए रवाना होंगे।

उपायुक्त राहुल कुमार ने तैयारियों के लिए सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्य अतिथि के संबोधन के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें महिला मंडलों के सांस्कृतिक दल के अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न विभागों के माध्यम से जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों को भी को निर्देश दिए कि इस अवसर पर मौजूद रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्षवर्धन चौहान कल सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 15 अप्रैल को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। हर्षवर्धन चौहान 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सोलन के ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### अग्निशमन विभाग के कर्मियों की छुट्टियां बंद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** फायर सीजन शुरू होने के साथ अग्निशमन विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बात सिरमौर जिले के पांवटा साहिब की करें तो विभाग ने अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। फायर सीजन को देखते हुए सभी अग्निशमन उपकरणों की भी जांच कर ली गई है। अग्निशमन विभाग पांवटा साहिब के प्रभारी रामकुमार ने बताया कि फायर सीजन को देखते हुए अग्निशमन विभाग पूरी तरह से तैयार है। विभाग ने अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। पांवटा साहिब क्षेत्र जिले का सबसे बड़ा क्षेत्र है, ऐसे में यहां विभाग से 6 अतिरिक्त जवानों की तैनाती करने को लेकर भी डिमांड भेजी गई है। पेयजल के अन्य वैकल्पिक स्रोत भी चिन्हित किए गए हैं। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन कर लोगों को जानकारी दी गई है, ताकि आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके।

### शांति गौतम ने खीर के लंगर के वितरण का शुभारंभ किया



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** खालसा पंथ के 106 वे स्थापना दिवस पर न्यू टाउन माधव बस्ती में खीर का लंगर का आयोजन 13 अप्रैल को किया गया। यह जानकारी देते हुए नौजवान समिति सदस्य अमु सिंह, स्वस्तिक गौतम ने बताया कि इस मौके पर न्यू टाउन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान शांति गौतम ने लंगर वितरण का शुभारंभ किया। समस्त जनता ने इस विशेष मौके पर यहां आकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्य अमरजीत सिंह, राज ढिल्लों, सतीश सिंह, राकेश कुमार, शशि, संजीव, अजय कुमार, मुकेश भारद्वाज, संदीप शर्मा, सतीश शर्मा, विकास, लखन, धैर्य, गिल साहब, मुकेश शर्मा मारवाड़, सोनू, अरुण कुमार ने भी सहयोग किया।

### तूफान से गेहूं की फसल को नुकसान, किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में मौसम की करवट किसानों के लिए परेशानी बनी गई। बात जिला के मैदानी इलाकों की करें तो इन दिनों गेहूं की नकदी फसल पककर तैयार खड़ी है, लेकिन बारिश गेहूं की फसल की कटाई में बाधा बनी है। तेज आंधी तूफान और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है और गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है जिसे समेटना एवं काटना किसानों के लिए मुश्किल हुआ है। मीडिया से बात करते हुए किसानों का कहना है कि तेज आंधी तूफान एवं बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। इन दिनों गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है, जिसे काटने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन बारिश व आंधी तूफान से गेहूं खेतों में बिछी है। खेतों में बिछी गेहूं की फसल से दान झड़ गया है। बिछी हुई फसल को काटना भी मुश्किल हुआ है।

### झाजा गांव में संपन्न हुई साहित्य रेल यात्रा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे लाइन के सर्वेक्षक बाबा भलकू की स्मृति में आयोजित होने वाली दो दिवसीय कालका-शिमला साहित्य रेल यात्रा रविवार को चायल के समीप झाजा गांव उनके पैतृक निवास स्थान में सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुई। हिमालय संस्कृति एवं पर्यावरण मंच के बैनर तले वर्ष 2017 से हर वर्ष मंच के अध्यक्ष एसआर हरनोट की अध्यक्षता में इस यात्रा का आयोजन किया जाता है। शनिवार से शुरू इस साहित्य यात्रा के पहले दिन देश के 32 साहित्यकारों ने शिमला रेलवे स्टेशन से ऐतिहासिक रेल में बड़ोग रेलवे स्टेशन तक सफर करके कई साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। इस यात्रा को शिमला रेलवे स्टेशन से प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने रवाना किया। दूसरे और अंतिम दिन यात्रा का झाजा पहुंचने पर सभी साहित्यकारों, लेखकों और साहित्य सृजनकारों ने ग्रामीणों ने स्वागत किया। साहित्यकारों ने बाबा भलकू के मूल निवास स्थान में उनके घर में जाकर उस घर को देखा, जहां वह रहा करते थे।

### एसआईएलबी ने उत्साह से मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईएलबी) ने 13 अप्रैल को बड़े गर्व और उत्साह के साथ अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया। शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पीके खोसला के दूरदर्शी नेतृत्व में 2004 में स्थापित एसआईएलबी ने पिछले दो दशकों में शिक्षा और अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति की है। तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत हवन समारोह से हुई, जिसमें फाउंडेशन के सभी सदस्य और अतिथि शामिल हुए। वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में प्रोफेसर पीके खोसला ने नवनिर्मित टैगोर हॉल का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त, फाउंडेशन के ट्रस्टी अशोक आनंद और सतीश आनंद ने पुष्प महोत्सव का उद्घाटन किया, जिसमें 100 से अधिक इनडोर पौधों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इस संग्रह में विदेशी पौधे, ताड़, रसीले पौधे, बोनसाई, टेरारियम और सुगंधित पौधे शामिल थे। पुष्प महोत्सव अगले दो दिन तक स्थानीय आगंतुकों के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर विशाल आनंद, कुलपति प्रो. अतुल खोसला और अध्यक्ष एवं मुख्य नवाचार एवं विपणन अधिकारी आशीष खोसला भी उपस्थित थे।

# बदलते मौसम से फैला बैक्टीरियल इंफेक्शन

## क्षेत्रीय अस्पताल में बढ़े वायरल, टायफाइड और डायरिया के मामले

**आर मोहन चौहान. सोलन**

बदलते मौसम से लोग वायरल की चपेट में आ गए हैं। इससे क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में अचानक रोगियों की संख्या बढ़ गई है। पहले बारिश और उसके बाद तापमान में बढ़ोतरी से जल जनित बीमारियां पनपने लगी हैं। बदलते मौसम में घटते बढ़ते तापमान बैक्टीरियल इंफेक्शन से लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग वायरल की चपेट में आने लगे हैं।

कारण है कि सोलन अस्पताल में बैक्टीरियल इंफेक्शन होने वाली बीमारियां जैसे गला खराब, सर दर्द, जुखाम, खांसी सहित टाइफाइड और डायरिया के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। चिकित्सकों के मुताबिक टायफाइड और डायरिया का उपचार नहीं होने की स्थिति में यह जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में बुखार आने और डाइसेंट्री होने पर तुरंत चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी है। अस्पताल में सर्दी-जुखाम, सिर दर्द और बुखार के रोज करीब 200 से 300 रोगी पहुंच रहे हैं। अस्पताल में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से डायरिया के करीब दो दर्जन रोगी उपचाराधीन हैं।



### दूषित पानी का सेवन खतरनाक

इन बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। जिले के सब से बड़े अस्पताल सोलन में इन दिनों ओपीडी में इजाफा हुआ है। इसमें श्वास सहित जल जनित बीमारियों के रोगियों की संख्या अधिक है। आमतौर पर अस्पताल में करीब 1200 हजार रोगियों के ओपीडी होती है, जबकि इन दिनों यह संख्या करीब 1500 तक पहुंच रही है। इसमें आंशिक डायरिया के रोगी भी काफी संख्या में सामने आ रहे हैं। राहत की बात है कि सोलन सहित आसपास के अलग-अलग क्षेत्रों से डायरिया के रोगी अस्पताल में एडमिट हैं, पर पानी को शुद्ध किए और उबाले बगैर उपयोग करने पर आप पीलिया और डायरिया की चपेट में आ सकते हैं।

इसका मुख्य कारण मौसम का बदलाव है। इन दिनों सुबह-शाम ठंड और दिन को अधिक तापमान चल रहा है। सप्ताह में एकाध बार बारिश भी हो रही है। इससे पानी और पर्यावरण में बैक्टीरिया पनपने से जल जनित बीमारियां लोगों को जकड़ रही है।

**बढ़ जाता है जलजनित बीमारियों का खतरा :** बारिश और गर्मी के मौसम में जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे लोगों को एहतियात बरतने की आवश्यकता होती है। शहर में इन दिनों दूषित पानी पीने और बाजार के खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। जिसको लेकर लगातार स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि पानी को फिल्टर या फिर उबालकर ही पिएं। (अनंत ज्ञान)

### ये करें उपाय

आपातकालीन जल आपूर्ति के समय बोतल बंद पानी या छानने के बाद उबाल कर किया पानी ही पीना चाहिए। यदि आपके पास बोतल बंद पानी नहीं है तो पानी उबालें।उबालना रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ को मारने के लिए पर्याप्त है। यदि पानी गंदला है, तो इसे जमने दें और इसे एक साफ कपड़े, कागज़ के उबलते पानी के तौलिये या कॉफी फिल्टर के माध्यम से छान लें। पानी को कम से कम एक मिनट तक उबालें। पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा होने दें और इसे ढक्कन वाले साफ कंटेनर में रखें। पानी में स्वास्थ्य केंद्रों और आशा वर्कर से क्लोरीन की गोलियां उचित मात्रा में पानी में घोलने से भी बीमारियों का खतरा टल जाता है।

> बदलते मौसम में (डायरिया, टायफाइड, वायरल, हेपेटाइटिस ) जैसी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। पानी को उबालकर पिएं, पानी को 3 दिन से ज्यादा एक जगह इकट्ठा न होने दें। इन सभी बातों का ध्यान रखकर ही बीमारी से बचा जा सकता है। जरूरत पड़ने पर मास्क का जरूर प्रयोग करें।
> -डॉ. अमृत रंजन तलवाड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# सिरमौर में गेहूं खरीद शुरू, पांवटा धौलाकुआं में गेहूं खरीद केंद्र स्थापित



**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले में गेहूं खरीद का शुभारंभ हो गया है। जिले में इस बार दो गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें पांवटा साहिब और धौलाकुआं शामिल हैं। यहां केंद्रों पर कुल 10000 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है। पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग व मंडी समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने विधिवत गेहूं खरीद केंद्र का शुभारंभ किया है। इस बार किसानों से 150 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं के दाम बढ़ोतरी के साथ खरीद शुरू हुई है।

सिरमौर मंडी समिति पांवटा परिसर में पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग ने कहा कि वह खुद किसान ह, इसलिए वह किसानों का दर्द व समस्याओं को समझते हैं। पांवटा के मेहनतकश किसानों की मांगें और समस्याएं प्रदेश सरकार के समक्ष उठाई जाएंगी। हिमाचल प्रदेश में इस बार किसानों को गेहूं के 150 रुपए अधिक दाम प्रदान किए जा रहे हैं। किसानों की 10 रुपए प्रति क्विंटल मजदूरी की समस्या का भी मौके पर समाधान कर दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष तरसेम सिंह सग्गी ने कहा कि पहले प्रदेश में पांच रुपए प्रति क्विंटल सफाई शुल्क-झरना लिया जाता रहा है। इस बार सीधे दस रुपए करने से किसानों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि साथ लगते राज्य हरियाणा में 5 रुपए शुल्क लिया जाता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में इसे दोगुना करना सही नहीं है।

इसके अलावा उन्होंने टेंडर प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। कृषि उपज मंडी समिति के अनुसार जिले के किसानों से फसल खरीद प्रक्रिया में दोनों खरीद केंद्रों में 21 झरने, 24 भार तोल कांटे, 140 तिरपाल, 1635 लकड़ी बेस, सैंपल किट, मास्चर मीटर, पेयजल व शौचालय सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई विभाग के माध्यम से पांवटा साहिब व धौलाकुआं केंद्रों में गेहूं खरीद होती है। दाम तय करना, मजदूरी अन्य सभी विषयों पर संबंधित विभाग किसानों के प्रति जवाबदेह रहता है।

# शिरगुल देवता की शोभायात्रा से आरंभ हुआ बैसाखी मेला



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेला रविवार को राजगढ़ में इस क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल देवता की शोभायात्रा के साथ आरंभ हुआ। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इससे पहले राजगढ़ स्थित मंदिर में शिरगुल देवता की पारंपरिक पूजा व हवन यज्ञ किया गया। इसमें उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने भाग लिया।

यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर पुराने बस स्टैंड होते हुए नेहरू मैदान तक पहुंची और वहां से वापस मंदिर लौट आई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु शिरगुल महाराज की जय के जयघोष के साथ झूमते रहे। तत्पश्चात उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बतौर मुख्य अतिथि नेहरू ग्रांउड में दीप प्रज्वलित करके मेले का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर में सभी विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले मेला समिति अध्यक्ष व एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और कहा कि तीन दिवसीय मेले के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएग। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी, तहसीलदार उमेश शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग पवन गर्ग, सहायक अभियंता हिमेंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार सुशांत कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# युवाओं को नशे से दूर रखने में सराहनीय पहल

## क्षेत्रीय विकास समिति टिम्बी का लोक उत्सव एवं खेलकूद कार्यक्रम का दूसरा संस्करण आज से

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

सिरमौर जिले के दुर्गम क्षेत्र शिलाई विधानसभा के अंतर्गत टिम्बी क्षेत्र में क्षेत्रीय विकास समिति टिम्बी के द्वारा क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बेहतर मंच देने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्रीय विकास समिति टिम्बी के सक्रिय पदाधिकारी ठाकुर कपिल शंकवान, राजेंद्र चौहान, कुलदीप शर्मा, जगपाल चौहान ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि इस वर्ष भी टिम्बी लोक उत्सव एवं खेलकूद कार्यक्रम का दूसरा संस्करण 14-15 अप्रेल को करवाया जा रहा है।

इसमें हर वर्ष की भांति कबड्डी और वॉलीबाल खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें कबड्डी ग्रामीण स्तर पर रहेगी और वॉलीबाल पंचायत स्तर पर आयोजित करवाई जाएगी। कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 55555 और द्वितीय पुरस्कार 22222, प्रवेश शुल्क 2500 वॉलीबाल में प्रथम पुरस्कार 31111, द्वितीय पुरस्कार 15111 जबकि प्रवेश शुल्क 2100 निर्धारित किया गया है।



समिति ने भविष्य में लड़कियों के लिए भी खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू करवाने का आश्वासन दिया तो वहीं जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश में (नशे) चिट्टे की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तो इसी परिप्रेक्ष्य में क्षेत्रीय विकास समिति टिम्बी ने निर्णय लिया है कि जो भी ऐसे खिलाड़ी खेलकूद में भाग लेंगे, उनको प्रतियोगिता से बाहर ही नहीं बल्कि हमारे गुप्त वॉलंटियर के जानकारी अनुसार पुलिस के हवाले भी किया जाएगा तो वहीं इस कार्यक्रम के साथ अगर कोई भी व्यक्ति नशा करते या नशे का कारोबार करते हुए पकड़ा जाता है तो समिति उनका भी पुरजोर विरोध करेगी, साथ ही इस वर्ष भी क्षेत्र का खास चेहरा मुख्यातिथि के रूप में बुलाया जाएगा। इसमें जैसे स्थानीय विधायक एवं हिमाचल प्रदेश में उद्योग संसदीय कार्य मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन तो वहीं स्थानीय पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर इत्यादि के द्वारा इस ऐतिहासिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाएंगे, साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवाओं में खासा उत्साह और इंतजार देखने एवं सुनने को मिलता है।

इस प्रतियोगिता को करवाने के लिए स्थानीय व्यापार मंडल, स्थानीय जनता, बुद्धिजीवियों, युवाओं इत्यादि सभी का सहयोग एवं मार्गदर्शन भी क्षेत्रीय विकास समिति टिम्बी को प्राप्त हो रहा है, जिनके प्रयासों से क्षेत्र समाज में एक सकारात्मक संदेश और युवाओं को स्थानीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को तराशने और निखारने का बेहतर मंच प्रदान कर रहा है।

बता दें कि क्षेत्र से अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने हिमाचल ही नही, बल्कि अनेक बार देश का नाम भी विश्वपटल पर गौरवान्वित करवाया है और यह कारवां वर्तमान में भी जारी है, जिसमें जैसे अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी ऋतु नेगी, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रियंका नेगी, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा, साक्षी शर्मा इत्यादि दर्जनों खिलाड़ी गिरिपार से संबंध रखते हैं। उम्मीद करते हैं कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्रीय विकास समिति टिम्बी इस खेलकूद प्रतियोगिता को पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ संपन्न करेंगी।

# जल के महत्व बारे लगाएं जागरूकता शिविर : खिमटा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में जलशक्ति अभियान केच द रेन 2024 के अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3672 पेयजल तथा सिंचाई योजनाएं बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिनमें से 2157 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 1515 पेयजल तथा सिंचाई योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह जानकारी सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा ने उपायुक्त कार्यालय में कैच द रेन अभियान के तहत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत अभी तक 27 करोड़ रुपए की राशि व्यय की गई। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल स्रोतों के रखरखाव, साफ सफाई तथा उसकी क्लोरीनेशन करना सुनिश्चित करें तथा इस अभियान के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत जल के महत्व बारे जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। इसके अलावा भी उन्होंने कई अन्य जानकारी भी दी।

# 3 मई से आयोजित होगा मां भंगायणी मेला, विस उपाध्यक्ष करेंगे उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में लोगों की धार्मिक आस्थाओं से जुड़ा मां भंगायणी मेला इस बार 3 से 5 मई तक आयोजित होगा जिसका उद्घाटन विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार करेंगे, जबकि मेले के समापन समारोह के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जा रहा है। मेले के आयोजन को लेकर हरिपुरधार में मेला कमेटी की बैठक आयोजित हुई। मेला कमेटी की सचिव बलवीर ठाकुर ने बताया कि इस बार भी इस वर्ष मां भंगायनी मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परंपरा अनुसार मेले समापन समारोह के लिए मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया जा रहा है और यदि किसी कारणवश मुख्यमंत्री मेले के समापन में नहीं पहुंचत हैं तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भी मेला कमेटी ने आमंत्रित करने का निर्णय लिया है।

**खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियां रहेंगी मुख्य आकर्षण का केंद्र**

मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होंगी जिसमें खेलकूद प्रतियोगिताओं के भीतर प्रदेश से बाहर की टीमें भी हिस्सा लेंगी। यहां पहुंचने वाली टीमों से कोई एंट्री शुल्क नहीं लिया जाएगा, साथ ही उन्हें खाने व रहने की भी मुफ्त सुविधा मिलेगी।

# श्रीहरि रथयात्रा से हरेक सुनेगा श्रीराम कथा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

एकल अभियान के सौजन्य से श्रीहरि मंदिर रथयात्रा अंचल राजगढ़ के सभी गांवों में पहुंच कर लोगों को श्रीराम कथा का श्रवण करवाएगी। इस अभियान की शुरुआत राजगढ़ के कोटली गांव से श्रीहरि मंदिर रथ की शोभायात्रा से की गई। इसमें अंचल राजगढ़ के अंतर्गत आने वाले 11 संच केंद्रों के आई महिलाओं ने भाग लिया। यह श्रीहरि रथ की शोभायात्रा कोटली से राजगढ़ बाजार होते हुए करीब 320 गांव के लिए रवाना हुई।

इस अभियान का शुभारंभ राजगढ़ व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष अरविंद राय, युवान फांउडेशन के अध्यक्ष विकल्प ठाकुर ने श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना करके किया। इस मौके पर विकल्प ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा और सुसंकारित बनाने के लिए भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 1986 में एकल अभियान आरंभ किया गया था और आज समूचे भारतवर्ष के गांव-गांव में इस अभियान की लौ पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्ता का विषय है कि अंचल राजगढ़ में संचालित किए जा रहे 320 एकल विद्यालयों के माध्यम से ग्रामीण परिवेश के बच्चों को गुणात्मक एवं आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। विकल्प ठाकुर ने बताया कि इस अभियान से राष्ट्र की एकता और अखंडता को बल मिलेगा ।



श्रीहरि रथ यात्रा से गांव-गांव में लोगों को सुनाई जाएगी श्रीराम कथा।

इस अभियान के मीडिया प्रभारी विनोद ने बताया कि श्रीहरि रथयात्रा राजगढ़ अंचल के सभी एकल विद्यालयों में पहुंचेगी, जहां पर लोगों को राम दरबार के दर्शन के अतिरिक्त श्रीराम कथा सुनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गांव-गांव में एकल विद्यालय खोलने का पंचमुखी उद्देश्य है, जिसमें सबसे प्रमुख उद्देश्य बच्चों को सुसंस्कारित बनाना है, ताकि वे देश व समाज के सच्चे नागरिक बन सकें। इसके अतिरिक्त चार अन्य उद्देश्य में प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य, ग्राम स्वाभिमान जागरण और ग्राम उत्थान है। इस मौके पर इस अभियान के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में इन्होंने लिया भाग

कार्यक्रम में महिंद्र शर्मा प्रभाग विकास प्रमुख, सुरेश शर्मा अध्यक्ष संस्कार शिक्षा संभाग, कपिल शर्मा रथ एसटीओ संभाग, दिनेश कुमार संभाग जागरण शिक्षा, अनिल ठाकुर अचंल अध्यक्ष, संजू राणा अंचल अभियान प्रमुख, अचंल टोली, संच मीरा कश्यप, समस्त आचार्य एकल विद्यालय ने भाग लिया।

**पर्व** — गुरुद्वारा में गुरमत समागमों समेत कवि दरबार का किया आयोजन, बाहरी राज्यों के श्रद्धालु भी पहुंचे

# गुरुद्वारा पांवटा साहिब में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

**अनंत ज्ञान, नाहन**

गुरु की नगरी पांवटा साहिब में आज खालसा पंथ के साजना दिवस यानी बैसाखी के महापर्व को बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां गुरुद्वारा परिसर में प्रात:काल अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत गुरुद्वारा में गुरमत समागमों समेत कवि दरबार का आयोजन किया जा रहा है।



इसमें सैकड़ों की संख्या में हिमाचल समेत साथ लगते राज्यों से श्रद्धालु भाग लेने पहुंच रहे हैं और गुरुद्वारा में नतमस्तक हो रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पांवटा साहिब के मैनेजर जागीर सिंह ने बताया कि सिखों के नौवें गुरु गुरुतेग बहादुर साहिब महाराज की जब दिल्ली में शहादत हुई तो उसके उपरांत गुरु गोबिन्द सिंह महाराज ने आज के दिन 1699 में आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की साजना की।

आज के दिन को देश भर में बड़े हर्षोउल्लास व उत्साह के साथ मनाया जाता है। आज गुरुद्वारा में हिमाचल समेत हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गुरुद्वारा में कीर्तन, ढाढ़ी दरबार और कवि दरबार आयोजित हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के रहने खाने पीने की सभी सुविधाएं जुटाई गई हैं ताकि किसी भी तरह की श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# डिमकी महादेव मंदिर में उमड़ी आस्था

**अनंत ज्ञान, नाहन**

बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर आज महर्षि मार्केंडेश्वर महादेव डिमकी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। पारंपरिक पालकी यात्रा का भव्य आयोजन बोहलियां मंदिर से आरंभ हुआ, जो भक्ति और श्रद्धा के अटूट बंधन के साथ डिमकी महादेव मंदिर तक पहुंची। इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक यात्रा में क्षेत्रीय विधायक अजय सोलंकी ने गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ भाग लिया। यात्रा मार्ग बोल बम के नारों और 'हर हर महादेव' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा, जिसने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।

स्थानीय लोक संस्कृति की मनमोहक धुनों और भक्तिमय भजन-कीर्तन ने इस यात्रा को जन-जन की आस्था का जीवंत प्रतीक बना दिया। धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत इस आयोजन के दौरान, मुख्य अतिथि विधायक अजय सोलंकी ने उपस्थित श्रद्धालुओं से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी विभिन्न जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप कई समस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया। इस अवसर पर विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि ऐसे पवित्र धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं।

**विधायक अजय सोलंकी ने लिया पालकी यात्रा में भाग**

उन्होंने कहा कि यह जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर होता है, जब वे सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को समझ सकते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भगवान सबको सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

# सैनिक कल्याण मंत्री ने सूबेदार की शहादत पर किया शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सूबेदार कुलदीप चंद की वीरगति पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सूबेदार कुलदीप चंद जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के विरुद्ध एक अभियान में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। सूबेदार कुलदीप चंद हमीरपुर जिले की नादौन तहसील के कोहलवीं गांव के निवासी थे। सूबेदार कुलदीप चंद 9 पंजाब रैजीमेंट में तैनात थे।

डॉ. शांडिल ने अपने शोक संदेश में कहा कि शहीद कुलदीप चंद को देश सेवा में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# डॉ. वर्मा के काव्य नाटक 'तपस्या' का मीरा वर्मा ने किया विमोचन



**अनंत ज्ञान, नाहन**

बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर जाने माने साहित्यकार डॉ. दीनदयाल वर्मा के काव्य नाटक तपस्या का आज रश्मि प्रकाशन की प्रबंधक निदेशक मीरा वर्मा द्वारा विमोचन किया गया। इस मौके पर कवि एवं साहित्यकार भी मौजूद रहे। साहित्यकार दीनदयाल वर्मा ने कहा कि यह काव्य संग्रह उनका तीसरा काव्य नाटक है। इससे पूर्व उनके दो काव्य नाटक गुरु दक्षिणा तथा प्रेम पुष्प प्रकाशित हो चुके हैं, जो काफी चर्चित रहे हैं।

देश के विभिन्न शहरों में इनका मंचन एवं रेडियो प्रसारण हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उनके नाटक गुरु दक्षिणा की प्रशंसा की है। उन्होंने बताया कि यह उनकी 12वीं पुस्तक है, जो प्रकाशित हुई है।

इस मौके पर दीनदयाल वर्मा ने कहा कि हिमाचल सरकार को अधिक से अधिक पुस्तकालय खोलने चाहिएं जिसमें हिमाचल के लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि अन्य शहरों के कवियों की पुस्तकें पुस्तकालय में मिलती हैं, जिस कारण हिमाचल के कवियों को आगे आने का मौका नहीं मिलता है। सुना है कि सरकार भाषा अकादमी को बंद कर रही है, जो कि न्याय संगत नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### पोषण पखवाड़े के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा पोषण पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए रविवार को सभी 450 आंगनबाड़ी केंद्रों में कई समुदाय आधारित पहल की गई। समय से पहले स्तनपान को बढ़ावा देने, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने और गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को सहायता प्रदान करने के लिए गृह भ्रमण किए गए। पोषण, स्वच्छता और शिशु देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए घर पर माताओं की बैठकें आयोजित की गईं। इन प्रयासों का उद्देश्य पोषण परिणामों में सुधार करना और जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाना है।

### शाहाबाद में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़

**अनंत ज्ञान, कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में एक सप्ताह के बीच फिर गोलियों की गूंज सुनाई दी। तीसरे ही दिन पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। गांव दामली कश्मीर आधी रात को सीआईए की टीम और दो बदमाशों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस ने भी पहले हवाई फायर किए और बदमाशों ने जब भगाने का प्रयास किया तो उनकी टांगों पर गोली मारी। इसके बाद दोनों को काबू कर लिया और उन्हें उपचार के लिए शाहाबाद के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र भेज दिया गया। यहां फिलहाल दोनों का उपचार चल रहा है। आरोपियों की पहचान राहुल वर्मा (रादौर) और इमरान उर्फ मलिक (सांधीपुर) जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। इनके पास से मोबाइल और बाइक मिली। बताया जा रहा है कि 5 दिन पहले ही शाहाबाद के एक पायलट सेंटर पर बदमाशों ने फायरिंग की थी। इन बदमाशों ने ही हथियार वह बाइक मुहैया करवाई थी। इसी सूचना के आधार पर ही सीआईए टीम बदमाशों के पीछे लगी हुई थी। जब पता लगा कि दोनों बदमाश हथियारों से लैस होकर गांव दामली कश्मीर घूम रहे हैं तो उन्हें कच्चे रास्ते में घेर कर काबू कर लिया।

### प्रधानमंत्री हिसार से देंगे प्रदेश को सौगात: कांडा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी हिसार की धरती से प्रदेश को करोड़ों रुपए की सौगात देंगे। गोबिंद कांडा रविवार को भाजपा व हलोपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री 14 फरवरी को हिसार में बने महाराजा अग्रेसन हवाई अड्डे का शुभारंभ करेंगे। साथ ही 3500 एकड़ भूमि पर बनने वाले इंडस्ट्रियल हब का निर्माण कार्य शुरू करवाएंगे। इंडस्ट्रियल हब बनने से हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी व साथ लगते जिलों के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हिसार अब देश के बड़े शहरों जयपुर, अहमदाबाद, जम्मू, दिल्ली व अयोध्या से सीधे वायुमार्ग से जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि सिरसा से करीब 200 बसों व सैकड़ों की संख्या में गाडियों के काफिले में लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने हिसार पहुंचेंगे।

### स्टंटबाजी करने वाले पांच युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** देहरादून के सहस्त्रधारा मार्ग पर स्कूटी से स्टंट कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवकों की स्कूटी भी सीज कर दी है। यह मामला एक अप्रैल का है, जब पांच युवक सहस्त्रधारा रोड पर स्कूटी से खतरनाक स्टंट कर रहे थे और उसका वीडियो बनाकर फेसबुक पर अपलोड कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर पुलिस ने पांचों युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 6.3 करोड़ का सोना बरामद

**मुंबई।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री के जूतों से 6.3 करोड़ रुपए मूल्य का सोना बरामद होने के बाद राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि सोना तस्करी गिरोह से जुड़े एक संभावित खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों ने बैंकॉक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे एक यात्री को रोका। तलाशी लेने पर उसके जूतों में छिपाकर रखा गया 6.7 किलोग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी कीमत 6.3 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### अमेरिका ने यूक्रेन में गैस-पाइपलाइन का मांगा कंट्रोल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन में एक अहम गैस पाइपलाइन पर कंट्रोल मांगा है। इससे यूक्रेन और अमेरिका के बीच मिनरल डील को लेकर तनाव और बढ़ गया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने अमेरिका की इस मांगा को गैरवाजिब दबाव बताया है। शुक्रवार को अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में यह मामला उठाया गया। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका चाहता है कि सरकारी एजेंसी इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन को यूक्रेन की इस प्रमुख प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का नियंत्रण दिया जाए। यह पाइपलाइन रूस के सुद्जा शहर से शुरू होकर यूक्रेन के उझहोरोद शहर तक जाती है। यह पाइपलाइन यूरोप तक रूसी गैस पहुंचाने का एक प्रमुख जरिया है।

### पाकिस्तान: बंदूकधारियों के हमले में 4 की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने आबकारी पुलिस के सचल दस्ते पर गोलीबारी की, जिसमें एक उपनिरीक्षक समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बंदूकधारियों ने नौशेरा जिले के तारू जब्बा में मुख्य जीटी रोड पर आबकारी पुलिस के सचल दस्ते को निशाना बनाया। गोलीबारी में एक उपनिरीक्षक, दो कांस्टेबल और एक चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इलाके में तलाश अभियान जारी है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने पुलिस को गोलीबारी में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# बिजली के दाम बढ़ाने पर आगबबूला हुई कांग्रेस

## भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन, पुतला फूंका

**अनंत ज्ञान, हरिद्वार**



उत्तराखंड की धामी सरकार द्वारा बिजली के बढ़ाए दामों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी और महानगर युवा कांग्रेस ने रविवार को चंद्राचार्य चौक पर भाजपा सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए प्रदर्शन कर पुतला फूंका।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश कहलाने वाले उत्तराखंड में धामी सरकार द्वारा लगातार बिजली की दरों में भारी वृद्धि कर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी अप्रैल माह में धामी सरकार द्वारा बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई और इस वर्ष भी अप्रैल माह के शुरुआत में ही एक बार फिर से बिजली के दामों में भारी वृद्धि की गई है, जो कि जनहित में न्यायोचित नहीं है। बिजली की दरों में बढोत्तरी के राज्य सरकार के निर्णय से पहले से ही महंगाई की मार झेल रही प्रदेश की जनता पर दोहरी मार पड़ेगी।

युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सागर बेनीवाल और यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल प्रधान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017 से 2025 के मध्य 8 वर्ष के अंतराल में बिजली के दामों में लगभग 45 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि की गई है। इसके विपरीत आम जरूरत की चीजों के दामों में कई गुना वृद्धि पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। रसोई गैस, पेट्रोलियम पदार्थ तथा खाद्य पदार्थों के लगातार बढ़ रहे दामों के बाद अब राज्य सरकार द्वारा बिजली की दरों में भारी वृद्धि कर जनता को महंगाई के बोझ से लादने का काम किया जा रहा है। मध्य हरिद्वार ब्लॉक के अध्यक्ष विकास चंद्रा और महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अंजू द्विवेदी ने कहा कि जहां एक ओर अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों की बिजली भी महंगी होने से शिक्षा महंगी होने का अंदेशा है, वहीं किसानों के नलकूपों के लिए बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी पहले से कर्ज के बोझ से दबे किसानों की कमर तोड़ने जैसा है। उन्होंने मांग की कि जनहित को देखते हुए सभी प्रकार की विद्युत दरों में की गई वृद्धि के निर्णय को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

## मुख्यमंत्री धामी ने सुरेश्वरी देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, हरिद्वार।** हरिद्वार दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भेल के समीप राजाजी राष्ट्रीय पार्क स्थित सिद्धपीठ सुरेश्वरी देवी मंदिर पहुंच कर दर्शन किया तथा मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर के प्रांगण में ध्वजा भी चढ़ाई गई। मंदिर प्रांगण में मां सुरेश्वरी देवी मंदिर के पदाधिकारियों और शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ और पटका पहनाकर का स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष नंद किशोर, मंत्री आशीष मारवाड़ी, राज्य मंत्री डॉ. जयपाल सिंह चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद महाराज, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, अभिनव कृति पाल, राकेश चाकलान, श्रीमती कमलेश, वैभव शर्मा, अंकित गोस्वामी, विजय वर्मा, आशीष भक्त आदि मौजूद थे।



## कैबिनेट मंत्री सिरसा और संजय टंडन ने गुरुद्वारे में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर रविवार को पीजीआई चंडीगढ़ स्थित गुरुद्वारा परतख दर्शन पातशाही 6वीं साहिब में स्वयंसेवी संस्था नौफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी.) द्वारा श्री अखंड साहिब पाठ का भोग व कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंद्र सिंह सिरसा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

संस्था के अध्यक्ष स. सुखदेव सिंह और गुरमीत सिंह ने दोनों मेहमानों का सिरोपा डाल कर और कृपाण भेंट कर भव्य स्वागत किया। इसी दौरान वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाइजेशन के रविंद्र पठानिया, राजपाल डोगर, संजीव ग्रोवर, अमित राणा, सुरेश राणा, राकेश शर्मा और नितेश रतन ने सिरसा और टंडन को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के ओएसडी डॉ. वरिंदर गर्ग ने भी मुख्य मेहमानों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में सिरसा ने बैसाखी के पर्व की सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि सिक्खों के दसवें गुरु साहिबान ने धर्म की रक्षा की खातिर पवित्र स्थल श्री आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। दूसरा आज ही के दिन हमारे देश के किसान फसलों की कटाई भी शुरू करते हैं। उपस्थिति को संबोधित करते हुए टंडन ने भी सभी लोगों को बैसाखी की बधाई दी और कहा कि यह त्योहार समृद्धि और प्रचुरता का प्रतीक है। आज ही के दिन लोग जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं।

# मंडी में किसानों की फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करें अधिकारी: सीएम सैनी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि अगर किसी अनाज मंडी में किसान की सरसों या गेहूं भीगती है तो हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कुछ समाचार पत्रों में नाथूसरी चौपटा, सिरसा और नारनौंद की अनाज मंडियों में किसानों की फसलें भीगने से संबंधित खबरों पर स्वयं संज्ञान लेते हुए कहा है कि जब किसान की फसल मंडी में पहुंच जाती है तो हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की जिम्मेदारी बन जाती है कि उनकी फसल की बारिश आदि से सुरक्षा सुनिश्चित हो।

उन्होंने उक्त मंडियों में सरसों एवं गेहूं की फसलों को भीगने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जो अधिकारी एवं कर्मचारी इसके लिए दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इस मामले के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके 15 अप्रैल तक उनको जानकारी दी जाए कि अधिकारी इस मामले का समाधान करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम के बारे में नजर रखी जाए और मंडी में आने वाली फसल की सुरक्षा की अग्रिम तैयारी की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार का नुकसान न हो। (अनंत ज्ञान)

## हरियाणा: बहादुरगढ़ में फुटवियर पार्क की फैक्टरी में भयंकर आग

**अनंत ज्ञान, बहादुरगढ़।** बहादुरगढ़ के सेक्टर 17 स्थित फुटवियर पार्क में रविवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच फैक्ट्रियां प्रभावित हुईं। आग सबसे पहले फैक्टरी नंबर 158 में लगी, जिसके बाद इसने आसपास की चार अन्य फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। फैक्टरी नंबर 155 से 159 तक इस आग का असर देखा गया है।

सूचना मिलने के बाद, बहादुरगढ़ से चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, एक सापला से और एक रोहतक से कुल छह फायर गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुटी हैं। दमकल कर्मी आग को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन फैक्ट्रियों में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग बुझाने में समय लग रहा है।

# अब चंडीगढ़ में मिलेगा कनाडा का फ्राइड एमबी ब्रांड चिकन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



कैनेडा के प्रतिष्ठित फ्राइड चिकन ब्रांड एमबी चिकन के पहले रेस्टॉरेंट की शुरुआत रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 35सी मार्केट में हुई। एमबी चिकन फ्रेश फ्राइड चिकन और अपनी स्पेशल तकनीक वाली किचन का डिलिशियस चिकन का स्वाद देने के लिए जाना जाता है।

रेस्टॉरेंट के उद्घाटन के लिए कनाडा से आये एमबीआई ब्रांड्स के सीईओ ग्रेगरी रॉबर्ट्स और एमबी चिकन के प्रेजिडेंट कैमरन थॉमसन ने उद्घाटन करते हुए बताया कि एमबी चिकन की शुरुआत साल 1969 में हुई थी। करीब 55 साल से ज्यादा की लिगेसी के साथ 300 से ज्यादा रेस्टोरेंट में हम अपने उपभोक्ताओं को फ्रेश फ्राइड चिकन का स्वाद दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम भारत में गुड़गांव, दोराहा और जालंधर में भी जल्द ही हम अपने रेस्टोरेंट शुरू करेंगे। हमारा लक्ष्य सिर्फ एक है कि लोगों को फ्रोजन नहीं बल्कि बिलकुल फ्रेश फ्राईड चिकन का स्वाद दे सकें। हम उन लोगों से चिकन लेते हैं जो स्टैंडर्ड्स पर खरे उतरते हैं और करीब 100 सालों से लोगों को चिकन मुहैया करवा रहे हैं। हमारी सबसे बड़ी खासियत है कि हम चिकन को फ्रिज नहीं करते, बल्कि फ्रेश चिकन को मेरिनेट करके तुरंत अपने उपभोक्ताओं को मुहैया करवाते हैं।

## देश-विदेश

# दो साल में 10 लाख करोड़ की राजमार्ग परियोजनाएं शुरू करेगी सरकार: गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्र** सरकार देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए अगले दो साल में 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देंगे, जहां की सड़कें अमेरिका की सड़कों के समान होंगी।

गडकरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि केंद्र सरकार अगले दो साल में देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए काम कर रही है, ताकि यह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के बराबर हो। उन्होंने कहा कि हम अगले दो साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आने वाले दो साल में पूर्वोत्तर के राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के बराबर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कठिन भूभाग और सीमाओं से निकटता को देखते हुए यहां सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। हमारा प्रयास देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाना है, ताकि यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढांचे के बराबर हो जाए।

## हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने ट्रंप के खिलाफ किया केस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया है। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकने की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डॉलर के फंड की समीक्षा कर रहा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया है कि ट्रंप का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रंप प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की है।

# रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर दागीं मिसाइलें, 21 से अधिक लोगों की मौत

**एजेंसी, कीव**



**यूक्रेन** के सूमी शहर में रूस के मिसाइल हमले में 21 से अधिक लोगों की मौत हो गई। शहर के कार्यवाहक महापौर ने बताया कि स्थानीय निवासी रविवार को जब 'पाम संडे' मनाने के लिए एकत्र हुए थे तब बैलिस्टिक मिसाइल से यह हमला हुआ।

महापौर अर्टेम कोबजर ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि पाम संडे के अवसर पर हमारे लोगों को भयावह त्रासदी का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य से 21 से अधिक लोगों की मौत हो गई है।

## इसराइल ने गाजा में हवाई हमले कर अस्पताल को बनाया निशाना

**गाजा।** इसराइल ने सेंट्रल गाजा में हवाई हमले किए हैं। इन हमलों की चपेट में स्थानीय अस्पताल भी आ गया। अल-अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल के कर्मचारियों के मुताबिक, परिसर के भीतर एक बिल्डिंग पर दो मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में इमरजेंसी और रिसेप्शन डिपार्टमेंट पूरी तरह तबाह हो गया है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा: वक्फ कानून का विरोध जारी, 12 और गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इलाके में तीन लोगों की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य लोग घायल हुए थे। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुस्लिम बहुल जिले में कहीं से भी हिंसा की कोई नई घटना सामने नहीं आई है। सुरक्षा बल कड़ी निगरानी रख रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले के सुती, धुलियान, समसेरगंज और जंगीपुर इलाकों में स्थिति शांतिपूर्ण है। दोषियों को ढूंढ निकालने के लिए रातभर छापेमारी की गई। इस दौरान 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही अब तक 150 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# वक्फ विधेयक पारित होते ही भड़काई गई हिंसा: योगी

**एजेंसी, लखनऊ**



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों खासतौर पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि जब से वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तभी से इसके खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है।

यह बात लखनऊ में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की प्रदेश कार्यशाला में लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आश्चर्य होता है कि यह वही देश है, जिसमें वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन कब्जा ली गई है, उनके (कब्जा करने वालों के) पास कोई कागज नहीं, कोई राजस्व का रिकॉर्ड नहीं है और जब से (वक्फ) संशोधन विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तो इसके लिए हिंसा भड़काई जा रही है।

योगी ने कहा कि पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं की उनके घरों से खींचकर हत्या कर दी गई। ये सब कौन हैं, ये वही दलित, वंचित और गरीब हैं जिसको इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है।

## न्यूयॉर्क में प्लेन क्रैश, 1 की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में एक प्राइवेट प्लेन क्रैश हो गया। ट्विन इंजन वाले इस प्लेन में दो लोग सवार थे। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई है। हादसा कोलंबिया काउंटी के कोपेक इलाके के पास हुआ, जहां प्लेन कीचड़ भरे खेत में क्रैश हो गया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, विमान कोलंबिया काउंटी एयरपोर्ट (हडसन के पास) की ओर जा रहा था। हालांकि, एयरपोर्ट से करीब 30 मील दूर ही लेकिन कोपेक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोलंबिया काउंटी की अंडर शेरिफ जैकलीन साल्वाटोर ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि कीचड़, खराब मौसम और बर्फ के चलते राहत और बचाव टीमों को मौके तक पहुंचने में काफी दिक्कत आ रही है।

# ऑनलाइन ठगी की 95 फीसदी रकम बैंकों ने उपभोक्तओं को नहीं लौटाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**साइबर** स्पेस में ऑनलाइन ठगी का शिकार होने वालों को बैंकिंग सिस्टम भी छका रहा है। पिछले 3 साल में साइबर ठगी का शिकार होने से बची 87.88 करोड क्रुपए की राशि में से सिर्फ 4 करोड़ 15 लाख रुपए यानी महज 95 फीसदी ही उपभोक्ताओं को वापस मिल पाए हैं, बाकी रकम बैंकों में कोर्ट के आदेशों के इंतजार में ब्लॉक पड़ी है।

डिजिटल पेमेंट पर एक संसदीय रिपोर्ट के अनुसार, साइबर ठगी की कुल रकम में से कम से कम 10 फीसदी पकड़ ली जाती है, लेकिन वह उपभोक्ता को वापस नहीं मिल पाती। आधिकारियों ने कहा कि डिजिटल फ्रॉड की रकम कोर्ट के आदेश से ही वापस की जा सकती है। एक समस्या यह भी है कि साइबर फ्रॉड और वैध पेमेंट के बीच फर्क करना मुश्किल पड़ता है, क्योंकि फ्रॉड करने वाले असली और फ्रॉड ट्रांजेक्शन मिलाकर करते हैं। दूसरा, बैंक और वित्तीय संस्थाएं ब्लॉक की हुई रकम से फ्रीज हटाने में आनाकानी करती हैं। संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में 547 करोड़ की साइबर ठगी में से 3 करोड़ 64 लाख रुपए की रकम बैंकों ने ब्लॉक कर दी, लेकिन एक पाई भी उपभोक्ताओं को वापस नहीं मिली।

### दो साल में 128 फीसदी बढ़ी फ्रॉड की घटनाएं

**पिछले** दो साल में ही साइबर फ्रॉड की घटनाओं में 128 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इन दो वर्षों में साइबर ठगी की रकम 2,296 करोड़ से बढ़कर 5,574 करोड़ रुपए हो गई है यानी इसमें 243 फीसदी का इजाफा हुआ है। साइबर फ्रॉड के नए मॉडलों के बारे में गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि बैंकों के वर्चुअल अकाउंट्स का फ्रॉड में इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। बैंकों के करंट अकाउंट या एस्क्रो अकाउंट से अनेक वर्चुअल अकाउंट्स खोल लिए जाते हैं। कानून लागू करने वाली एजेंसियों को उनके लेनदेन की कोई जानकारी नहीं होती। निवेश घोटालों और कर्ज घोटालों में इन वर्चुअल अकाउंट का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है।

## बिलावल भुट्टो को फिर बनाया पार्टी अध्यक्ष

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी एक बार फिर पार्टी अध्यक्ष बन गए हैं।



बिलावल अगले 4 साल तक इस पद पर रहेंगे। इस्लामाबाद में पार्टी हेडक्वार्टर में हुए चुनाव के बाद यह फैसला किया गया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष के अलावा दूसरे पदों के लिए भी चुनाव हुए। हुमायूं खान को पार्टी का महासचिव और नदीम अफजल चन को सूचना सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आमना पिराचा को वित्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

# भारत-अमेरिकी सेनाओं ने जल थल आक्रमण का किया प्रदर्शन



**एजेंसी, काकीनाडा**

**आंध्र** प्रदेश में 'टाइगर ट्रायम्फ 2025' अभ्यास के समुद्री चरण के नाटकीय समापन में भारतीय और अमेरिकी सशस्त्र बलों ने काकीनाडा के तट पर एक उच्च-तीव्रता वाले उभयचर हमले को अंजाम दिया। हमले में आईएनएस जलाश्व और यूएसएस कॉम्स्टॉक की शक्तिशाली संयुक्त तैनाती के माध्यम से नकली दुश्मन की सुरक्षा को सफलतापूर्वक भेद दिया गया। इस जटिल युद्धाभ्यास में भारतीय सेना के इंफेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स (बीएमपी) और यूएस मरीन कॉर्प्स लाइट आर्मर्ड व्हीकल्स (एलवी) को लैंडिंग क्राफ्ट मैकेनाइज्ड (एलसीएम) और लैंडिंग क्राफ्ट एयर कुशन (एलसीएसी) के माध्यम से तट पर उतारा गया।

## मध्य प्रदेश में जुलूस पर पथराव, 9 गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना शहर में हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान पथराव किए जाने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कर्नलगंज इलाके में एक मस्जिद के पास शनिवार शाम करीब सात बजकर 45 मिनट पर हुई, जब दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। इसके बाद अधिकारी स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर ने बताया कि पथराव में संलिप्त लोगों में से आठ-नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोप तय किए जाएंगे।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
349




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
12



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 04 | 04 | 00 | 08 |
| 2. | गुजरात | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 3. | लखनऊ | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 4. | बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 5. | कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 06 |
| 6. | पंजाब | 05 | 03 | 02 | 06 |
| 7. | राजस्थान | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 8. | हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 9. | मुंबई | 05 | 01 | 04 | 02 |
| 10. | चेन्नई | 06 | 01 | 05 | 02 |

## स्पोर्ट्स विंडो


### यूक्रेन-स्पेन ने बिली जीन किंग कप के फाइनल्स के लिए किया क्वालीफाई



**रेडोम (पोलैंड)।** एलिना स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की जिल टीचमैन को 6-4, 6-2 से हराया, जिससे यूक्रेन पहली बार बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बनाने में सफल रहा। यूक्रेन ने स्विट्जरलैंड को 2-1 से पराजित किया और इस तरह से ग्रुप ई में शीर्ष पर रहते हुए सितंबर में चीन के शेन्ज़ेन में होने वाले फाइनल्स में प्रवेश किया। स्पेन ने भी फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। जेसिका बौज़स मनेरियो ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर स्पेन को 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। बर्नार्डा पेरा ने डेनमार्क की जोहान स्वेनडसेन को हराकर अमेरिका को ग्रुप सी में 2-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका का अगला मुकाबला मेजबान देश स्लोवाकिया से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली टीम फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी।जापान की मोयुका उचिजिमा ने ग्रुप ए में रोमानिया की एंका टोडोनी को 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। जापान का अगला मुकाबला कनाडा से होगा जिससे फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का निर्धारण होगा।

### अश्विन-प्रीति की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन और प्रीति नारायण की कैमिस्ट्री काफी शानदार है। दोनों हर तरह से एक-दूसरे को सपोर्ट करते हैं। अश्विन ने न केवल मैदान पर कई विकेट लिए हैं, लेकिन प्रीति नारायण वह लड़की है, जिन्होंने इस स्पिनर को क्लीन बोल्ड किया।



**आईपीएल** कोहली ने लगाई 100वीं टी-20 फिफ्टी; सॉल्ट ने 65, यशस्वी ने बनाए 75 रन

# बेंगलुरु ने राजस्थान को 9 विकेट से हराया



शॉट खेलने के बाद रन लेता जायसवाल।

**एजेंसी, जयपुर**

आरसीबी ने विराट कोहली और फिल सॉल्ट के अर्द्धशतकों की मदद से राजस्थान रॉयल्स को 9 विकेट से हराया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी ने 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर मैच जीत लिया।

आरसीबी के लिए सॉल्ट ने 33 गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 65 रन बनाए, जबकि कोहली 45 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 62 रन बनाकर नाबाद लौटे। इनके अलावा इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सॉल्ट और कोहली ने आरसीबी को तेज शुरुआत दिलाई, जिससे टीम ने पावरप्ले में ही बिना किसी नुकसान के 60 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था। कोहली और सॉल्ट आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे, जिससे आरसीबी का स्कोर छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 65 रन हो गया था। कोहली और सॉल्ट के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई जिसे कुमार कार्तिकेय ने सॉल्ट को आउट कर तोड़ा। इसके बाद कोहली ने पडिक्कल के साथ पारी आगे बढ़ाई और रन गति को धीमे नहीं पड़ने दिया।



कोहली ने इस दौरान अर्द्धशतक पूरा किया। वह टी20 में 100 पचासा लगाने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली का इस आईपीएल सीजन का यह तीसरा पचासा है। उन्होंने पडिक्कल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 83 रनों की अविजित साझेदारी की। पडिक्कल ने इस दौरान आरसीबी के लिए 1000 रन पूरे किए। वह कोहली के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। राजस्थान के लिए एकमात्र विकेट कार्तिकेय ने लिया, जबकि अन्य गेंदबाज खाली हाथ रहे।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा ब. हेजलवुड | 75 | 47 | 10/2 |
| सैमसन क. जितेश ब. क्रुणाल | 15 | 19 | 1/0 |
| पराग क. कोहली ब. दयाल | 30 | 22 | 3/1 |
| ध्रुव (नाबाद) | 35 | 23 | 2/2 |
| हेटमायर क. पडिक्कल ब. भुवनेश्वर | 09 | 08 | 1/0 |
| राणा (नाबाद) | 04 | 01 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 05 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **173/4** | | |

**विकेट पतन :** 1-49, 2-105, 3-126, 4-169.

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-32-1, दयाल 4-0-36-1, हेजलवुड 3-0-26-1, क्रुणाल 4-0-29-1, लिविंगस्टन 1-0-8-0, सुयश 4-0-39-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट क. जायसवाल ब. कार्तिकेय | 65 | 33 | 5/6 |
| कोहली (नाबाद) | 62 | 45 | 4/2 |
| पडिक्कल (नाबाद) | 40 | 28 | 5/1 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (17.3 ओवर)** | **175/1** | | |

**विकेट पतन :** 1-92.

**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-36-0, देशपांडे 2-0-20-0, संदीप 2.3-0-29-0, तिक्षणा 2-0-21-0, कार्तिकेय 3-0-25-1, हसरंगा 3-0-33-0, पराग 1-0-10-0.

# रोहित शर्मा फिर हुए फ्लॉप



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल का 29वां मैच रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। दिल्ली कैपिटल्स के फाफ डु प्लेसिस इंजरी के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं।

पहले बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा और रयान रिकेलटन ने पावरप्ले में तेज शुरुआत की। रोहित शर्मा रविवार को खेले गए मैच में फ्लॉप साबित हुए और उन्हें विप्रज निगम ने (18) रन के स्कोर पर पगबाधा आउट कर दिया। उसके बाद रिकेलटन ने पारी को संभाला और 35 गेंदों में 41 रन बनाकर चलते बने। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड किया।

समाचार लिखे जाने तक मुंबई ने 10 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 94 रन बना लिए थे। सूर्यकुमार यादव (19) और तिलक वर्मा (12) रन बनाकर खेल रहे थे।

# राहुल द्रविड़ को व्हील चेयर पर देख मिलने पहुंचे विराट

**एजेंसी, जयपुर**



राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक मुलाकात ने सभी का दिल जीत लिया। रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2025 मुकाबले से पहले विराट कोहली और राहुल द्रविड़ की दिल छू लेने वाला मीटअप हुआ।

द्रविड़ इस सीजन में राजस्थान फ्रेंचाइजी के हेड कोच की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन सीजन शुरू होने से पहले ही वे अपने बेटे के साथ एक लोकल क्लब में खेलते हुए चोटिल हो गए, जिसकी वजह से वे व्हील चेयर पर हैं। मुकाबले से पहले विराट कोहली 'द वॉल' राहुल द्रविड़ के सामने एक पैर पर झुककर उन्हें गले लगाते नजर आए। दोनों ही टीमें मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में व्यस्त हैं, लेकिन विराट कोहली ने जैसे ही भारतीय क्रिकेट के दिग्गज को देखा, तुरंत ही दौड़ते हुए आए और राहुल द्रविड़ से मिलने के लिए जमीन पर बैठ गए। राजस्थान रॉयल्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से इस भावुक पल का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ''चाहे आप छोटे हों या नंबर 18, पहले तो राहुल भाई से ही मिलना है।''

द्रविड़ ने भी हाई वोल्टेज मैच से पहले कोहली को गले लगाया और दोनों के बीच हंसी-मजाक और गर्मजोशी देखने को मिली। इन दो आधुनिक दौर के दिग्गजों की दोस्ती और पुराने दिनों की यादों ने फैंस को भी भावुक कर दिया।

# सिद्धू बोले-'प्राइड ऑफ इंडिया' है अभिषेक

**एजेंसी, चंडीगढ़**



आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने किंग्स इलेवन पंजाब को करारी शिकस्त दी है। इस मैच के हीरो अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने मात्र 40 गेंदों में 100 रन बनाए हैं। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अभिषेक को 'प्राइड ऑफ इंडिया' कहा है। सिद्धू ने कहा कि जैसा गुरु वैसा चेला। यह खेल का एक अलग स्किल लेवल था। उन्होंने कहा कि अभिषेक लंबे अरसे तक भारत के लिए खेलेगा। मैच के बाद सिद्धू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक वीडियो शेयर कर अभिषेक के बारे में कहा कि वह ज्वालामुखी बनकर आज फटे हैं। युवराज सिंह उनके गुरु हैं, जैसा गुरु वैसा चेला। अभिषेक ने एक असंभव कार्य को संभव कार्य करके दिखाया।

# लुकास ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में तैराकी का बनाया विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी, स्टॉकहोम**

ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने 'स्विम ओपन स्टॉकहोम' में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने शनिवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकेंड में पूरी की जिससे वह 3 मिनट 40 सेकेंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए। 23 वर्षीय मार्टेंस ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 3.41.78 के समय के साथ 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार उन्होंने इस तरह 2009 में जर्मनी के साथी पॉल बिडरमैन द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को 0.11 सेकेंड तोड़ दिया।

# बार्सिलोना ने करीबी जीत से ला लिगा में बढ़त की मजबूत



**एजेंसी, बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने रेलीगेशन (दूसरी डिवीजन में खिसकने) का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ, जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज ने अपने ही नेट में डाल दिया। इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं, जबकि रियाल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में एस्पेनयॉल ने स्ट्राइकर रॉबर्टो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत हासिल की, जबकि साइल लारिन और सेर्गी डार्डर के गोल की मदद से मैलोर्का ने सैन सेबेस्टियन में रियाल सोसिदाद को 2-0 से हराया। एक अन्य मैच में लास पालमास ने गेटाफे को 3-1 से हरा कर साल की अपनी पहली जीत दर्ज की।

# युवराज व सूर्यकुमार ने किया प्रोत्साहित : अभिषेक

**एजेंसी, हैदराबाद**



अपने रिकॉर्ड शतक से फॉर्म में वापसी करने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इसका श्रेय अपने मार्गदर्शक युवराज सिंह और भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को दिया जिन्होंने खराब दौर में उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शनिवार को यहां 55 गेंद पर 141 रन की तूफानी पारी खेली जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने 246 रन के लक्ष्य को बौना साबित करके पिछले चार मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म किया। यह आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हालांकि, स्वीकार किया कि उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था। सनराइजर्स की टीम को छह दिन का ब्रेक मिला था लेकिन अभिषेक इनमें से चार दिन बुखार से पीड़ित रहे। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद एक पर्ची अपनी जेब से निकाली जिस पर लिखा था, 'यह पारी ऑरेंज आर्मी (सनराइजर्स के समर्थक) को समर्पित है। अभिषेक में मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो जब भी मैं सुबह जागता हूं तो कुछ न कुछ लिखता हूं। आज मेरे मन में ऐसा ही विचार आया कि अगर मैं कुछ खास करता हूं तो उसे ऑरेंज आर्मी को समर्पित करूंगा। सौभाग्य से आज का दिन मेरा था।''

उन्होंने कहा कि जब वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो युवराज और सूर्यकुमार लगातार उनका हौसला बढ़ा रहे थे। अभिषेक ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैं चार दिन से बीमार था। मुझे बुखार था, लेकिन मैं खुशनसीब हूं कि मेरे आसपास युवराज सिंह और सूर्यकुमार जैसे लोग हैं जो लगातार फोन करके मेरा हौसला बढ़ाते रहे।'' अभिषेक का इस पारी के दौरान भाग्य ने भी साथ दिया और उन्होंने स्वीकार किया कि उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था।

**आईपीएल** सीएसके को मुश्किल दौर से निकाल सकते हैं महेंद्र सिंह धोनी

# लखनऊ के खिलाफ हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब चेन्नई

**एजेंसी, लखनऊ**



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा।

सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाए हैं, जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार 3 मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है। सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं, लेकिन रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है।

सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है। उनकी टीम में 'पावर-हिटर' की कमी भी चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि पावरप्ले में 60 रन बनाने का लक्ष्य भी उनके लिए बहुत महत्वाकांक्षी है। वहीं मेजबान टीम लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार चौथी जीत की तलाश में होगी। टीम ने अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के बाद टूर्नामेंट में जरूरी निरंतरता हासिल की है। मुख्य तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता की शुरुआत में उनकी गेंदबाजी सबसे कमजोर कड़ी थी लेकिन शनिवार को गुजरात टाइटंस पर जीत हासिल करने में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई।

आवेश खान, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाजों ने जिस तरह से गुजरात टाइटंस की शानदार शुरुआत के बाद लगाम कसी, यह देखना शानदार था।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मारक्रम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दूबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम करन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

# मैनचेस्टर सिटी ने शानदार वापसी की, आर्सेनल ने ड्रॉ खेला मैच



**एजेंसी, मैनचेस्टर**

मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके क्रिस्टल पैलेस को 5-2 से हराया जिससे उसकी टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर पहुंच गई। क्रिस्टल पैलेस की टीम ने 21 मिनट तक दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन इसके बाद मैनचेस्टर सिटी ने दमदार वापसी की। उसकी तरफ से पहला गोल केविन डी ब्रुइन ने किया।

मैनचेस्टर सिटी की तरफ से ब्रूइन के अलावा पहले हाफ में उमर मार्मौश और माटेओ कोवासिक ने गोल किए। जेम्स मैकएटी ने चौथा और निको ओरेली ने पांचवा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में चेल्सी और न्यूकैसल से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वह तीसरे स्थान पर मौजूद नॉटिंघम फॉरेस्ट से दो अंक पीछे है, जिसे एवर्टन ने 1-0 से हराया। एक अन्य मैच में एस्टन विला पहले से ही दूसरी डिवीजन में खिसक चुके साउथेम्प्टन को 3-0 से हरा कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया। इस बीच दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल को ब्रेंटफोर्ड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया, जिससे वह पहले स्थान पर चल रहे लिवरपूल से 10 अंक पीछे हो गया है।